
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 111
लखनऊ, रविवार 08 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बेटी के सम्मान की रक्षा डबल इंजन सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री योगी 03
सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी : राजनाथ 12

### सीएम ने मेला क्षेत्र में 25,000 बेड की क्षमता वाले 100 सार्वजनिक आश्रय स्थलों का किया उद्घाटन

# तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हम प्रतिबद्ध

**सरकार ने 25,000 बेड की कुल क्षमता वाले सार्वजनिक आश्रय स्थलों की व्यवस्था की**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए हरसंभव प्रयास कर रही है। योगी सरकार श्रद्धालुओं के ठहराव और उनकी सुरक्षा के लिए का पूरा ध्यान रख रही है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेला क्षेत्र में 25,000 बेड की क्षमता वाले 100 सार्वजनिक आश्रय स्थलों का उद्घाटन किया। इसके साथ-साथ महाकुम्भ मेला क्षेत्र में कम्प्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र की भी शुरुआत की गई।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ जैसे भव्य आयोजन के दौरान तीर्थयात्रियों और आगंतुकों की भारी संख्या को देखते हुए सार्वजनिक आश्रय स्थलों की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। परम्परागत रूप से तीर्थयात्री और साधु-संत खुले स्थानों या परिसंचरण क्षेत्रों में समय बिताते हैं, जिससे सर्द मौसम में उनके लिए कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने 25,000 बेड की कुल क्षमता वाले सार्वजनिक आश्रय स्थलों की व्यवस्था की है। इन आश्रय स्थलों का उद्देश्य तीर्थयात्रियों को न केवल आरामदायक और सुरक्षित ठहराव प्रदान करना है, बल्कि उनकी यात्रा को सुलभ और सुविधाजनक भी बनाना है। आधुनिक सुविधाओं से लैस सभी आश्रय स्थलमहाकुम्भ के लिए तैयार किए गए सार्वजनिक आश्रय स्थलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इनमें प्रत्येक आश्रय स्थल पर 250 बेड की क्षमता होगी। बेड के साथ गद्दे, तकिए और साफ चादरें उपलब्ध कराई जाएंगी। पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था की गई है। इन स्थलों में नियमित सफाई, जिसमें चादरों का परिवर्तन शामिल है, सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, स्वच्छ पेयजल और चौबीस घंटे सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। इन सुविधाओं का उपयोग श्रद्धालु नाममात्र शुल्क पर कर सकेंगे, जिससे महाकुम्भ में सभी वर्गों के लोगों को ठहरने का विकल्प मिलेगा। श्रद्धालुओं को बेहद सस्ता और सुलभ होगा सार्वजनिक आश्रय स्थलसार्वजनिक आश्रय स्थलों के उपयोग के लिए शुल्क की व्यवस्था सरल और सुलभ रखी गई है।

सामान्य दिनों में, श्रद्धालुओं को पहले दिन के लिए 100 रुपये और दो दिन रुकने पर पहले दिन 100 रुपये और दूसरे दिन 200 रुपये का भुगतान करना होगा। मुख्य स्नान पर्व और उसके आसपास के दिनों में, यह शुल्क पहले दिन के लिए 200 रुपये और दो दिन के ठहराव के लिए पहले दिन 200 रुपये और दूसरे दिन 400 रुपये होगा। श्रद्धालु नकद या डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें टिकट जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से उन तीर्थयात्रियों के लिए है, जो होटल, गेस्ट हाउस या निजी शिविर का खर्च नहीं उठा सकते। इन सार्वजनिक आश्रय स्थलों से न केवल उनकी यात्रा किफायती बनेगी, बल्कि वे सर्द मौसम में आराम और सुरक्षा का अनुभव भी कर सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी', जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर गणेश केसरवानी समेत मेला अधिकारी विजय किरण आनंद एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**शानदार तरीके से महाकुम्भ की ब्रांडिंग करें कार्यकर्ता**

संगमनगरी में 13 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा एवं महाकुम्भ की तैयारियों के निरीक्षण के लिए आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ भेंट कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत स्वच्छ प्रयागराज के साथ करें और महाकुम्भ की ब्राडिंग भी शानदार तरीके से कार्यकर्ता करें। उन्होंने फूलपुर उप विधानसभा चुनाव की कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए कहा कि यूपी विधानसभा का चुनाव हमारे लिए चुनौती पूर्ण रहा और उस चुनौती को कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम के बल पर पूरा किया। महाकुम्भ से पहले जीत का स्वाद दिलाकर शानदार तरीके से महाकुम्भ का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज धर्म आध्यात्म की ऊर्जा का केंद्र है। ऋषि भारद्वाज मुनि की और देश की स्वतंत्रता दिलाने वाले क्रांतिकारियों की धरती है। इस महाकुम्भ की हमें स्वयं में ब्रांडिंग करनी होगी, आतिथ्य सत्कार करना होगा और डिजिटल महाकुम्भ पर हमें जोर देना है।

**कम्प्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र का किया उद्घाटन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत प्रयागराज मेला क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीकों से लैस होगा, जिससे श्रद्धालुओं की गुमशुदगी संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। इस पहल से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और संगठित अनुभव मिलेगा। महाकुम्भ को न केवल एक धार्मिक आयोजन के रूप में, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का जीवंत प्रतीक बनाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करेगा।

## डबल डेकर बस व टैंकर की भिड़ंत में आठ की मौत, 19 लोग गंभीर



समृद्धि न्यूज

**एम्बुलेंस से घायलों को पीजीआई सैफई उपचार के लिए भेजा गया**

**छिबरामऊ कन्नौज।** समय करीब दोपहर 1.00 बजे एक डबल डेकर बस जो लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। थाना सकरावा क्षेत्रान्तर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 141 किमी पर एक पानी के टैंकर जो डिवाइडर पर लगे पौधों मे पानी डाल रहा था पानी के टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा यूपीडा की मदद द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन कर एम्बुलेंस से घायलों को पीजीआई सैफई उपचार हेतु भेजा गया।

घटना स्थल पर सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कन्नौज, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मौके पर पहुंचे, पुलिस अधीक्षक कन्नौज व जिलाधिकारी कन्नौज के निर्देशन में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।

दुर्घटना में 08 लोगों की मृत्यु हो गई है तथा 19 लोग घायल हैं। घायलों का ईलाज मेडिकल कॉलेज सैफई व तिर्वा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। सभी के पारिवारीजन को सूचना दी जा रही है। तथा अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गन्तव्य भेजा जा रहा है। यातायात सूचारु रुप से चल रहा है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जौनपुर की अटाला मस्जिद पर भी मंदिर का दावा, इलाहाबाद हाईकोर्ट में नौ को सुनवाई

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में स्थित अटाला मस्जिद ने एक स्थानीय अदालत के मई 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जिसमें एक मुकदमे के पंजीकरण की अनुमति दी गई है। जिसमें दावा किया गया है कि मस्जिद मूल रूप से एक प्राचीन मंदिर था जिसे अटाला देवी मंदिर कहा जाता था।

यह वाद स्वराज वाहिनी एसोसिएशन (एसवीए) के प्रतिनिधि और संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जौनपुर की एक स्थानीय अदालत में दायर किया गया है। इस मुकदमे में यह घोषित करने की मांग की गई थी कि 14वीं शताब्दी की विवादित सम्पत्ति अटाला देवी मंदिर है और सनातन धर्म के अनुयायियों को वहां पूजा करने का अधिकार है। इन वाद में स्थानीय अदालत से अनुरोध किया गया है कि उन्हें विवादित सम्पत्ति पर कब्ज़ा दिलाया जाए। साथ ही, वे गैर-हिंदुओं को विवादित सम्पत्ति में प्रवेश करने से रोकने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा की भी मांग की गई है। ट्रायल कोर्ट ने पहले मुकदमे को प्रतिनिधि क्षमता में (सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 1 नियम 8 के तहत) आगे बढ़ाने की अनुमति दी थी। जिस निर्णय को इस वर्ष अगस्त में जिला न्यायाधीश ने बरकरार रखा था। इन दोनों आदेशों को अब मस्जिद द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका में चुनौती दी गई है। वक्फ अटाला मस्जिद (याचिकाकर्ता) का तर्क है कि हिन्दू पक्ष का मुकदमा मूल रूप से दोषपूर्ण है, क्योंकि वादी, जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत सोसायटी है।

## ईडी ने महादेव ऐप मामले में 388 करोड़ रुपए की नई संपत्ति जब्त की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईडी रायपुर जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत 05 दिसंबर, 2024 को चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। एजेंसी के मुताबिक इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं।

## महाराष्ट्र : पहले दिन 173 विधायकों ने ली शपथ

**आज सुबह 11 बजे शेष विधायक लेंगे शपथ**

एजेंसी



**मुंबई।** नवगठित 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को करीब 173 विधायकों ने शपथ ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिलीप वलसे पाटिल, पूर्व मंत्री छगन भुजबल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, हसन मुश्रीफ, पहली बार विधायक बनी श्रीजया चव्हाण (पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी), सना मलिक (पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी) सहित अन्य ने शपथ ली। इसके बाद विधानसभा स्थगित कर दी गई। विधानसभा रविवार को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा और शेष विधायक शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने कार्यवाही की अध्यक्षता की। उन्होंने चौनसुख संचेती, जयकुमार रावल, माणिकराव कोकाटे और आशीष जायसवाल सहित पीठासीन अधिकारियों के एक पैनल की घोषणा की।

अधिकांश विधायकों ने ईश्वर और अल्लाह के नाम पर शपथ ली, जबकि अजीत पवार सहित कुछ ने भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने की शपथ ली।

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, तीन दिनों तक उत्तर भारत में हो सकती है हल्की बारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले तीन दिनों तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा। इसके कारण रविवार से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ेगी। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में कही कही हल्की बारिश हो सकती है। शनिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है, खास तौर पर 07 दिसंबर की रात से 10 दिसंबर की सुबह तक कोहरा छाया रहेगा। इससे दृश्यता प्रभावित हो सकती है, जिससे लोगों को थोड़ा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अगले हफ्ते के अंत तक शीतलहर शुरू होने की संभावना भी जताई गई है। वहीं, दक्षिण भारत के तमिलनाडु और केरल राज्य में मौसम विभाग ने विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है और आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। तीन दिन की राहत के बाद एक्यूआई में फिर गिरावट, एक्यूआई 233 हुआ दर्ज तीन दिनों की थोड़ी राहत के बाद, शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर से खराब श्रेणी में आ गई।

## गुजरातियों के कंठ में बसती हैं परोपकार की परंपराएं

एजेंसी



**गांधीनगर/अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रति व्यक्ति रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान और सेवाभावी संगठनों की संख्या में गुजरात देश का पहला राज्य है। गांधीजी की सेवा और परोपकार की परंपराएं गुजरातियों के कंठ में बसती हैं। केंद्रीय मंत्री ने गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट की 35वीं वर्षगांठ मनाते हुए यह बात कही। इस मौके पर गृह मंत्री ने ट्रस्ट की सेवा गतिविधियों और सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के मिशन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों के आवास, स्वास्थ्य और भोजन राशन के लिए जो देशव्यापी योजनाएं दी हैं, ऐसी दुनिया में कोई अन्य योजना नहीं है। आने वाली सभी सरकारों ने गरीबी उन्मूलन और जनकल्याण के कार्य किए हैं, लेकिन 2014 के बाद मोदी सरकार ने जिस गति और पैमाने पर जनकल्याणकारी विकास कार्य किए, उन योजनाओं का लाभ लोगों को मिला, वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग के हर गरीब व्यक्ति को आवास, पानी, गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य लाभ, राशन उपलब्ध कराकर पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला है। केंद्रीय मंत्री ने संविधान में निहित राज्य नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं द्वारा राज्य के लिए निर्धारित एकमात्र उद्देश्य कल्याणकारी राज्य है। कल्याणकारी राज्य को साकार करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता जैसे सेवाभावी संगठन सरकार के साथ हाथ मिलाते हैं, तभी राज्य के लोगों के उत्थान के लक्ष्य हासिल होते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 दिसंबर को घोषित किया विश्व ध्यान दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** अब पूरी दुनिया में हर साल 21 जून को विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के सह-प्रायोजन मसौदा प्रस्ताव को आमराय से स्वीकार करते हुए 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इसे व्यापक कल्याण और आंतरिक परिवर्तन का दिन बताते हुए यह खुशखबरी दी। 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने का मार्गदर्शन किया।

## विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी : भारतीयों को सीरिया की यात्रा से बचने की सलाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यात्रा परामर्श जारी करते हुए कहा कि सीरिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने सीरिया में मौजूद भारतीयों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी है। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि जो लोग वापस लौट सकते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से चले आएं और अन्य लोगों से अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित रखने की अपील की गई है।




**शुभारंभ**

### प्रधानमंत्री मोदी ने बीएपीएस के कार्यकर सुवर्ण महोत्सव का किया शुभारंभ

# बीएपीएस के वंदनीय कार्यकर हर व्यक्ति को कर रहे सशक्त

एजेंसी



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामीनारायण पंथ के बोचावासन अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के कार्यकर सुवर्ण महोत्सव का शनिवार को शुभारंभ किया और कहा कि बीएपीएस के वंदनीय कार्यकर अपनी सेवा से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सशक्त कर रहे हैं।

श्री मोदी ने वीडियो लिंक के माध्यम से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित बीएपीएस के कार्यकरों के सुवर्ण महोत्सव को संबोधित किया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्टेडियम में प्रमुख स्वामी जी और महंत स्वामी जी के साथ पूरे तीन घंटे तक लेजर और संगीत की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। दूरदर्शन एवं अनेक चैनलों पर इस भव्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, सेवा के 50 वर्ष की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। 50 वर्ष पहले स्वयं सेवकों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें सेवा कार्यों से जोड़ने की शुरूआत हुई। उस समय कार्यकर्ताओं के रजिस्ट्रेशन कराने के बारे में कोई सोचता भी नहीं था। आज ये देखकर बहुत खुशी होती है कि बीएपीएस के लाखों कार्यकर पूरी श्रद्धा और समर्पण से सेवा कार्यों में जुटे हैं, जो किसी संस्था के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भुज में भूकंप से हुई तबाही के बाद के हालात हो, नरनारायण नगर गांव का पुर्ननिर्माण हो, चाहे केरल की बाढ़ हो, उत्तराखंड में भू-स्खलन की पीड़ा हो या फिर कोरोना जैसी महामारी की आपदा हो, हमारे कार्यकर साथी हर जगह परिवारभाव से खड़े होते हैं, करुणा भाव से सेवा करते हैं। श्री मोदी ने यूक्रेन रूस युद्ध के शुरू होने पर उनके एक अनुरोध पर पोलैंड की सीमा पर बीएपीएस कार्यकरों द्वारा भोजन की व्यवस्था करने का उदाहरण दिया।

**हम सब मिलकर टीबी को खत्म करने में दें अपना योगदान**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में तपेदिक यानि टयूबबरकलोसिस (टीबी) उन्मूलन के लिए आज से 100 दिवसीय विशेष अभियान शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का फोकस टीबी मरीजों की अधिकता वाले जिलों पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, टीबी के खिलाफ हमारी लड़ाई और मजबूत हो गई है! टीबी को हराने की सामूहिक भावना से प्रेरित होकर, आज से 100 दिन का एक विशेष अभियान शुरू हो रहा है, जिसका फोकस टीबी के उच्च बोझ वाले जिलों पर है। आइए हम सब मिलकर टीबी को खत्म करने में अपना योगदान दें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर आज से 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने विवाह योजना के अंतर्गत पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में कहा

# बेटी के सम्मान की रक्षा डबल इंजन सरकार का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर हाल में बेटी और उसके सम्मान की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में श्री योगी ने नवदंपति को मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हुए उन पर पुष्पवर्षा भी की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद जिस नए भारत का निर्माण हुआ, उसमें महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान बनाया गया। पीएम मोदी ने %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% से जो कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके जरिए देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करके खुद को साबित किया जा रहा है। बेटियों का संरक्षण हर हाल में हो, उन्हें



बचाया-पढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व दे सकती हैं और इसी के लिए हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा का प्रतीक बना। पीएम-सीएम आवास योजना नारी गौरव का प्रतीक बना।

धुएं से मुक्त करने के लिए उज्ज्वला योजना का फ्री कनेक्शन बहन-बेटियों की आंखों के साथ-साथ फेफड़ों की सुरक्षा का बड़ा कदम था। देश में 10 करोड़ और यूपी में इससे लगभग दो करोड़ परिवार लाभान्वित हुए। योगी ने कहा कि यह आयोजन संदेश दे रहा है कि हम सब सामूहिक रूप से मिलकर सामाजिक कुरीति पर जोरदार प्रहार कर सकते हैं। यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैवाहिक बंधन में जुड़ रहे 401 वर-वधू का संकल्प महान, अभिनंदनीय, सराहनीय है।

इन्होंने बाल विवाह और दहेज मुक्त विवाह के खिलाफ आवाज उठाकर कहा कि दहेज मुक्त वैवाहिक बंधन से जुड़कर खुद को पितृत्व व मातृत्व से उद्धृण करेंगे। कई बार दहेज रूपी दानव अनेक परिवारों के सामने संकट खड़ा करता है। कई बार दर्दनाक समाचार सुनने को मिलता है कि दहेज न देने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम निरस्त हो जाते हैं। बेटियों का विवाह तय नहीं हो पाता है। ऐसे में उन सबसे अलग हटकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से यह प्रयास प्रारंभ हुआ है। जिन युवाओं ने इस कार्यक्रम से खुद को जोड़ा है, वे और उनके अभिभावक अभिनंदन के पात्र हैं।

### बेटियों के विवाह से जुड़ना गौरव की बात

सीएम योगी ने कहा कि पीएम की प्रेरणा से हम लोगों ने 2017 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रारंभ किया था। सरकार 51 हजार रुपये देती है। इसमें 10 हजार रुपये से वर-वधू के कपड़े व अन्य सामान उपलब्ध कराते हैं। 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं और छह हजार रुपये पंडाल समेत अन्य मद में खर्च कर भव्यता से यह कार्यक्रम कराते हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक चार लाख से अधिक बेटियों की शादी संपन्न हो चुकी है। दूसरी तरफ एक करोड़ परिवारों को डबल इंजन सरकार 12 हजार रुपये सालाना (दिव्यांगजन, वृद्धावस्था व निराश्रित महिला पेंशन) की सुविधा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अवधेश सिंह ने पिंडरा के अंदर इतना बड़ा यज्ञ किया है। देवयज्ञ का पुण्य तो प्राप्त होता ही है, सद्गृहस्थ के लिए सबसे बड़ा यज्ञ कन्यादान है। 401 बेटियों के सामूहिक विवाह से जुड़ना हम सबके लिए गौरवपूर्ण है। यदि घर में शादी करते तो संभवतः एक साथ इतनी संख्या में लोग नहीं आ पाते, लेकिन इन दंपतियों को पूर्व जन्म का पुण्य फल प्राप्त हो रहा है कि इनके विवाह का निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जिलाधिकारी व जनपद के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। सीएम ने नवदंपतियों से कहा कि यह दिन आपके जीवन के लिए ऐतिहासिक है और यह सदैव स्मरणीय भी बने रहना चाहिए। इस अवसर पर योगी सरकार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक व पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, सुशील सिंह, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, बीपी सरोज, महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्गों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए डबल इंजन सरकार ने बढ़ाए हाथ

▸ वय वंदना कार्ड, भारत-पीएम जन आरोग्य योजना का महत्वपूर्ण पहलू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से लेकर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने तक अभियान चलाकर सतत काम कर रही है।

इसी क्रम में पीएम मोदी की घोषणा के मुताबिक आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत 70 वर्ष से सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये की मुफ्त इलाज की सुविधा देने की शुरुआत डबल इंजन की सरकार कर चुकी है। इसके लिए बुजुर्गों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए जा रहे हैं। गोरखपुर में 9 दिसंबर को आयुष्मान वय वंदन कार्ड के वितरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

आयुष्मान वय वंदन कार्ड, बुजुर्गों की स्वास्थ्य सेवा के लिए एक नई सौगात है। इसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। वय वंदना कार्ड, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनवाने के लिए आय सीमा की भी कोई बाध्यता नहीं है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक सिर्फ अपने आधार कार्ड के जरिये योजना से लाभान्वित होने के लिए नामांकन करा सकते हैं। इस समय पूरे प्रदेश में बुजुर्गों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष दूबे बताते हैं कि जिले में अब तक 8325 बुजुर्गों के वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं। गोरखपुर में सीएम योगी 9 दिसंबर को अपराह्न चंपा देवी पार्क मैदान में वय वंदन कार्ड के वितरण का शुभारंभ करेंगे। कुछ लाभार्थियों को यह कार्ड मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त होगा।

### आयुष्मान योजना पर गोरखपुर में 320 करोड़ खर्च कर चुकी है सरकार

सीएमओ ने बताया कि समग्र रूप से देखें तो आयुष्मान योजना मुफ्त इलाज की व्यवस्था कराने में बड़ी कारगर साबित हुई है। अभी तक जिले में 432894 लाभार्थी परिवारों के 1120347 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस योजना में मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने के लिए जनपद में 91 राजकीय और 189 निजी चिकित्सालयों (कुल 280) को संबद्ध किया गया है। अब तक आयुष्मान योजना से आच्छादित 209666 लाभार्थियों ने मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त किया है। इसके लिए सरकार द्वारा करीब 320 करोड़ रुपये का खर्च उठाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग की एक्सीडेंट में मौत, देवा रोड पर गंभीर रूप से घायल मिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार रात देवा रोड पर आरटीओ से रिटायर रमेश पांडेय (62) गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके मोबाइल नंबर से परिजनों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हुई है। वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है। चिनहट के सराय शेख में रहने वाले रमेश पांडे (62) शुक्रवार शाम को एक जरूरी काम की बात कह कर घर से निकले थे। बेटे अमन ने बताया रात को सूचना मिली कि देवा रोड पर उनके पिता घायल अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने उनके फोन से दुर्घटना होने की सूचना दी। चिनहट पुलिस के मुताबिक परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। घर में उनकी पत्नी वंदना, दो बेटे और दो बेटियां हैं। टक्कर मारने वाले वाहन के विषय में जानकारी जुटाने के लिए घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

### लोनिवि मुख्यालय पर पूर्व सैनिकों को फायर फाइटिंग प्रशिक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग में आज अग्नि सुरक्षा के मद्देजन फायर फाइटिंग सिस्टम का मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान मुख्यालय की सुरक्षा में तैनात लगभग 50 पूर्व सैनिकों को आपातकाल के दौरान फायर फाइटिंग सिस्टम चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण मुख्यालय के सहायक अभियंता इं. रवीद्र कुमार श्रीवास्तव और अवर अभियंता इं. दिलीप कुमार ने दिया। मुख्यालय के मुख्य भवन प्रागण और अनवेष्णालय के दो स्थानों पर सैनिकों को सिस्टम की बरीकी बताते हुए उन्हें आपातकाल में इसके संचालक का प्रैक्टिकल कराया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता 30 वृत इं अभय कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता इं. राकेश कुमार, सहायक अभियंता इं. पी.पी. यादव, अवर अभियंता इं. रामधनी मौर्या, वरिष्ठ सहायक जय विक्रम सिंह और फायर फाइटिंग फर्म जेएमडी फायर कन्ट्रोल के श्री गौरव अपनी टीम के साथ मौजूद थे। अधीक्षण अभियंता श्री गुप्ता ने बताया कि इस तरह के फायर फाइटिंग सिस्टम लगभग सरकारी भवन में स्थापित है जिनमें समय समय पर मार्कड्रिल का आयोजन किया जाता है।

### परेशान किसानों ने सिंचाई मंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सालों से माइनर के हेड पर गेट लगवाने एवं प्रथम साइफन नई बनवाने के लिए जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से गुहार लगाने के बावजूद कार्य न होने से दर्जनों किसान परेशान है। किसानों ने अब संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त शिकायत सिंचाई मंत्री को भेज कर माइनर के हेड पर गेट लगवाने एवं प्रथम साइफन नई बनवाने की मांग की है। किसानों को विश्वास है कि किसानों के हित के लिए कार्य कर रही प्रदेश सरकार के सिंचाई मंत्री के हस्तक्षेप से किसानों को राहत मिलेगी। किसानों ने सिंचाई मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि जनपद अमेठी तहसील तिलोई के अंतर्गत आने वाले शाहमऊ रजवाहा से ग्राम सभा कूरा अंतर्गत ग्राम पूरे पंडित एवं पूरे शिव सिंह के मध्य निकलने वाली मोहना माइनर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की उपेक्षा का कई वर्षों से शिकार है। उपरोक्त माइनर मे हेड पर गेट नहीं लगा होने से जल बहाव को नियंत्रित नहीं किया जा सकता। इस संबंध में कई बार जिला स्तर पर मौखिक एवं लिखित शिकायतें की गई परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए आवश्यकता है कि मोहना माइनर के सर्विस रोड को लेपन स्तर या सोलिंग और माइनर के हेड पर गेट एवं प्रथम साइफन नई बनवाने मांग की गई।

### जस्टिस सैयद हैदर अब्बास रजा सुपुर्द ए खाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस हैदर अब्बास रजा का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्हें लखनऊ में चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरान मआब में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

जस्टिस हैदर अब्बास के दामाद हैवी इंडस्ट्री में सचिव आईएएस अधिकारी कामरान रिजवी और उनके बेटे को लोगों ने पुरसा दिया। इस मौके पर अजीज और रिश्तेदारों के अलावा हाईकोर्ट लखनऊ के मौजूदा जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी, मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी, पूर्व मंत्री इंतेजार आब्दी, अहमद कमाल खान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जस्टिटस हैदर अब्बास रजा का जन्म 7 दिसंबर 1939 को हुआ था और 6 दिसंबर 2024 को उनका निधन हो गया। यानी 85 साल की आयु पूरी करने के बाद उनका निधन हो गया। अपने छात्र जीवन में वे सक्रिय रहे और कई आंदोलनों में हिस्सा लिया। इन्हीं आंदोलनों के चलते वे जेल भी गए। बाद में वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज बने। 1999 में रिटायर होने के बाद उन्हें उत्तराखंड का लोकायुक्त भी बनाया गया था। जस्टिस हैदर अपने यादगार फैसलों के लिए जाने गए।

### श्रम मंत्री के आश्वासन पर पेंशनरों का दिल्ली आंदोलन स्थगित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा न्यूनतम पेंशन 7,500 रूपये मासिक महंगाई भत्ता एवं पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की मांग को लेकर 10 दिसंबर से दिल्ली के रामलीला मैदान में आंदोलन,आमरण अनशन प्रस्तावित था। प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने बताया कि इस आंदोलन के लिए प्रदेश के हजारों पेंशनर दिल्ली जाने की तैयारी में लगे थे समिति के राष्ट्रीय नेताओं से केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की 29 नवंबर और 6 दिसंबर को दो बार वार्ता हुई उसमें श्रम मंत्री ने पेंशनरों मांगे शीघ्र पूरी करने का आश्वासन दिया और आंदोलन स्थगित करने की अपील कीजिसके बाद राष्ट्रीय स्तर की जूम मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्तावित दिल्ली आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

### ड्यूटी से घर लौट रहे इलेक्ट्रीशियन का एक्सीडेंट, तोड़ा दम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अतुल शर्मा (30) बाराबंकी के सफेदाबाद असैनी का रहने वाला था। वह बीबीडी स्थित गोयल सोसाइटी हॉस्पिटल में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। चाचा अनुज ने बताया कि वह डेली बाइक से आता-जाता था। शुक्रवार रात को भी बाइक से घर लौट रहा था। अनौरा कला गांव के पास पहुंचा तो हादसे का शिकार हो गया। पति अतुल की मौत की सूचना मिलते ही पत्नी रुचि का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता राम प्रताप और मां रेखा बेसुध हो गए। अतुल की सात साल की बेटी मिस्ठी बार-बार चाचा अमन से पिता के बारे में पूछ रही। पूरा परिवार गमगीन है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल के पास से सीसीटीवी में संदिग्ध पिकअप दिखी है। आशंका है कि उससे ही दुर्घटना हुई है। पिकअप का नंबर साफनहीं आया है। अन्य सीसीटीवी की मदद से वाहन और चालक के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

### निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में विद्युत निगम के निजीकरण को लेकर प्रदर्शन तेज हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में शनिवार शाम महाराणा प्रताप मार्ग स्थित फील्ड हॉस्टल में जुटे बिजली कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। वे तख्ती लेकर फील्ड हॉस्टल में पहुंचे। इसमें लिखा है, एक हैं तो सेफहैं, न बंटेंगे न कटेंगे। कर्मचारियों ने ऊर्जा प्रबंधन को होश में आने की चेतावनी दी। निजीकरण वापस लेने की मांग की। बिजलीकर्मी धरने पर बैठे हैं।

# समाधान दिवस में 738 शिकायतों में से मात्र 167 का मौके पर हुआ निस्तारण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** जनसामान्य की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में तहसील बीकेटी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 256 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 89 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

पांचों तहसीलों में कुल 738 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 167 का तुरंत निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की शिकायतों का समय पर सॉल्व किया जाए। उन्होंने एक सप्ताह में मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें और शिकायत करने वालों को इसकी जानकारी दें। समाधान दिवस से पहले डीएम ने बीकेटी तहसील का निरीक्षण किया। खतौनी रूम, कानूनगो कक्ष, लेखपाल कक्ष और स्वान कंप्यूटर रूम का जायजा लेते हुए उन्होंने प्रपत्रों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। तहसील में बेतरतीब रखी फाइलों को व्यवस्थित करने और रैक स्थापित करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वरासत के निरस्त मामलों का स्वयं सत्यापन किया। तहसील कर्मियों को सभी प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा, लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में 51 में से 12, मलिहाबाद में 140 में से 21, मोहनलालगंज में 172 में से 33, और सरोजिनी नगर में 119 में से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में पुलिस, राजस्व, विकास, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़े प्रकरण शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बार-बार आने वाली शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लें और निस्तारण योग्य मामलों को प्राथमिकता से हल करें। डीएम ने कहा, शिकायतकर्ता की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। यदि किसी निस्तारण में कमी पाई जाती है, तो संबंधित पर कार्रवाई होगी। जनता के लिए समाधान का विश्वास सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के निर्देशों और अधिकारियों की सक्रियता से जनता में समाधान को लेकर भरोसा जागा है।

### अवनीश अवस्थी ने राजकीय आईटीई, लिया एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का लिया जायजा

**लखनऊ ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा स्थापित एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का आज मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित कोर्सो की प्रशिक्षकों से जानकारी ली और मशीनों को चालू कर प्रशिक्षुओं को दी जा रही प्रशिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं उच्च स्तर की पाई गई। अवस्थी ने कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कच्चे माल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को दिए।

# बिजली के निजीकरण का फैसला वापस ले सरकार : कन्हैया शाही

समृद्धि न्यूज

▸ घाटे के लिए सरकार की नीतियां व नौकरशाही जिम्मेदार

**लखनऊ ।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा उत्तर प्रदेश राज्य प्रभारी कन्हैया शाही ने सरकार से बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि पावर कार्पोरेशन के घाटे के कारण निजीकरण की दलीलें बेबुनियाद और जनता जनता के आंख में धूल झोंकने वाली है, ये कदम अदानी अंबानी और टोरेंटो जैसी कंपनियों के पक्ष में है।

सरकार इसके लिए पिछले कई सालों से प्रयास कर रही थी, जो संयुक किसान मोर्चा और बिजली कर्मचारियों मजदूरों के कड़े विरोध के चलते सफल नहीं हो पाई।

अब ट्रिपल पी के बहाने प्रथम चरण में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों को पूंजीपतियों को सौंपकर बिजली निजीकरण के काम को चालाकी से आगे बढ़ा रही है।

### दुबग्गा विस्फोट मामले में लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मी निलम्बित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में गैस रिफलिंग के दौरान हुई घटना का पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। इस मामले में डीसीपी पश्चिम डॉ. ओमवीर ने शनिवार को दो पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बीट प्रभारी उपनिरीक्षक रामसेवक राणा और बीट आरक्षी मनोज कुमार को निलम्बित किया गया है। इन पर अवैध गतिविधियों की जानकारी न होने और लापरवाही को लेकर यह कार्रवाई हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त मलिहाबाद को प्रारम्भिक जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम शाहपुर भमरौली में रोहित गुप्ता के मकान में शुक्रवार की शाम अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के कारण विस्फोट होने से आग लगने के कारण घर के अन्दर काम कर रहे चार व्यक्तियों व घर से कुछ दूरी पर खड़े दो बच्चों के भी आग की चपेट में आने से गम्भीर रूप से झुलस गये थे। घटना के दौरान एकत्र हुए आस-पास के स्थानीय लोगों से रोहित गुप्ता ने चोरी छिपे अवैध रूप से गैस सिलेण्डर की रिफिलिंग का काम करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस घटना में दो मासूम बच्चों समेत छह लोग झुलस गये थे।

# जाति- पाति की सोच से ऊपर उठकर सभी को केवल हिन्दू बनना पड़ेगा : भाटिया

समृद्धि न्यूज

▸ बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जन आक्रोश

**लखनऊ ।** अ.भा. ब्रह्म समाज व सनातन महासभा द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर श्रंगार नगर में शनिवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जन आक्रोश सभा व मंदिर से संत निरंकारी भवन तक जागरूकता यात्रा निकाली गयी। यात्रा में तरह तरह की तख्तियों, झंडे, बैनर के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, बंग्लादेश मुर्दाबाद, बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे, सनातन धर्म की जय जैसे नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

यात्रा से पूर्व चिल्ड्रन पार्क में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जाति- पाति की सोंच से ऊपर उठकर हम सभी को केवल हिन्दू बनना ही पड़ेगा। स्थानीय सभासद गिरीश मिश्र ने कहा कि बंटना नहीं है और एक रहेंगे तो ही सुरक्षित रहेंगे। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एक स्वर में आवाज बुलंद करनी होगी! कार्यक्रम का सफल संयोजन व संचालन करते हुए ब्रह्म समाज के महामंत्री देवेंद्र शुक्ल ने कहा कि जो बीज बांग्लादेश के रूप में लचर तरीके से तत्कालीन सरकार द्वारा बोया गया, वो आज भारत को नुकसान कर रहा है। सनातन धर्म मंदिर चन्द्र नगर के अध्यक्ष रमेश बेरी ने संयुक्त राष्ट्र संघ से सेना भेजने का आह्वान किया। हरसरन लाल गुप्ता ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत सरकार से निवेदन के साथ कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मान सिंह ने बंग्लादेश पर कार्रवाई के साथ हिंदुओं को भारत वापसी की वकालत की। गोपी पाठक और अजय तिवारी ने सेना के माध्यम से कार्यवाही करने पर जोर दिया।

### रिश्वत मंगाने वाले कानूनगो पर नहीं हुई कार्रवाई

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज तहसील के आदमपुर नौबास्ता गांव में जमीन की पैमाईश व मेड़बंदी के लिये बीते दो सालों से मोहनलालगंज एसडीएम न्यायालय में वाद डालने के बाद भी आदेश नहीं हो सका,सालो चक्कर लगाने के बाद थके हारे किसान राम आसरे ने पैमाईश व मेड़बंदी के लिये कानूनगो के द्वारा 53 हजार रूपये रिश्वत मगांने का वीडियो एक माह पहले मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम सूर्यपाल गंगवार को दिखाते हुये रिश्वत की रकम ना देने पर कानूनगो द्वारा बगैर स्थालीय जांच व पैमाईश किये दोनों फाइलें निरस्त करने का आरोप लगाया था, शिकायत के बाद डीएम ने रिश्वत मंगाने वाले कानूनगो पर कड़ी कार्रवाई किये जाने के साथ 15दिन में स्थलीय जांच कर पैमाईश कराने के निर्देश दिये थे लेकिन लापरवाह तहसील अफसरों ने रिश्वत मंगाने वाले कानूनगो पर ना तो विभागीय कार्रवाई की ओर ना ही पीड़ित किसान राम आसरे की जमीन की पैमाईश कराई।

# झूठा थाना बनाकर, दिखाकर व लोगों को धमकाकर डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों डिजिटल अरेस्ट के कई मामले सामने आए हैं। जिसमें जालसाजों ने पीड़ितों से बड़ी रकम वसूली है। अब इसी को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार पर एक पोस्ट के माध्यम से तीखा हमला बोला है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहे लोगों को न्याय मिलने की बात लिखी। साथ ही भाजपा सरकार के डिजिटल इंडिया के नारे को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, भाजपा सरकार क्या इसी 'डिजिटल इंडिया' को विकसित करने की बात करती है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि झूठा थाना बनाकर, दिखाकर और लोगों को धमकाकर डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। नकली पुलिस बनकर



धमकाया जा रहा है। लोगों से ऑनलाइन पैसे भी वसूले जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा और लखनऊ में हुई डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं का जिक्र करते हुए लिखा, उप्र की पुलिस (सच्ची पुलिस) से अपील है कि नोयडा में ठगे गये परिवार का पूरा पैसा वापस करवाए और ठगों को पकड़े। नहीं तो जनता अपना नारा देगी रू डिजिटल हैं तो अनसेफ हैं। अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट के साथ कुछ फोटोज शेयर कर लिखा,ष्खाताधारी कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा !ष् इतना ही नहीं सपा मुखिया ने अपने इस पोस्ट के माध्यम से आम जनता की तरफ से बीजेपी सरकार से कई सवाल भी पूछे हैं।

### कांग्रेस केवल संभल-संभल चिल्ला रही : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा प्रमुख मायावती ने बांग्लादेश में दलित हिन्दुओं की हत्या को लेकर सपा, कांग्रेस को लेकर जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू बड़ी संख्या में अपराधों का शिकार हो रहे हैं, उनमें से ज्यादातर दलित कमजोर लोग हैं जो लोग दलितों की बाद करते हैं उनके मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल संभल-संभल चिल्ला रही है। क्योंकि अब सपा और कांग्रेस को केवल दलितों का वोट लेना है न कि उनके अधिकार की बात करती है। मायावती ने कहा कि जब दलित कमजोर तबके के लोगों पर अत्याचा होता है तो कांग्रेस पार्टी चुप है और अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल संभल चिल्ला रही है। इस मामले में कांग्रेस, सपा और उसके समर्थक एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार जो भाजपा के नेतृत्व में चल रही है उसे अपनी जिम्मेदारी को आगे बढ़ चढ़ कर निभाए।

### श्रृंगवेरपुरधाम की तर्ज पर हस्तिनापुर का इतिहास भी होना चाहिए पुनर्जीवित : निषाद

**लखनऊ ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का आज आठवें दिन मेरठ पहुँची। यात्रा आज मेरठ से सैनी से इंचौली से मसूरी से मवाना से हस्तिनापुर अंबेडकर पार्क से मकदूमपुर से जलालपुर से वीरनगर यात्रा अपने अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा सहारनपुर से प्रारंभ हुई है और जनपद सोनभद्र तक 200 विधानसभा का सफर तय करेगी और यात्रा का समापन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। हस्तिनापुर में मछुआ समाज के लोगो से मुलाकात करते हुए मंत्री ने कहा कि हस्तिनापुर आकर हमेशा गर्व महसूस होता है, हस्तिनापुर की धरती से महारानी सत्यवती ने महाभारत काल में निषाद समाज को पहचान दिलाने का काम किया था।

कॉन्क्लेव | पर्यटन विभाग ने किया हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन

# किले, राजमहल व कोठियों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने पर जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर पर्यटन विभाग की ओर से आज लखनऊ के होटल ताज में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत को संरक्षित करने के साथ बढ़ावा देना रहा। यह आयोजन राज्य के पर्यटन विकास में धरोहरों की महत्ता को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करना था।

लखनऊ से बाहर होने के कारण पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भेजे गये अपने एक संदेश में कहा है कि उत्तर प्रदेश भारत की हृदय स्थली है। यह राज्य अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। प्रदेश की



भूमि महान ऐतिहासिक घटनाओं, सभ्यताओं और परंपराओं की साक्षी रही है। प्रदेशभर के विभिन्न जनपदों में किले, कोठी और पैलेस हैं, जो स्वयं में अनगिनत कहानियां समेटे हैं। इन्हीं धरोहरों को सहेजने और उपयोगी बनाने के लिए 'हेरिटेज कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। हमें पूर्ण विश्वास है कि कान्क्लेव का सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा और उत्तर प्रदेश विरासत पर्यटन में भी महत्वपूर्ण गंतव्य स्थल बनेगा।हेरिटेज कॉन्क्लेव में नीमराना होटल्स, ऋषि पुरी हेरिटेज टूरिज्म एक्सपर्ट, एमआरएस ग्रुप जैसलमेर ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया। एक विशेष सत्र में होटल व्यवसायियों और हेरिटेज प्रॉपर्टी मालिकों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी पक्षों ने खुलकर अपनी बात रखी। कॉन्क्लेव के अंत में निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने आमंत्रित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उप्र. मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा के साथ-साथ 52 राज घरानों के वंशज और प्रसिद्ध होटल मालिकों, इन्वेस्टर्स, रियल स्टेट व्यवसायी, कंसल्टेंट आदि की रही। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'हेरिटेज कॉन्क्लेव' का उद्देश्य राज्य में हेरिटेज टूरिज्म की संभावनाएं तलाशना रहा। गौरतलब है कि, उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में किले, राजमहल और कोठियां हैं। विभाग का प्रयास इन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित करना है।लखनऊ से दुधवा के लिए हेली सर्विस की शुरुआत हुई है।

### पर्यटन विकास में हेरिटेज की भूमिका बहुआयामी

हेरिटेज कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा, 'पर्यटन विकास में हेरिटेज की भूमिका बहुआयामी है। यह न केवल क्षेत्र की संस्कृति और इतिहास को सहेजता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास का भी आधार बनता है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश के हर हिस्से का अपना महत्व है। भगवान बुद्ध के 6 महत्वपूर्ण स्थल राज्य में हैं, जहां बड़ी संख्या में देशी-विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। सबसे पुराने किलों में से एक चुनारगढ़ का किला यहीं है।मुकेश मेश्राम बोले, 'हमारे इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश टूरिज्म पॉलिसी का लाभ उठाते हुए अच्छे प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म को शिखर तक ले जाना है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है, कि राजघरानों के धरोहरों पीपीपी मॉडल के तहत विकसित किया जाए। इन्वेस्टर्स भी राय देंगे। उन्होंने कहा, हेरिटेज स्थलों के आसपास कनेक्टिविटी देने के लिए तैयार हैं। सड़क मार्ग, वायु मार्ग, एप्रोच रोड सहित अन्य सुविधाएं या मदद के लिए प्रदेश सरकार आपके साथ खड़ी है। बुंदेलखंड के विकास के लिए हम प्रयासरत हैं। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड बहुत अच्छा काम कर रहा है।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

- डीएम-एसपी ने तहसील मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 105 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जितने भी प्रार्थना प्राप्त हुए हैं उन सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण जिलाधिकारी ने मौके पर ही करवाया है। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विकासखंड मनकापुर का जिलाधिकारी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड मनकापुर के खंड विकास अधिकारी गौरीश श्रीवास्तव के द्वारा रिनोवेट कराए गए कार्यालय, भावनाओं तथा पार्क का जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी मनकापुर यशवंत राव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, तहसीलदार सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कैम्प में पेंशन लाभार्थी करा सकते हैं एनपीसीआई

- जनपद के समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर आधार सीडिंग के लिए शिविर आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा आगामी 09, 10 व 11 दिसम्बर को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा जनपद के समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर आधार सीडिंग में समस्या के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपस्थित होकर वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थी एन.पी.सी.आई. / डी.बी.टी. करा सकते है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि जिन लाभार्थियों का एन.पी.सी.आई. /डी.बी.टी. एक्टिव न होने के कारण वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांगजन पेंशन बाधित है तथा वह प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की खाता धारक हैं, तो वह उक्त शिविर में उपस्थित होकर एन.पी.सी.आई. एक्टिव करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं के लाभार्थी, जिनका खाता प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा में हो, वह आधार तथा पासबुक की प्रति (मूल सहित) सहित जाकर आधार सीडिंग से सम्बन्धित समस्या को दूर करवा सकते हैं।

# एक माह बाद भी ब्लाइंड मर्डर का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिस ब्लाइंड मर्डर को लेकर पुलिस अधीक्षक दिलीप जायसवाल ने कटरा थाना अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता को लाइन हाजिर किया था और उनके बदले वहां पर राजेश सिंह को निरीक्षक थाना कटरा बनाया था आज 7 दिसंबर 2024 को राजेश सिंह को कटरा थाना का कमल संभाले एक महीना तीन दिन हो चुका है और नतीजा यह है अभी तक उस ब्लाइंड मर्डर का कोई खुलासा इनके द्वारा नहीं किया गया बात यहां यह है कि जिस ब्लाइंड मर्डर को लेकर कटरा से संजय गुप्ता को लाइन हाजिर किया गया था और राजेश सिंह को तरबगंज से हटकर कटरा थाना की कमान सौंपी गई थी तो अगर आज एक महीना पूरा होने के बाद भी उनके द्वारा खुलासा नहीं किया जा सका तो ऐसे में पुलिस अधीक्षक द्वारा लिया गया फैसला कहां तक जायज है इसके बारे में क्या कहा जा सकता है इस संबंध में जब शनिवार 7 दिसंबर 2024 को थाना अध्यक्ष कटरा राजेश सिंह से दूरभाष पर बात किया गया की ब्लाइंड मर्डर का क्या हुआ कुछ शार्ट आउट हुआ हो तो कृपया बताएं उन्होंने कहा अभी कोई जानकारी नहीं हो पाई है जब इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के सीयूजी नंबर पर कॉल किया गया तो फोन उनके पेशकार के पास था उन्होंने बताया कि कप्तान साहब अभी अंदर है एक डेढ़ घंटे बाद बात हो पाएगी इसलिए कप्तान साहब की बाइट नहीं हो पाई

## चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड गोंडा द्वारा ग्राम जमथा विकासखंड तरबगंज जनपद गोंडा में सीड टु हार्वेस्ट कार्यक्रम के अंतर्गत एक कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ शस्य वैज्ञानिक , कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा ने कृषकों को गेहूं उत्पादन तकनीक, दलहनी एवं तिलहनी फसलों में समसामयिक कार्य, मक्का व गन्ना की खेती की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिसंबर में गेहूं की देर से बोने वाली प्रजातियों की बुवाई करें। इन प्रजातियों में एचआई 1665, नरेंद्र गेहूं 2014, नरेंद्र गेहूं 2036, एचडी 2733 आदि मुख्य हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं की सीड ड्रिल मशीन या जीरो टिल सीडड्रिल से बुवाई करने पर भरपूर उत्पादन मिलता है।

# चर्चा का विषय बनी मारपीट की घटना में एकतरफा कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

दिवाली के दिन पटाखा खरीदने को लेकर हुआ विवाद तूल पकड़ता देखकर मौके पर पीएसी तैनात की गई। करीब सप्ताह भर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। इस मामले में इलाकाई पुलिस को दोहरा चेहरा सामने आया है। थाने की पुलिस ने दुकानदार की बर्बरता पूर्वक पिटाई करने वाले दबंगों के खिलाफ महज एनसीआर दर्ज किया, जबकि उपद्रव करने के आरोपी की ओर से पीड़ित व उसके परिजनों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया।

मामला जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोतीगंज कस्बे का है। दिवाली के दिन 31 अक्टूबर को क्षेत्र के ग्राम गौरवा कानूनगो के मजरा दुल्हापुर निवासी विशाल सिंह अपने साथियों के साथ पटाखा खरीदने मोतीगंज रेलवे स्टेशन के सामने अजीजुद्दीन व फखरूद्दीन की दुकान पर पहुंचा, जहां पैसे को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि विशाल ने अपने साथियों के साथ दुकानदार को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारा-पीटा। इसके बाद सभी अपने गांव चले गए और वहां से बड़ी संख्या में लोगों को साथ लेकर दुकानदार की पिटाई करने के लिए मोतीगंज बाजार आ रहे थे। जानकारी होने पर कस्बे के कुछ दुकानदारों ने इसकी सूचना मोतीगंज थाने की पुलिस को दी।

प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव मयफोर्स कस्बे में पहुंचीं और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों से बात कर मौके पर पुलिस व पीएसी की तैनाती करा दी। इस मामले में दुकानदार के पिता सलाहुद्दीन की तहरीर पर विशाल सिंह




उर्फ अनूप सिंह पुत्र दृगराज सिंह व मुकुंद सिंह पुत्र बलजीत सिंह के खिलाफ एक नवंबर को एनसीआर दर्ज किया, जबकि इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य आरोपी विशाल सिंह द्वारा दी गई तहरीर पर 31 अक्टूबर को ही अजीजुद्दीन व सलाहुद्दीन समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों को चोटें आई थीं। वहीं, विशाल सिंह द्वारा दुकान पर जाकर अपने साथियों संग बवाल किया गया, लेकिन इसके बावजूद मोतीगंज पुलिस ने इसे नजरंदाज करते हुए एकतरफा कार्रवाई कर दी।

इतना ही नहीं, बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध के बावजूद इलाकाई पुलिस की अनदेखी से गोलों-पटाखों की दुकानों से बाजार गुलजार रही। हालांकि, पुलिस ने इसे सिरे से खारिज करते हुए उच्चाधिकारियों को भी गुमराह करने का काम किया। सबसे बड़ी बात यह भी रही कि दीपावली जैसे संवेदनशील त्योहार पर भी बाजार में पुलिस की मौजूदगी नहीं रही, जिसके चलते दो समुदाय के लोगों में मारपीट की घटना हुई, जो थाने की पुलिस की लापरवाही से सांप्रदायिक रूप ले सकती थी, लेकिन पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गयी थी। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मोतीगंज बाजार में पीएसी व पुलिस की तैनाती कर दी थी। करीब सप्ताह भर कस्बे में पीएसी तैनात रही।

इस गंभीर मामले में मोतीगंज पुलिस द्वारा की गयी एकतरफा कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। बाजार के एक व्यापारी का कहना है कि इस मामले में मोतीगंज पुलिस की कार्यशैली ठीक नहीं है। जिस दुकानदार को दबंगों द्वारा मारा-पीटा गया, उसी पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज करना तमाम सवाल खड़ा करता है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आखिर मार-पीट की घटना में पुलिस भेदभावपूर्ण कार्रवाई कैसे कर सकती है?

# तारा महिला इंटर कालेज में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर



- 400 से अधिक छात्राओं और शिक्षिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण
- जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान की ओर से हुआ आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान की ओर से नगर क्षेत्र में स्थित तारा महिला इंटर कालेज में गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कॉलेज में लगभग 400 से अधिक छात्राओं और शिक्षिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उपरोक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा टेकरीवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकडीवाल,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके बांदिल,भाजपा महिला मोर्चा उर्मिला शुक्ल ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया।शिविर में डॉ गर्वित मल्होत्रा ने दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ,डॉ देवेंद्र पाल सिंह ने नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ जहीन खान ने नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ शमशाद खान ने नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ बलजीत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ फरहाना स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ दीप्ति मिश्रा ने स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ मकबूल जाफरी ने फिजिशियन,डॉ माधुरी ने फिजिशियन,डॉ एम नदीम खान ने नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ दीप नारायण पाल ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की संस्थाक के अध्यक्ष जसवीर ने बताया कि ऐसे शिविर के आयोजन करने का उद्देश्य होता है जिसे बच्चों को स्वस्थ संबंधित प्रशिक्षण एवं जानकारी मिल सके एवं सरकार के द्वारा आयोजित स्वास्थ संबंधित जानकारी सभी तक पहुंच सके। शिविर में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह,सचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष चरन जीत कौर जी ने किया। संस्थान के अन्य पदाधिकारियों में शिवम् कुमार प्रबंधक जगदीश केशरी

संयोजक स्पर्श शुक्ला संयोजक पंकज कुमार सदस्य यशराज दुबे संयोजक सिद्धार्थ मिश्रा आदि भी उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्या अंजू उपाध्याय ने संस्थान के द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धूमधाम से निकली प्रभु श्री राम की बारात

- विवाह की रस्में धूमधाम से संपन्न, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में शुक्रवार की देर रात भगवान राम की भव्य बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गो से होकर बारात पंचायती मंदिर पहुंची जहां विवाह की रस्में पूरी की गई।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने विवाह समारोह में हिस्सा लिया। मर्यादा पुरुषोत्तम रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित इस आयोजन में भगवान राम और सीता जी के विवाह की खुशियां मनाई गई। शाम के समय गुरुद्वारा के पास स्थित अध्यक्ष श्याम करण टेकडीवाल के आवास से राम की बारात निकाली गई। जो पीपल तिराहा, घंटाघर चौक, छावनी चौराहा होते हुए राम जानकी पंचायती मंदिर पहुंची जहां पर बारात का भाव स्वागत किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी राधा कृष्ण पाठक ने वैदिक मंत्रों के बीच भगवान राम और सीता जी का विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस अवसर पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, राहुल राय, निशा शर्मा, वैभव जैन समेत अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे जिन्होंने इस धार्मिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# आज से 776782 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

- अभियान से पूर्व छात्र -छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में रविवार से 0 से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए शनिवार को शहर में जागरूकता रैली छात्र और छात्राओं ने निकाली। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाए जाने की अपील की।स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार से पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

इस दिन से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को वायरस से बचाने के लिए पोलियो की दवा 776782 बच्चों को पिलाई जाएगी। इसके लिए शनिवार को सीएमओ सभागार से जागरूकता रैली निकाली गई।

**अभियान के लिए हुई तैयारी**
कुल बूथ 1806, मोबाइल टीम 39, ट्रांजिट टीम 56, सुपरवाइजर 388, होम टू होम टीम 1175

सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली में दुलारी देवी रणजीत सिंह शिक्षण संस्थान, मून एंड सन पब्लिक स्कूल के बच्चों, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली सीएमओ सभागार से शुरू होकर अस्पताल चौराहा, स्टेडियम, पानी टंकी होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इसके बाद रैली का समापन हुआ। रैली में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर एसके सिंह, एसएमओ डॉक्टर विपिन लखोरे, जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, यूनिसेफ डीएमसी दिलीप मिश्रा, डॉक्टर पीके बांदिल, एनसीडी सेल के विवेक श्रीवास्तव, कामिनी शुक्ला, सीमा कुमारी, एआरओ मुशर्रफ अली, दीपक पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, नमकीन के रेट को लेकर हुआ था झगड़ा

**पिटाई के बाद चला गया था घर, रात में गई जान**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामगांव इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति का दुकान पर नमकीन खरीदने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया इसके बाद दोनों में मारपीट हो गई। घटना में तीर्थ नाम के व्यक्ति को हल्की चोटें आई, जिसके बाद वह घर चला गया देर रात घर पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राम गांव इलाके में रहने वाला तीरथ नाम का व्यक्ति शुक्रवार की देर शाम गांव में स्थित एक दुकान पर नमकीन लेने गया था। इस दौरान उसकी दूसरे दुकानदार से कुछ कहा सुनी हो गई। तीरथ के जीजा गुन्नू ने बताया कि इस दौरान दुकान पर बैठे चार युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी जिसके बाद वह घर चला आया वहां पर भी युवकों ने पहुंच उसकी पिटाई की। देर रात तीरथ की अचानक तबियत बिगड़ गई जिसके बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। राम गांव थाना प्रभारी आलोक शिंदे बताया कि शुक्रवार की शाम तीरथ की कुछ युवकों से कहासुनी हुई थी। देर रात उसकी घर में ही मौत हो गई परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

- डीएम बोलीं - अधिक से अधिक धनराशि करें दान, यह धनराशि एक पुनीत कार्य के लिए है

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शहीद वीर सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर ''सशस्त्र सेना झण्डा दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वीर सैनिकों तथा उनके परिवारजनों के कल्याणार्थ धन संग्रह कर कृतज्ञ राष्ट्र शहीद वीर सैनिकों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर संग्रहीत धनराशि शहीद सैनिकों भूतपूर्व सैनिकों तथा परिजनों के कल्याण एवं पुनर्वास जैसे पुनीत कार्य में उपयोग की जाती है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आमजन से अपील की है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक धनराशि दान करें। डीएम ने अधिकारियों से अपील की है कि इस बात का प्रयास करें कि विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक धनराशि एकत्र की जाय ताकि ऐसे पुनीत कार्य के लिए जनपद का योगदान उल्लेखनीय रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर एकत्र की गयी धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कार्यालय को विलम्बतम् 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध कराते हुए कृत कार्यवाही से अवगत भी करायें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी (अ.प्रा.) ने अधीनस्थ कार्मिकों एवं एन.सी.सी. के कैडेट तथा भूतपूर्व सैनिकों के साथ जिलाधिकारी मोनिका रानी को टोकन फ्लैग लगाया। डीएम ने वीर सैनिकों तथा उनके परिवारजनों के कल्याणार्थ धनराशि दानकर धन संग्रह कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों को भी टोकेन फ्लैग लगाकर दानपात्र में धनराशि का संग्रहण किया गया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक से पूर्व एनसीसी कैडेट्स द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास से कलेक्ट्रेट तक जागरूकता रैली भी निकाली गयी।

# ग्राम सेमरहना में सेवा से संतृप्तिकरण शिविर आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- ग्रामवासियों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की योजनाओं का मिल रहा है लाभ : सरोज सोनकर

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम सेमरहना स्थित शिव प्रसाद, विन्देश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का विधायक बलहा सरोज सोनकर ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा (सौरभ) व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। शिविर के उद्घाटन के पश्चात् विधायक श्रीमती सोनकर ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी तथा 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। इसके अलावा बलहा विधायक श्रीमती सोनकर ने चश्मा वितरण, बेबी किट, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, स्वयं सहायता समुहों को सामुदायिक निवेश निधि स्वीकृति पत्र, पोषण किट, स्वच्छ शौचालय हेतु स्वीकृति पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, कन्या सुमंगला के बच्चियों को स्वीकृति पत्र, निराश्रित एवं विधवा पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी स्वीकृति पत्र इत्यादि का वितरण किया गया।

# मेडिकल कॉलेज में हुआ पहला सफल घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज बहराइच ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान में पहला टोटल नी रिप्लेसमेंट (संपूर्ण घुटना प्रत्यारोपण) ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह सर्जरी 65 वर्षीय अशाराम आर्य निवासी मल्हीपुर पर की गई। अशाराम आर्य लंबे समय से घुटने के गंभीर दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। ऑपरेशन के बाद उन्हें दर्द से राहत मिली है, और उनकी हालत तेजी से सुधर रही है। सर्जरी का नेतृत्व ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. जयदीप पटेल और डॉ. विनोद ने अपनी टीम के साथ किया। ऑपरेशन में उपयोग किए गए इम्प्लांट अमृत फार्मेसी द्वारा प्रदान किए गए।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा यह मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए एक



ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। पहली बार हमारे संस्थान में टोटल नी रिप्लेसमेंट जैसा जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। इससे क्षेत्र के मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही उन्नत चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया कि यह सफलता मेडिकल कॉलेज बहराइच की बढ़ती क्षमताओं और विशेषज्ञता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां और भी जटिल सर्जरी और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक को डिजिटल अरेस्ट कर 19 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर निवासी इफको फूलपुर के सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक से साइबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट रखकर 19 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। यह पैसा दो बार में साइबर ठग ने खाते में डलवा लिया। पीड़ित की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात पर विभिन्न धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के कोतवाली देहात के जगतापुर हुजूरपुर रोड निवासी कमलेश कुमार सिंह ने साइबर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार वह इफको फूलपुर से फरवरी 2016 में मुख्य प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए

- बैंक का स्टेटमेंट लेकर पुलिस इंस्पेक्टर को देने की धमकी

थे। बताया कि 25 नवंबर को दोपहर तीन बजे मोबाइल पर अगले दो घंटे में मोबाइल सेवा समाप्त करने, जानकारी के लिए नौ दबाने का मैसेज आया। नौ नंबर दबाने पर मोबाइल पर कॉल आयी और सामने से एक व्यक्ति ने अपना नाम आनन्द वर्मा साइबर क्राइम विभाग से बोलने की जानकारी दी। अगले दो घंटे में पुलिस विभाग के पते छत्रपति इंटरनेशनल एअरपोर्ट मुंबई पहुंचने के लिए बोला। बहराइच से इतना जल्द न पहुंचने की बात बताने पर आरोपी ने पुलिस से शिकायत करने और उनके द्वारा दिए गए विवरण को पुलिस इंस्पेक्टर को देने की बात बोली।फर्जी शिकायत पत्र संख्या आदि भेज दिया। इंस्पेक्टर महोदय से बात करने पर उन्होंने बैंक डिटेल समेत पूरी संपत्ति की जानकारी भेजने के निर्देश दिए। परिवार को जेल में डालने और शारीरिक यातना देने की धमकी दी। डर के चलते उनके द्वारा भेजे गए बैंक खातों में 27 और 28 नवंबर को पांच लाख 40 हजार और 14 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। दूसरे बैंक खातों में जमा पैसा भेजने को लेकर डरा रहे हैं। साइबर थाना पुलिस ने ठग पर धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# तहसील सदर में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में 82 शिकायतें प्राप्त 03 का मौके पर हुआ निस्तारण
- डीएम ने 15 भवन स्वामियों को घरौनी का किया वितरण




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान उनके सामने कुल 82 मामले आए जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया। उन्होंने शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए सख्त निर्देश दिया कि इसका समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर राजस्व विभाग ,पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर पंचायत और समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के मामले जिलाधिकारी के सामने आए।

जिलाधिकारी ने पैमाइश एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाएं। समय से हर किसी की शिकायत का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, सभी अधिकारी इस बात का ख्याल रखें। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगर निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ या निस्तारण सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम कोलवाखुर्द के 15 भवन स्वामियों को घरौनी का वितरण किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर प्रफुल कुमार, सीओ सिटी अमित सिंह, पीडी सतीश चंद्र मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस



- 37 शिकायती पत्रों में चार का हुआ निस्तारण

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हर्षित उपाध्याय द्वारा की गई मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि फरियादियों की समस्या को अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता पूर्वक ले उनका निदान करें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को बक्सा नहीं जाएगा शासन के मंशा अनुसार कार्य होना चाहिए और जनता जनार्दन को न्याय मिलना चाहिए जिससे कि उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायती पत्र आये। जिनमें चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण की बात अधिकारियों द्वारा कही गई राजस्व विभाग की 11 शिकायतें पुलिस विभाग की 8 शिकायतें विकास से संबंधित तीन शिकायतें सहित अन्य 15 शिकायतें संपूर्ण समाधान दिवस पर आई। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव बीडीओ वर्षा सिंह कोतवाल जगदीश यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली दरों की प्रस्तावित बढ़ोतरी का विरोध

- उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को संबोधित ज्ञापन विद्युत वितरण खंड 2 के अधिशासी अभियंता को सौपा ज्ञापन विवेक शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया जा रहा है जिसका उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल कड़ा विरोध करता है वर्तमान समय में दिल्ली हरियाणा पंजाब कि दरें और उत्तर प्रदेश के बिजली दरें लगभग लगभग बराबर है उपरोक्त प्रदेशों के सरकारों द्वारा बिजली बढ़ोतरी का कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है फिर उत्तर प्रदेश में क्यों बिजली दरे बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया जा रहा है कमर्शियल दरों को घरेलू दरों के बराबर किया जाना चाहिए क्योंकि घर और दुकान में लगे हुए बिजली के बल्ब पंखे में कोई फर्क नहीं होता है फिर बिजली के दामों में क्यों फर्क है यह फर्क करके सरकार कई प्रकार के कर देने वाले व्यापारियों के साथ अन्याय कर रही है जो सरासर अनुचित है ।प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई व जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि लालगंज नगर में तमाम बिजली के ऐसे खंबे हैं जो नीचे से गल गए हैं किसी वोट के सहारे खड़े हुए हैं लगातार विभाग को कई बार शिकायत की गई लेकिन विभाग उसको संज्ञान में ले नहीं रहा है किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा। नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने बताया कि जब मीटर रीडिंग से बिल लिया जा रहा है तो फिक्स चार्ज एवं मिनिमम चार्ज क्यों लिए जा रहे हैं ? इनको खत्म किया जाना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### टीबी हराएंगे देश जिताएंगे : डॉ. पीके श्रीवास्तव



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संघन क्षय रोग अभियान का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के महराजगंज मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे द्वारा किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ प्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सघन टीबी अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजने टीबी से होने वाली मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नए व्यक्तियों को संक्रमित न होने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने बताया कि आज 17 मरीजों को मेरे द्वारा एवं स्वास्थ कर्मचारियों द्वारा गोद लिया गया है। साथ ही शपथ भी ली गई है टीबी हराएंगे देश जिताएंगे। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी तथा क्षय रोगी मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम खम



**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। ग्रुप (ए) 100 मीटर रेस बालक में पीयूष,अविरल एवं आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अभिषेक, राज द्विवेदी, राज कुशवाहा, कृष्णा क्रमशः द्वितीय स्थान तथा दिव्यांशु गुप्ता, शौर्य तिवारी, शिवांश मिश्र, प्रीत कुशवाहा, सौरभ तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। ग्रुप (बी) 100 मीटर रेस बालिका में आकृति यादव, इकरा बनो, यशी पाल, आराध्या, आर्या सिंह, वेदिका सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इशू, नंदिनी ने द्वितीय स्थान एवं अंशिका चौरसिया, अवनी कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने ग्रुप का मान बढ़ाया। खो – खो प्रतियोगिता में टीम (ए) एंजल गुप्ता, अंशिका पाल, भारती तिवारी, प्रागी सिंह, प्रियल व शिवानी प्रतिभागियों के साथ विजयी रही। क्रिकेट में टीम (ए) के खिलाड़ियों में अंश द्विवेदी, सृष्टि तिवारी, अंश कुमार एवं भारती ने श्रेष्ठ प्रदर्शन द्वारा अपनी टीम को जिताया। प्रिंसिपल गौरव तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि निरंतर सच्ची लगन के साथ परिश्रम करने से सफलता निश्चित मिलती है। स्कूल प्रबंधक अनूप तिवारी ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा जिसमें सुरेश, राजेश एवं अंजली शुक्ला ने व्यवस्था में सहयोग किया।

### दवा व्यवसाई के मामले में ग्रामीण पत्रकार एसो. की महाराजगंज इकाई ने सौंपा ज्ञापन



- दवा व्यवसाई की संपत्ति की जांच कराने की मांग पर अड़े पत्रकार
- महाराजगंज तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में सीडीओ और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- पत्रकार पर हुई कार्रवाई तो होगा बड़ा आंदोलन : जिला उपाध्यक्ष

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दवा व्यवसाई के द्वारा पत्रकार रोहित मिश्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है संगठन के जिला उपाध्यक्ष सचिन तिवारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मामले को बढ़ाने का ऐलान किया साथ ही किसी भी कीमत पर पत्रकार का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। जिसके बाद से ही लगातार ज्ञापन सौंपने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज महाराजगंज इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा सीडीओ की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सचिन यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। शनिवार को महाराजगंज इकाई ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेज कर कहा है। कि रायबरेली शहर के दवा व्यवसाइ का बैग मैं पैसा भरते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल जिसके बाद सम्मानित समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा खबर को प्रकाशित की गई। तो दवा व्यवसाई के द्वारा पत्रकारों पर आरोप लगाते हुए मुकदमे में फसने हेतु दबाव बनाया जा रहा है, पत्रकारों ने मांग की है कि वायरल वीडियो की टेक्निकल विक टीम से जांच कराई जाए आखिर वह पैसा कहां का है, एक नंबर का है या फिर दो नंबर का है। इस पैसे की विद्वत जांच की जाए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक अमित श्रीवास्तव, संरक्षक ज्ञान प्रकाश मौर्य, ग्रामीण पत्रकार के अध्यक्ष मोनू मौर्य, महामंत्री रोहित मिश्रा, कोषाध्यक्ष अरविंद मौर्य, मोहम्मद तौफीक, रमेश बाजपेई, कु0 सोनी, सोमित श्रीवास्तव, अतुल तिवारी, अरविंद यादव, इमरान खान, राहुल कुमार, अभय सिंह, अंकित मौर्य, मनोज अवस्थी आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### नाली निर्माण की मांग को लेकर पूर्व जिला पंचायत ने लिखा पत्र

**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य विद्या देवी उर्फ सुनीता पत्नी ज्ञानचंद सोनी ने जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर को पत्र लिखकर नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। विकास खंड रेहरा बाजार के अंतर्गत कस्बा सादुल्ला नगर बाजार में नाली निर्माण न होने से बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम जनमानस का सडकों पर चलना फिरना मुश्किल हो जाता है। नाली निर्माण नही होने से सडको का पानी दुकानों मे घुस जाता है। जिससे व्यापारियों को काफी परेशानी होती है और सामान खराब हो जाने का भय बना रहता है। स्थिति में आम जनमानस को राहत प्रदान करने हेतु नाली निर्माण कराया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल के सामने,थाना गेट के पास जलभराव हो जाने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामान करना पड़ता है। यही हाल मुबारक मोड़ तिराहा, गूमाफात्मा जोत तिराहा, नेवादा मोड पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसे निराकरण कराने की मांग कस्बा वासियो सहित पूर्व जिप सदस्य ने नाली निर्माण की माँग किया है।

# बैंक आफ बड़ौदा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

- केबिन और एटीएम जला
- बैंक के लाकर, कैश और डॉक्यूमेंट्री सुरक्षित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ बड़ौदा की ऊंचाहार मुख्य शाखा में शनिवार की सुबह बिजली स्पार्किंग से आग लग गई। इससे शाखा के अंदर की सभी केबिन, फर्नीचर और एटीएम के उपकरण जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि बैंक के लाकर, कैश और डॉक्यूमेंट्री सुरक्षित है।

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में तड़के करीब चार बजे अचानक विद्युत शॉट सर्किट से आग लग गई। बैंक के आसपास रहने वाले लोगों ने प्रातः करीब पांच बजे बैंक के अंदर से निकल रहे धुएं के गुब्बार को देखा तो वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद बैंक अधिकारियों, पुलिस और दमकल को मामले की सूचना दी गई। सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीआईएसएफ दमकल की गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

### बैंक प्रबंधक का कमरा जला; कैश जलने से बचा

इस दौरान बैंक परिसर के अंदर स्थित प्रबंधक, कैश काउंटर समेत सभी केबिन और फर्नीचर जलकर राख हो चुके थे। बैंक के बाहर स्थित एटीएम तक आग पहुंच गई थी। जिससे एटीएम के भी उपकरण जलकर राख हो गए हैं। इस अग्निकांड में कई लाख रुपए की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। दूसरी ओर गनीमत थी कि बैंक में रखा कैश, एटीएम का कैश, डॉक्यूमेंट्री, लाकर पूरी तरह सुरक्षित है। शाखा प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक का कैश आदि महत्वपूर्ण चीजें सुरक्षित है। आग से हुए नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# स्कॉर्पियो सवार दबंगों ने घर में घुस कर जमकर की मारपीट

- मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद
- पिटाई का वीडियो वायरल
- पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की शुरू



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों पर जरा भी पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है आए दिन मारपीट और लूट की घटनाएं सामने आ रही हैं ताजा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा गांव का है जहां बीती रात करीब 2-00 बजे नापतौल विभाग में काम करने वाले मोहम्मद नाजिम के घर पर तीन स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार आधा दर्जन से अधिक दबंग पहुंचे दरवाजे को खटखटाया और जैसे ही दरवाजा खुला तो घर के अंदर सभी दबंग घुस गए और नाजिम हुआ उसकी पत्नी और बेटों के साथ जमकर मारपीट की दबंग की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वायरल वीडियो में काले रंग की स्कॉर्पियो नाजिम के घर के सामने रूकती है उसके बाद तीनों गाड़ियों से दबंग उतरते हैं पहले एक युवक दरवाजे को खटखटाता है और जैसे ही दरवाजा खुलता है घर के अंदर घुसकर दबंग मारपीट करने लगते हैं जब तक पास पड़ोस के लोग दौड़ते तब तक मारपीट करते हुए और नाजिम के बेटे को खींचते हुए स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाने की कोशिश करते हैं तभी पड़ोस के लोगों को आता देख नाजिम की पत्नी के गले से चेन खींचकर एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार दबंग भाग निकलते हैं जबकि अन्य दो गाड़ियों को ग्रामीण घेर लेते हैं पुलिस को फोन किया जाता है लेकिन घंटो बीत जाने के बाद पुलिस पहुंचती है और दो गाड़ियों को कब्जे में लेकर साथ ही एक युवक को गिरफ्तार कर थाने लेकर चली जाती है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की अब जांच पड़ताल कर रही है।

# शाखा प्रबन्धक व दो अन्य सहयोगी अभियुक्त गिरफ्तार

- षड़यन्त्र कर छलपूर्वक वादी का बिजनेस लोन की धनराशि पास कर हड़पने का मामला



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

पांच दिसम्बर को थाना को. नगर जनपद बलरामपुर में वादी विवेक कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी मोहल्ला गदुरहवा थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि प्रार्थी को लोन की आवश्यकता थी तो प्रार्थी के मित्र मारूफ पुत्र हैदर निवासी मोहल्ला पुरैनिया तालाब थाना को. नगर बलरामपुर के द्वारा 9,50,000रु0 लोन के लिए इड़ियन बैंक शाखा बलरामपुर में अप्लाई करवाया था कई दिन बीत जाने पर जब लोन की धनराशि प्रार्थी के खाते में नहीं आई तथा प्रार्थी के खाते से किस्ते भी कटने लगी तो प्रार्थी द्वारा मारुफ उपरोक्त से पूछा गया तो उसने कुछ नहीं बताया इसके बाद प्रार्थी ने बैंक जाकर पता किया तो ज्ञात हुआ कि लोन की संपूर्ण धनराशि दो किस्तों में अब्दुल गनी पुत्र शकील निवासी मोहल्ला बलुआ थाना कोतवाली नगर बलरामपुर प्रो. मेकरानी ट्रेडर्स के खाते में भेजा गया है जिसकी पहली किस्त 3,80,000रु. व दूसरी किस्त 5,50,000रु. अब्दुल गनी पुत्र शकील निवासी मो. बलुहा कोतवाली नगर बलरामपुर के खाते में भेजी गयी है अब्दुलगनी द्वारा उक्त धनराशि को मारुफ के खाते में ट्रांसफर कर दिया है। और मेकरानी ट्रेडर्स ने प्रार्थी के नाम से फर्जी कोटेशन बनाकर बैंक में लगाया है प्रार्थी को आज तक लोन का एक रुपया भी नहीं मिला। उक्त जालसाजी में तत्कालीन बैंक मैनेजर कुलभूषण अस्थाना, मारूफ व अब्दुल गनी तीनों ने मिलकर प्रार्थी के साथ छलकपट, धोखाधड़ी, कूटरचना, जलसाजी कर प्रार्थी के लोन की धनराशि को आपस में बांट लिया है। इस संबंन्ध में को. नगर पर इडियन बैंक शाखा प्रबन्धक कुलभूषण अस्थाना आदि 03 नफर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

एसपी बलरामपुर विकास कुमार द्वारा उक्त घटना के अपराधियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक को. नगर शैलेश सिंह के कुशल नेतृत्व में छह दिसम्बर को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 324/2024 धारा-419, 420, 467, 468, 471, 409,120बी भा0द0वि0 में नामित अभियुक्तगण 1.मारूफ पुत्र हैदर अली नि0 मोहल्ला पुरैनिया तालाब थाना को0 नगर बलरामपुर 2.अब्दुल गनी पुत्र मो0 शकील नि0 मोहल्ला बलुहा थाना को0 नगर बलरामपुर 3. कुलभूषण अस्थाना तत्कालीन शाखा प्रबन्धक इण्डियन बैंक, बलरामपुर को अभियोग पंजीकरण के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया गया एवं गिरफ्तार शुदा अभियुक्तो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य कैंप में मरीजों को जागरूकता व इलाज का मिला लाभ



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला में मानसिक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष आदर्श नगर पालिका प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता और अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

कैंप में मरीजों को परामर्श देने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम मौजूद रही, जिसमें डॉ. संजय कुमार, डॉ. विनय कुमार, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. यासिर खान, लाल बाबू मौर्या, विजय किशोर तिवारी, और आशुतोष कुमार उपाध्याय शामिल थे। इन डॉक्टरों ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के साथ ही सही समय पर इलाज की आवश्यकता पर जोर दिया। कैंप में मानसिक रोगों से जूझ रहे मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया गया और इलाज के लिए सही मार्गदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने चिंता, अवसाद, तनाव और अन्य मानसिक बीमारियों से संबंधित समस्याओं का समाधान पेश किया। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। यह मानसिक स्वास्थ्य कैंप उतरौला क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इसने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और उन्हें सही दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सराहना की गई।

## ओवरलोड गन्ना लदी ट्राली से बाल बाल बचे राहगीर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

ओवरलोड गन्ना दली ट्राली से बाल बाल बचे राहगीर। स्थानीय कस्बे के अहरौला -मनकापुर बाईपास से आज कल भारी वाहनों का आवागमन अत्यधिक हो जाने से आये दिन बड़ी दुर्घटना की आशंकाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिनमें गन्ने से लदी ओवरलोड ट्रालियां प्रमुख रुप से देखी जा रही हैं । आज जब मनकापुर - सादुल्लहनगर की तरफ आवागमन के बीच अहरौला की तरफ से एक ट्राला जिसमें लगभग दो ट्रक की क्षमता का गन्ना ओवरलोड की स्थिति में लदा हुआ अपनी पूरी क्षमता के साथ में रोड पर चढ़ाने की कोशिश र ही रहा था तभी ट्रैक्टर से ट्राला टूटकर अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ लुढ़कने लगा ट्राला के पीछे अपने वाहनों पर इन्तजार में थे अचानक भगदड़ मच गई ओर वाहन एक खेत में जाकर फंस गया जिससे लोगों में अत्यधिक दहशत का माहौल बन गया प्रत्यक्षदर्शी आमिर ,राजेश, अनूप, तौकीर महेश कुमार, अल्तमश आदि ने बताया कि जिस तरह ये ओवरलोड ट्रालियां गन्ना लाद कर मुख्य सड़क पर चढ़ाने का प्रयास करते हैं अत्यधिक दहशत का दृश्य होता है जिससे किसी ना किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है जिसके लिए प्रशासन को सचेत होने की आवश्यकता है ।

# संपूर्ण समाधान दिवस : सफाई व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत दर्ज




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

संपूर्ण समाधान दिवस पर आदर्श नगर पालिका परिषद, उतरौला के अंतर्गत सफाई व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता आदिल हुसैन, पूर्व अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, ने बताया कि पटेल नगर वार्ड नंबर 21

में सफाई कर्मचारी माह में केवल चार दिन ही सफाई करने आते हैं। इस लापरवाही के चलते क्षेत्र में गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। आदिल हुसैन ने अपनी शिकायत में कहा कि 21 मई से क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित है। नालियों में कचरा जमा है और सड़कों पर गंदगी फैली हुई है। इसके अलावा, सफाई कर्मियों द्वारा नियमित सफाई न किए जाने के कारण कई स्थानों पर दुर्गंध और गंदगी का माहौल व्याप्त हो गया है। उन्होंने विशेष रूप से इमामबाड़ा और आसपास की गलियों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान आकर्षित करते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए और लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को हटाकर अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों को नियुक्त किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का अनुरोध किया है।

आदिल हुसैन ने कहा कि उन्होंने जो भी बातें दर्ज कराई हैं, वे पूरी तरह से सत्य और तथ्यात्मक हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उनकी शिकायत में कोई भी बात गलत पाई जाती है, तो वह विधिक कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगे।

स्थानीय प्रशासन ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्षेत्र के निवासियों को गंदगी और असुविधा से राहत मिल सके। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि सफाई कर्मियों की नियमित तैनाती को सुनिश्चित किया जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस शिकायत ने स्थानीय प्रशासन के समक्ष सफाई व्यवस्था की स्थिति को उजागर किया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी जल्दी और प्रभावी कार्रवाई करता है, ताकि स्थानीय निवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके।




### जागरूकता के लिए बिजली विभाग ने निकाली रैली

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए रैली निकाली गई।हाथों में तख्तियां लेकर एलाउंसमेंट के साथ उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।सलोन के सूची उपकेंद्र एसडीओ सुरेंद्र कुमार के अगुवाई में सूची कस्बा खौसनहा आदि गांवों में एक मुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए कर्मचारियों के साथ तख्तियां लेकर जागरूकता रैली निकाली।जिसमें उपभोक्ताओं को बिजली भुगतान में भारी छूट को लेकर जानकारी दी गई।एसडीओ सुरेंद्र कुमार ने बताया 15 दिसंबर से एक मुश्त समाधान योजना प्रारंभ हो रही हैं।जो तीन चरणों में चलेगी।जिस चरण में उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन कराएगा।उसके हिसाब से उसको छूट का फायदा मिलेगा।इसीलिए रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।जिससे उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके।इस मौके पर विद्युत विभाग के सभी विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# भव्य बाल मेला में बच्चों ने प्रस्तुत की विविध गतिविधियां



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को उतरौला के एम जे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में डायरेक्टर सैयद समीर रिजवी की देखरेख में एक भव्य बाल मेला आयोजित किया गया। यह मेला बच्चों को मनोरंजन, कला, और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, खेल, और मनोरंजन गतिविधियाँ छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गईं, जो दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही।

कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पॉपकॉर्न, कॉटन कैंडी, पानी पुरी, मैगी, समोसा, चाट, आइसक्रीम, सैंडविच, फ्राइड राइस, मंचूरियन, दही जलेबी, छोला भटूरा, वेज रोल, वडा पाव, भेलपुरी, चिप्स चाट, ब्रेड पकोड़ा, और अन्य कई स्वादिष्ट व्यंजन और फास्ट फूड का विक्रय किया। इसके अलावा, विभिन्न खेल जैसे फीड द क्लाउन, रिंग टॉस, लकी व्हील्स, बैलून शूटिंग, हिट द मटका, और ट्राई योर लक के स्टॉल भी लगाए गए थे, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने भाग लिया।

मेले में टोकन काउंटर से टोकन खरीदकर अभिभावक और बच्चे स्वादिष्ट पकवानों का आनंद ले रहे थे, जबकि कई लोग लकी ड्रा कूपन खरीदकर अपनी किस्मत आजमा रहे थे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक पहुंचे और मेले का आनंद लिया।

डायरेक्टर समीर रिजवी ने बताया कि इस भव्य बाल मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को बाहर लाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी डॉ. अवधेश श्रीवास्तव ने निभाई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य हिमांशुधर द्विवेदी, सिज्जू रिजवी, कायम मेहंदी, मीसम अब्बास, हर्षिता श्रीवास्तव, प्रिस कुमार मिश्रा, फसीहुद्दीन खां, रविंद्र कुमार, मुकेश, और मनोज का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## अनावश्यक रूप से नोटिस देकर धन वसूली का रास्ता बनाने वाले ईओ पर मेहरबान अधिकारी

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

कथित रूप से नाले के जमीन पर हो रहे निर्माण को लेकर नोटिस देने वाले ईओ की कार्रवाई भी संदेह में है। पीड़ित शेर आलम ने आरोप लगाया कि धन वसूली की लालच में आकर ईओ राजमणि वर्मा ने तीन दिसंबर को उसे अकारण नोटिस जारी किया था। जबकि उसका निर्माण नाले से पांच फीट की दूरी पर है। आरोप है कि वार्ड की सभासद के प्रतिनिधि के कहने पर ईओ ने उसके विरुद्ध नोटिस जारी कर उसे डराया। इसी नोटिस के आधार पर ही सभासद प्रतिनिधि ने ईओ तहसीलदार व एसडीएम के स्टेनो के नाम पर पचास हजार रुपयों की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल होने के बाद तहसीलदार की तहरीर पर सभासद प्रतिनिधि ऐमन रिजवी के खिलाफ धन उगाही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अधिकारियों के नाम पर वसूली करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन बिना तथ्य के नोटिस जारी करने वाले ईओ के विरुद्ध न तो विभागीय कार्रवाई हुई न ही उनके विरुद्ध कोई अभियोग ही पंजीकृत कराया गया। इस संबंध में ईओ का कहना है कि सभासद प्रतिनिधि की शिकायत पर नोटिस जारी की गयी थी?। अगर निर्माण वैध जमीन पर है तो नोटिस का कोई महत्व नहीं है।

## अरावली की बलि

उस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थतिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत श्रृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत श्रृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में निर्यात परिदृश्य में वृद्धि

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

आत्मनिर्भर भारत और स्व आधारित अर्थव्यवस्था ने केंद्र में मोदी सरकार का मार्गदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए समय-समय पर लागू की गई नीतियों के अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निरंतर प्रयासों से भविष्य में सभी उद्योगों में मजबूत सकारात्मक आर्थिक परिणाम मिलेंगे। भारतीयों और मोदी सरकार के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वास, भरोसा और सम्मान में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय व्यवसायों और उद्योगों के लिए पूरी दुनिया यानी 800 करोड़ ग्राहक सामने आए हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए युवाओं को अपने ज्ञान, कौशल और शोध योग्यता में सुधार करना चाहिए।

भारत के वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह निर्यात वातावरण में असाधारण सफलताओं द्वारा परिभाषित की गई है। देश ने पेट्रोलियम तेल, कृषि रसायन, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) और कीमती जवाहरात (जेम्स ) सहित विभिन्न उद्योगों में बड़ी प्रगति की है। यह वृद्धि बेहतर तकनीक, नवीन तकनीकों और प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के माध्यम से वैश्विक मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता को दर्शाती है। मजबूत सरकारी पहलों के समर्थन से देश न केवल अपने निर्यात आधार का विस्तार कर रहा है बल्कि भरोसेमंद विश्वव्यापी आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को भी बढ़ा रहा है। 4-अंकीय एचएस स्तर पर कई महत्वपूर्ण उत्पाद श्रेणियों में भारत का निर्यात प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है, देश ने शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के बीच अपनी स्थिति को बरकरार रखा है या इसमें सुधार किया है, सभी का निर्यात मूल्य 2023 में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है।

पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) ने तेजी से विकास किया है, निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 बिलियन से बढ़कर 2023 में 84.96 बिलियन हो गया है, जो वैश्विक बाजार का 12.59% है। इस जबरदस्त उछाल ने भारत को दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है, जो बढ़ी हुई रिफाइनिंग सुविधाओं, अधिक उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है, जिसने दुनिया भर में एक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। इसके अलावा, भारत का कोल टार डिस्टिलेशन उत्पादों का निर्यात 2023 में 1.71 बिलियन तक पहुंच गया, जो वैश्विक बाजार का 5.48% हिस्सा है और कुल मिलाकर चौथे स्थान पर है, जो औद्योगिक मूल्य श्रृंखलाओं में इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है। भारत को कृषि रसायन क्षेत्र में विशेष रूप से कीटनाशकों, कृंतकनाशकों और कवकनाशकों के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 2023 में निर्यात



इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने जबरदस्त परिणाम दिए हैं। निर्यात 2014 में 0.23 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 2023 में 1.91 बिलियन डॉलर हो गया, जो 1.40% की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी तक पहुँच गया और नौवें स्थान पर पहुँच गया, जो 2014 में 20वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह उपलब्धि वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है, जिसे घरेलू उत्पादन और नवाचार में सुधार की पहलों द्वारा बल मिला है। इलेक्ट्रिक मोटरों और जनरेटरों के लिए भागों का निर्यात भी काफी बढ़ गया है, जो 2023 में 4.86% की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ 1.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में बहुत प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। इसका वैश्विक बाजार हिस्सा बढ़कर 3.31% हो गया, जिससे यह 2014 में चौदहवें स्थान से आठवें स्थान पर पहुँच गया।

4.32 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जो विश्वव्यापी बाजार का 10.85% है, यह 2014 में 5.89% था। अनुसंधान और विकास में निवेश, साथ ही अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के पालन ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बनने में मदद की है। यह वृद्धि स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

भारत के चीनी निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, देश की गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31% से बढ़ कर 2023 में 12.21% हो गई है। 2023 में निर्यात कुल 3.72 बिलियन डॉलर रहा, जिसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया। मजबूत उत्पादन आधार और लाभकारी कृषि नीतियों ने भारत को विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका में बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया है, जिससे उसका कृषि क्षेत्र मजबूत हुआ है। इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर और संबंधित घटकों के निर्यात से देखा जा सकता है, जो 2014 में 1.08 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 तक 2.85 बिलियन डॉलर हो गया है। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 2023 में 2.11% हो गई, जो इसे 2014 में सत्रहवें स्थान से दसवें स्थान पर ले गई। ÷मेक इन इंडिया÷ और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं जैसे सरकारी योजनाओं ने इस प्रगति को गति दी है, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने जबरदस्त परिणाम दिए हैं। निर्यात 2014 में 0.23 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 2023 में 1.91 बिलियन डॉलर हो गया, जो 1.40% की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी तक पहुँच गया और नौवें स्थान पर पहुँच गया, जो 2014 में 20वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह उपलब्धि वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है, जिसे घरेलू उत्पादन और नवाचार में सुधार की पहलों द्वारा बल मिला है। इलेक्ट्रिक मोटरों और जनरेटरों के लिए भागों का निर्यात भी काफी बढ़ गया है, जो 2023 में 4.86% की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ 1.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है।

यह वृद्धि नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की दुनिया भर में बढ़ती मांग के अनुरूप है, जिसने भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में बहुत प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। इसका वैश्विक बाजार हिस्सा बढ़कर 3.31% हो गया, जिससे यह 2014 में चौदहवें स्थान से आठवें स्थान पर पहुँच गया। यह विस्तार भारत की गुणवत्ता, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विभिन्न ग्राहकों, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सेवा करने की क्षमता पर जोर देता है। इसी तरह, नल, वाल्व और ऐसे ही औद्योगिक उत्पादों का निर्यात 2023 में 2.12 बिलियन डॉलर था, जो दुनिया भर के बाजार का 2.16% था और भारत को वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान पर रखता है। यह सफलता काफी हद तक उन्नत उत्पादन विधियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है।

## विचार

# कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

**मनोज कुमार मिश्र**

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हैं। पर्यावरण के नजरिये से घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा इत्यादि ज्यादा नुकसानदेह हैं। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कूड़े में से तमाम नए तरह के कूड़े पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खासकर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी।

दिल्ली, मुंबई या दूसरे शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंड के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई से छोटे शहर देहरादून आदि के कूड़े घर



में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ा कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद (शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन्यजीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं।

घरों से निकलने वाले कूड़े का प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरुआत में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब इमारतों को तोड़ने या पुनर्निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल करके दूसरी चीजें बनाई जाने लगी हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरों का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगती है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उन पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम दुनिया के जिन अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता की अंधी दौड़ में फंसे हुए हैं, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ कर वापस कुछ और मिट्टी या बांस-फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थीं। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग

घरों से निकलने वाले कूड़े का प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरुआत में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब इमारतों को तोड़ने या पुनर्निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल करके दूसरी चीजें बनाई जाने लगी हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरों का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगती है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल फोन, टीवी, फिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है।

सामान लाने-ले-जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रॉनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है।

शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे। अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कारण कूड़ा-कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन-सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में प्रदूषण के बड़े कारणों में एक मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या पर हम पूरी तरह से निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव करके प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने की होड़ से अन्न के अवशेष भी जहर बनते जा रहे हैं।


## भोपाल गैस पीड़ितों की उम्मीद

**बाबा मायाराम**

हाल ही में भोपाल गैस कांड के 40 साल पूरे हुए हैं। लेकिन अभी भी गैस पीड़ितों की मुश्किलें कम नहीं हुए हैं। वे कई बीमारियों से पीड़ित हैं। मुझे कई बार गैस पीड़ितों से रूबरू होने का मौका मिला है। कुछ वर्ष पहले मैंने वहां गैस पीड़ितों के बच्चों के लिए काम करने वाले चिंगारी ट्रस्ट के काम को देखा था और यह रिपोर्ट बनाई थी। मुझे लगा इस मौके पर यह रिपोर्ट आप के साथ साझा करूं, जिससे बहुत कठिनाईयों के बीच रहकर भी गैस पीड़ित किस तरह आशा और उम्मीद से राह बना रहे हैं, यह पता चल सके।

भोपाल का गैस हादसा हुआ था, तब मैं विद्यार्थी था, और इसने हम सबको हिला दिया था। इस हादसे के कुछ समय बाद में भोपाल गया था, और गैस पीड़ितों के विरोध प्रदर्शन को करीब से देखा था। मुख्यमंत्री के आवास पर एक लम्बा धरना हुआ था, वहां भी पहुंचा था। यह हादसे के लगभग एक महीने की बात है। गैस पीड़ितों का बुरा हाल था, और वे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। लेकिन वहां भी गैस पीड़ितों की एकता देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ था। वहां सभी समुदायों के बीच सौहार्द व भाईचारा की मिसालें दिखाई देती थी। सभी बस्तियों से धरना में बैठे लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही थी। ठंड बहुत थी। अलाव जल रहा था। उसके आसपास बैठकर गैस पीड़ित व भोपालवासी उनकी दुख-तकलीफें को साझा कर रहे थे। इसके बाद मैं कई बार भोपाल गैस पीड़ितों की संघर्ष में शामिल हुआ। वे कई बीमारियों से आज भी पीड़ित हैं। ऐसी खबरें आती रहती हैं। उनकी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। लेकिन ऐसे हालात में भी वहां की संघर्ष पीड़ित महिलाओं ने साहस दिखाया है। न केवल उन्होंने सड़क पर संघर्ष किया है, बल्कि रचनात्मक कामों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। ऐसा ही एक चिंगारी ट्रस्ट है, जिसके काम को मैंने कुछ साल पहले देखा था।

भोपाल शहर मध्यप्रदेश की राजधानी है लेकिन इसकी एक और पहचान है यूनियन कार्बाइड से रिसी गैस त्रासदी। इसे याद करके आज भी लोग सिहर जाते हैं। गैस प्रभावितों ने उनके इलाज, पुनर्वास, मुआवजा और अधिकार की लम्बी लड़ाई लड़ी है और संघर्ष के साथ रचना का काम भी किया है। गैस पीड़ित बच्चों के लिए पुनर्वास केन्द्र इसकी मिसाल है। सभी जानते हैं कि 2-3 दिसंबर, 1984 की काली रात को भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड (यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड) ने भोपाल की हवा में जहर घोल दिया था और इसमें हजारों लोग मारे गए, कई महिलाएं विधवाएं हो गई, बच्चे अनाथ हो गए और जो बच गए वे कई बीमारियों व शारीरिक विकृतियों के शिकार हो गए। करीब तीन पीढ़ियों के बाद भी नवजात बच्चों में कई तरह से इसका असर देखा जा रहा है। इसका प्रभाव सिर्फएक घटना और तात्कालिक नहीं है बल्कि यूनियन कार्बाइड के आसपास के क्षेत्रों में जो जहरीले रसायन व अपशिष्ट पदार्थ मौजूद थे, उनसे भूजल प्रदूषित हो गया। इसकी कई जांच एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। इस प्रदूषित भूजल ने भी नवजात बच्चों पर गहरा असर डाला है और उन्हें कई बीमारियों का शिकार बनाया है। यानी गैस पीड़ित और पानी पीड़ित दो तरह से लोग और खासतौर से बच्चे प्रभावित हुए हैं। ऐसे ही एक गैस पीड़ित बच्चों के पुनर्वास केन्द्र को देखने मैं कुछ साल पहले भोपाल गया था। यह केन्द्र भोपाल की रशीदा बी और चंपादेवी शुक्ला के प्रयासों से चल रहा है। ये दोनों ही महिलाएं भोपाल की गरीब बस्ती की हैं और खुद भी गैस पीड़ित रही हैं। इन्होंने भोपाल के गैस पीड़ितों के साथ मिलकर उनके अधिकारों की लम्बी लड़ाई लड़ी है। भोपाल से लेकर दिल्ली और विदेश तक जाकर गैस पीड़ितों की आवाज उठाई जिसका ही परिणाम है उनकी इस लड़ाई को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल सराहा गया बल्कि सम्मान मिला।वर्ष 2004 में रशीदा बी और चंपादेवी शुक्ला को संयुक्त रूप से अमेरिका में गोल्डमेन पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार में मिली राशि से चिंगारी ट्रस्ट बनाया। पूरी राशि ट्रस्ट को दान कर दी है। 22 मार्च 2005 में चिंगारी ट्रस्ट बना और इसी ट्रस्ट ने पुनर्वास केन्द्र शुरू किया।



## राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातें बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# लोकतंत्र बचाना है तो ईवीएम प्रणाली को हटाना होगा

**जगदीश रत्तनानी**

महाराष्ट्र में कुछ दिन पहले हुए विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर भारी असंतोष है। इन नतीजों के प्रति नाराजगी व्यक्त करने के लिए आंदोलन किया जा रहा है। दरअसल चुनाव को चुनौती देने के बनिस्बत उसके खिलाफ चल रहा आंदोलन ज्यादा महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एनसीपी के गठबंधन में शामिल भाजपा को भारी बहुमत मिला है। यह सच है कि चुनावी आंकड़ों का खेल चलाना और मैदान में जनता का मूड पढ़ने वाले लोगों, मतलब दोनों के लिए चुनावी मिजाज को भांपना एक जटिल काम है, इसके बावजूद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव इस बार एक विशेष चुनौती पेश करता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि मतदाताओं का मूड हाल ही में संपन्न 2024 के विधानसभा चुनावों के आए परिणामों से बहुत अलग था और रहेगा। इस तर्क में दम है कि मतदाताओं का मूड उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए एक समझने योग्य और अपेक्षित सहानुभूति वोट के पक्ष में स्पष्ट, दृश्यमान और दृढ़ता से झुका हुआ था जिनकी सरकार को भाजपा को चुनौती



देने, उससे अलग होने का साहस करने और कर दिखाने की चुनौती देने के बाद गिरा दिया गया था। नई दिल्ली की सल्तनत के खिलाफइस लड़ाई में महाराष्ट्रीयन गौरव की कहानी के सभी पहलू थे जिससे तनाव पैदा हुआ और जिसके नतीजे सामान्य तौर पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेतृत्व वाले गठबंधन के पक्ष में जाते।

ऐसा इसलिए है क्योंकि सत्ता के इस खेल में शिवसेना का शिंदे गुट पीठ में छुरा घोंपने वाला था। उधर भाजपा के साथ सत्ता में शामिल होने की चाह में एनसीपी के अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार को धोखा दिया था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के पास यह तर्क देने के लिए पर्याप्त सामग्री है कि जिस तरीके से ठाकरे सरकार को तोड़ा गया, विधायकों को भाजपा शासित राज्यों- गुजरात और असम में छिपाने के साथ जिस तरह से ठाकरे-शिवसेना के चुनाव चिन्ह को छीना गया और जिस ढंग से शरद पवार के व्यापक प्रभाव को कम करने की कोशिश की गई, वह सब लोगों को पसंद नहीं आया। उनकी राय में बड़े धन बल, बहुप्रचारित अभियान निष्पादन या आरएसएस के जमीनी समर्थन के बाद भी शिंदे-अजित सहित इनमें से किसी को, और विशेष रूप से भाजपा को आम तौर पर कोई वोट नहीं मिलेगा। वास्तव में भाजपा की ओर झुकाव रखने वालों को भी यह समझाने में मुश्किल हो रही है कि ठाकरे और पवार को तोड़ने के लिए इस्तेमाल की गई ताकत सही थी या गलत। सहानुभूति रखने वालों के पास एक सीमित तर्क यह है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्रवाई की कथित धमकी के कारण शिंदे या अजित पवार को रैंक तोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय को अब व्यापक रूप से भाजपा के लिए काम करने वाले संगठन के रूप में देखा जाता है।

भाजपा के लिए यह केवल नकारात्मकता बटोरता है।महाराष्ट्र में लोग यह अच्छी तरह से जानते हैं कि तख्तापलट का मास्टरमाइंड कौन था तथा अभियान की अगुवाई नई दिल्ली के शीर्ष भाजपा नेतृत्व द्वारा की गयी थी। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे के बीच अत्यधिक कड़वाहट थी क्योंकि ठाकरे ने भाजपा से अलग होने तथा कांग्रेस के साथ टीम बनाने का फैसला किया था। यह एक स्वीकृत तथ्य है कि भाजपा उन्हें सबक सिखाने के लिए संकल्पित थी।

इस खटास में भाजपा नेतृत्व के गुजरात संबंधों को सीधे तौर पर देखा गया है इसलिए महाराष्ट्र-गुजरात विभाजन स्पष्ट था जो शिवसेना के अभियान के महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक बन गया। इसके अलावा शिवसेना के अभियान में गुजरात स्थित गौतम अडानी समूह का मुद्दा भी शामिल हो गया। अडानी समूह मुंबई में रियल एस्टेट परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है और उसने मुंबई की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी के पुनर्विकास के लिए एक विवादास्पद मेगा-अनुबंध हासिल किया है। यह समूह मुंबई हवाईअड्डा भी चलाता है। यह कहानी एक गहन भावना से भरी है लेकिन विधानसभा के परिणाम इस भावना के विपरीत गए हैं- भाजपा-शिवसेना (शिंदे)-एनसीपी (अजित पवार) गठबंधन ने 288 सीटों में से कुल 230 सीटें जीतीं, जिनमें अकेले भाजपा की 132 सीटें हैं। जीत इतनी जबरदस्त है कि इस बार महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होगा। जून 2024 को हुए लोकसभा चुनावों में शिवसेना का वोट शेयर 16.72 प्रतिशत था जो अभी घटकर 9.96 फीसदी हो गया। यह भारी गिरावट है जिसके बारे में लोगों को समझाना बहुत आसान नहीं है। चुनावी नतीजों के विरोध में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता (95) बाबा आढाव द्वारा की गई भूख हड़ताल ईवीएम के दुरुपयोग के आरोपों को नया बल देती है। इसमें महाराष्ट्र चुनाव में धन बल के भारी उपयोग की बात तो शामिल भी नहीं की गई है। आढाव पुणे में महात्मा ज्योतिबा फुले के घर फुलेवाडा पर धरने पर बैठे। उनका धरना यह संकेत देता है कि यह आंदोलन बाहुबल-धन के खुल्लमखुल्ला इस्तेमाल के खिलाफ सामाजिक-राजनीतिक आंदोलन है व इसमें जमीनी हकीकत के विपरीत परिणाम देने के लिए मशीन की अगुवाई में हेर-फेर का अतिरिक्त आरोप भी शामिल है। मतदान करने वाले लोगों की संख्या में भारी वृद्धि के बारे में उठाए गए सवालों पर चुनाव आयोग से कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात भी की। आधिकारिक रिकॉर्ड में मतदान के दिन शाम 5 बजे तक मतदान का प्रतिशत 58.22 से बढ़कर उसी रात 11.30 बजे 65.02 फीसदी हो गया और मतगणना के दिन 66.05 प्रतिशत हो गया। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि मतदान के बदलते प्रतिशत ने चुनाव आयोग की छवि को धूमिल किया है और यह कि ईवीएम प्रणाली के तहत चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर संदेह और गहरा रहा है। यह भारत में लोकतांत्रिक प्रणालियों, प्रक्रियाओं एवं परंपराओं के लिए झटका है। यह भारत के लोकतंत्र की जगमगाती छवि को मंद करने वाला नजर आ रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

- तहसील महोबा में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार की अध्यक्षता में 48 में से 06 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 17 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जाँच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# योगी सरकार के फरमान को दरकिनार कर प्रदर्शन पर बैठे विद्युतकर्मी

- निजीकरण के विरोध में बैठकर शासन के खिलाफ कर रहे नारेबाजी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी में योगी सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद जिले में तैनात विधुतकर्मी निजीकरण के विरोध में बैठकर प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे है। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विधुत उपकेंद्र में निजीकरण के विरोध में बड़ी सख्या में बैठकर नारेबाजी कर धरने की तैयारी में बने हुए है । विद्युत कर्मियों की देख नारेबाजी को देख



पुलिस और प्रशासनिक आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाने के प्रयास में जुट गए हैं। साथ ही हर संभव स्थिति से निपटने के लिए मुस्तेदी से खड़े हो गए है ।महोबा शहर के दक्षिणांचल विद्युत उपकेंद्र परिसर में बैठे विद्युत कर्मी एक साथ आवाज बुलंद कर निजीकरण के विरोध में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं हालात यह है आवाज दो हम एक हैं चाल फिरंगी, निजीकरण की नही चलेगी नही चलेगी के नारे लगाकर अपना विरोध जताया रहे है । सदर एसडीएम जीतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कि यह सभी विद्युत कर्मी हड़ताल पर नहीं बैठे है। बल्कि बैठक कर रहे हैं उनकी बैठक की सूचना को लेकर हम लोग पुलिस और प्रशासनिक बल के साथ विद्युत उपकेंद्र पर बैठे हुए है । किसी भी हालत में हड़ताल नहीं होने दी जाएगी ना ही बिजली व्यवस्था में आपूर्ति बाधित होगी ।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेले का आयोजन 12 को

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** आगामी 12 दिसंबर को श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साँखाहरी घाटमपुर कानपुर नगर में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने श्री शक्ति डिग्री कॉलेज को बधाई देते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय कुलाधिपति और राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की भावनाओं अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई प्रतिष्ठित कंपनियों आएगी तथा बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने की अवसर मिलेगा। कॉलेज प्रबंधक और उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा की इस रोजगार मेला में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ ही क्षेत्र के अन्य युवा भी बड़ी संख्या में भाग लेकर रोजगार प्राप्त करने का लाभ ले सकते हैं श्री त्रिवेदी ने बताया कि 2 दिन पूर्व विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों ने महाविद्यालय भ्रमण कर तैयारी का जायजा लिया साथ ही छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार के समय अपना परिचय देने की कला सिखाते हुए एक प्रभावी रिज्यूम बनाने की तकनीक भी सिखाई। कॉलेज प्रबंधक ने बताया की युवा विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए गूगल फॉर्म को भरकर निशुल्क अपना रजिस्ट्रेशन इस रोजगार मेला के लिए कर कर भाग ले सकते हैं।

### विधिक साक्षरता शिविर में दी कानून की जानकारियां



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा जे0पी0 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के तत्वाधान मे राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चरखारी, जनपद महोबा मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा की ओर से पराविधिक स्वयंसेवक दीपक सिंह एवं नित्यकिशोर सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे मे बताया मे बताया गया कि यदि किसी के साथ अन्याय होता है तो सीधे पुलिस से शिकायत कर सकता एवं जनपद महोबा मे संचालित वन स्टॉप सेन्टर मे सम्पर्क कर सकता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना अन्तर्गत नालसा हेल्प लाइन नं0 15100 पर सम्पर्क कर सकता है तथा निःशुल्क सहायता हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा मे सम्पर्क कर सकता है। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोज गोस्वामी, प्रभारी वन स्टाप सेन्टर क्षमा, ग्रामीण स्वावलम्बन समिति, एन0जी0ओ0 से कु0 जूली चौरसिया, एवं कमलेश सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन उपरान्त उपस्थित अध्यापिकाओं एवं छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुये उन्हे प्रदत्त जानकारियों पर हर्ष व्यक्त किया गया।

# अधूरे पड़े सेतु निर्माण व सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

- एक सप्ताह में समस्या हल न होने पर अनशन की दी चेतावनी



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सैकड़ो ग्रामीणों और छात्र.छात्राओं ने अधूरे पड़े सेतु निर्माण एवं सड़क निर्माण को प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा है। ग्राम छिमौली में सेतु निगम विभाग द्वारा कराये जा रहे पुल का निर्माण कार्य लगभग 5 वर्षों के पश्चात पूर्ण तो करा दिया गया था परन्तु उसके दोनों तरफ मिट्टी की पुराई का कार्य होना है जिसमें एक साइड पर लगभग 75 प्रतिशत पुराई का कार्य करा दिया गया हैए शेष कार्य अभी भी नहीं कराया जा रहा है।

वहीं ग्रामवासियों को छिमौली से मौदहा तक का सफर तीन किलोमीटर का है परन्तु बरसात हो जाने के कारण छिमौली करहिया सिजनौडा होते हुये मौदहा लगभग 17 किलोमीटर का सफर तैय करना पडता है अगर किसी की बरसात में तबियत खराब हो जाती है तो वह बढ़ी ही मुश्किल से मौदहा कस्बा पहुंच पाता है वहीं इस दौरान ग्राम प्रधान नीलू निषादए शहबाज अली विवेक चंद्र आशिक शकील माया देवी शकुंतला मालती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से की ठगी, पुलिस कप्तान से शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** युवक को विदेश में नौकरी लगवाने का झांसादेकर एक ठग ने एक लाख नब्बे हजार रुपये ठग लिये शासन से शिकायत करने के बाद पुलिस ने झूटी रिपोर्ट लगादी पीड़ित ने इस मामले की शिकायतत पुलिस अधीक्षक से की है। जानकारी के मुताबिक मौदहा निवासी जहीर अहमद ने पुलिस अधीक्षक बताया है कि गरीबी के कारण हारुम शाह निवासी मौदाहा विदेश में कुक की नौकरी दिलाने और विदेश भेजने के लिये एक लाख 90 हजार रुपये उससे लिये थे 24जनवरी 2024 को विदेश भेजा वहाँ पर कुक का काम नही मिला ऊपर से ड्राइवरी का काम मिला जो कि प्रार्थी नहीं कर पाया और किसी प्रकार से वापस 8 मार्च 2024 को अपने देश आ गया। जब उसने हारुन शाह से पैसा देने को कहा तो केवल अस्सी हजार रुपये वापस किये लेकिन एक लाख दस हजार रुपये नही दे रहा है। पीड़ित ने थाना मौदहा में शिकायत की जहाँ पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की है। परेशान होकर पीड़ित ने आईजीआरएस मे शिकायत डाली तो कोतवाली के उपनिरीक्षक ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन को भिजवा दी पीड़ित ने एक दुकानदार से उधार पैसे लिये थे जिससे उसको व्याज भरना पड रहा है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे सड़क पर कट के लिए फिर उठी मांग

- प्रतिनिधियों और प्रशासन के मिले कोरे आश्वासन से नाराज ग्रामीण लामबंद
- जल्दी देंगे सामूहिक ज्ञापन, मांग न पूरी होने पर पकड़ेंगे आंदोलन की राह

**खरेला, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के सीमावर्ती गांव की जमीन से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क से सफर करने को कोई कट संपर्क सुविधा नहीं मिलने से इलाके की जनता में आक्रोश बढ़ाने लगा है। सड़क निर्माण काल से ही निरंतर प्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग करके हारे ग्रामीणों ने आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर है।

जनपद महोबा के सीमावर्ती 7गांव की वर्ष 2018 में जमीन अधिग्रहित कर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क निर्माण करवा कर यूपीडा ने वर्ष 2022में सड़क का लोकार्पण कर दिया। लेकिन जिले की तहसील चरखारी ,कुलपहाड़ के सैकड़ा भर से अधिक गांव और नगर चरखारी ,खरेला कुलपहाड़ जैसे बड़े आबादी के लोगो को आनेजाने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क से कोई नजदीक से सुविधा नहीं दी गई। महोबा से चरखारी मुस्करा बाया हमीरपुर के लिए निकली सड़क पर थाना खरेला के ग्राम परथनिया से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क पर कट मिलने की उम्मीद कर रहे इलाके की जनता अब प्रतिनिधियों और प्रशासन के आश्वसनों को छलावा बताने लगी हैं। समाजसेवी अजय कुमार विश्वकर्मा , पूर्व प्रधान बसौठ स्कंध तिवारी , परथनिया के मोतीलाल अहिरवार आदि ने बताया जनपदीय सड़क चरखारी मुस्करा के बीच परथनिया में कट देकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क का लाभ देने के लिए भाजपा सांसद रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ,महोबा विधायक राकेश कुमार गोस्वामी और भाजपा के तत्कालीन जिला अध्यक्ष रहे एम एल सी जितेंद्र सेगर को पहले भी ज्ञापन दिया गया और मौखिक अवगत कराते रहे। प्रशासन ने और प्रतिनिधियों से जल्दी सड़क पर जनहित के लिए सड़क पर कट की सुविधा दिलाने का भरोसा दिला। लेकिन ढाई साल बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। समाज सेवी अजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि सैकड़ों गांव की जनता के उम्मीद से जुड़े चरखारी तहसील के ग्राम परथनिया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क पर कट दिलाने की मांग के लिए गांव गांव जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। प्रधानों समाजसेवियों और युवा संगठनों के सहयोग से फिर एक बार प्रतिनिधियों और प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग ज्ञापन दिया जाएगा। अगर एक माह के अंदर अगर कट की सुविधा पर कोई पहल नहीं हुई तो क्रमिक आंदोलन चलाने के लिए लाम बंद होकर आगे की रणनीति बनाकर अभियान चलाया जाएगा। बताया कि यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क पर कट सुविधा मिलने से व्यापारिक आवागमन के साथ ही सीमा वर्ती गांव के आसपास के लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

# क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 10 रनों से हराकर ट्राफी पर किया कब्जा




- हरियाणा के अमन सिंह मैन ऑफ द मैच एवं राहुल यादव मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के पहले फेज में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मुकाबला दिल्ली और हरियाणा के मध्य खेला गया। जिसमें हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में कुल 173 रन बनाकर आल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने अपने शुरुआती छणों में अच्छा खेली लेकिन मध्य के ओवरों में पांच विकेट गिरने से टीम लड़खड़ा गई और अंतिम 25वें ओवर में 163 रनों पर आल आउट हो गई। इसी तरह हरियाणा ने 10 रनो से दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वहीं हरियाणा की ओर से सर्वाधिक 4 विकेट लेने वाले अमन सिंह मैन आफ दी मैच रहे। जबकि फाइनल मुकाबले में बेस्ट बालर दिल्ली के आदित्यए बेस्ट बल्लेबाज हरियाणा के पियूष गुप्ता एवं पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले हरियाणा के राहुल यादव मैन आफ दी सीरीज रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता रही हरियाणा की टीम को 75000 रूपए एवं उपविजेता रही दिल्ली की टीम को पचास हजार रूपए नकद राशि सहित अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। खेल के मध्य समय में चेयरमैन द्वारा खेल ग्राउंड में जाने वाली लिंक सड़क तथा निजामी फीडर से विद्युत कनेक्शन कराकर मैदान में लगवाई गई लाइटों का लोकार्पण किया। वहीं खेल के उपरांत कस्बे के पूर्व दिवंगत क्रिकेटर खालिद जमाल को निजामी स्पोर्ट्स के द्वारा लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड उनके पुत्र शहबाज खालिद को देकर सम्मानित किया।

क्रिकेट मैच में अंपायर की भूमिका समीर सभासद व डॉ आसिफ परवेज़ एवं कमेंटेटर की भूमिका अब्दुल कादिर ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल नौशाद संजरी अख्तर मास्टर नसीम दरोगा सनाउल्लाह हाफिजी अकिल शब्बीर कलीम दरोगा जीए शकील हाफिजी सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/ कालेज/ बीट/ गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा मिशन शक्ति फेज-05के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

### सर्दी लगने से वृद्ध किसान की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शौच के लिए गए वृद्ध किसान की सर्दी लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली के सरसई गांव निवासी 70 वर्षीय खज्जी पुत्र नंदू अहिरवार शुक्रवार को खेत में गेहूं की सिंचाई करने के लिए गए थे। रात्रि में उन्होंने गेहूं की फसल की सिंचाई की। शनिवार की सुबह करीब छह बजे वह खेत से घर गए। तभी वह शौच के लिए गांव के बाहर तालाब किनारे गए थे। जहां अचानक वह गिर गए। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक डॉ अखिलेश सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राम सहोदर ने ने बताया कि वह उसे गोद लिए थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के स्पष्ट हो सकेगी।

# भाजपा सरकार में मची है लूट खसोट : बादशाह सिंह

- पूर्व मंत्री ने अखिलेश यादव की जमकर की प्रशंसा

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित मां भुइंया रानी मंदिर प्रांगण में समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी विधान सभा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकम में बतौर

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बादशाह सिंह मौजूद रहे। इसके बाद गांव स्थित कबीर आश्रम में संत कबीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की तारीफ करते हुये कहा वर्तमान सरकार में लूट खसोट मची हुई है। गरीब गरीब है। अमीर अमीर होता जा रहा है। महंगाई चरम पर बढ़ती जा



रही है।बेरोजगारी बढ़ रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ही ऐसे नेता है। जो गरीब मजदूर किसान नौजवान के लिए कार्य कर रहे है। तथा सभी वर्ग धर्म के लोगो को साथ लेकर चलते है। इस लिए सभी लोग उनको मजबूत करने का कार्य करे। इसी दल में लोगो का भविष्य सुरक्षित है। पूर्व चेयरमैन सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया बाल्मीकि नंदकिशोर शिवहरे शिवशरण यादव राजेश श्रीवास एडवोकेट ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विष्णु दिबेदी राजू यादव लालमन यादव सुरेंद्र यादव महावीर प्रजापति लोक गायक तथा निर्भय दास प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मरीजों के भोजन की जांच के लिये दो सदस्यीय कमेटी गठित, तीन दिन के अन्दर मांगी रिपोर्ट

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला पुरुष व महिला अस्पताल में मरीजों को भोजन में गड़वडी पाये जाने पर सीएमओ ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर तीन दिन के अन्दर रिपोर्ट मांगी है।

जानकारी के मुताबिक कल देर रात सीमओ डा गीतम सिंह ने महिला व पुरुष अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिये औचक निरीक्षण किया था जिसमे मेन्यू के अनुसार भोजन नही मिल पा रहा था यही नही दाल सब्जी रोटी की गुणवत्ता में भी संदेह व्यक्त किया था। सीएमओ का मानना है कि महिला अस्पताल में जो जेएसवाई के तहत भोजन परोसा जा रहा है वह ठीक नही है अभिलेख चुस्त दुरुस्त नही है इससे वित्तीय अनियमितता की आशंकी होती है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुये सीएमओ ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनूप निगम व डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार को जाचं अधिकारी नियुक्त कर तीन दिन के अन्दर रिपोर्ट देने को कहा है,यह पहला मौका है जब अस्पताल में भोजन की जांच बारीकी से की जा रही है। यही नही दोनो अस्पतालों का ठेकेदार तीन साल से ठेका संचालित कर रहा है नियमानुसार ठेका लगातार एक ही व्यक्ति को नही देना चाहिये।

**जांच कमेटी में नहीं रखा खाद्य सुरक्षा एक्सपर्ट को**

भोजन की गुणवत्ता की जांच में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को रहना चाहिये मगर उन्हे नही रखा गया है जब कि गुणवत्ता की जांच में एफएसओ एक्सपर्ट माने जाते है. सीएमओ का कहना है कि फिलहाल अभी विभागीय जांच करा लेगे यदि जिलाधिकारी चाहेगे तो खाद्य सुरक्षा विभाग से जाच करा लेगे।

### गरीबी व कर्ज से परेशान वृद्ध दंपति ने सल्फास खाकर दी जान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिले के मुस्करा क्षेत्र में शनिवार को देर शाम गरीबी व आर्थिक तंगी से आजिज आकर वृद्ध दंपति ने सल्फास खाकर जान दे दी,पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के चिलेहटा डेरा गांव में जागेश्वर पाल (60) व उसकी पत्नी रामकली (58) अपने दोनों बच्चो से अगल कई सालो से रहते थे, इनके पास बैंक व साहूकारों का कर्जा था जिससे हर समय चिंतित रहते थे घर में बच्चों से ताल मेंल न होने से दंपत्ति को आगे जीने का का कोई रास्ता समझ में नहीआ रहा था। पति जागेश्वर ने पहलेअपनी पत्नी को सल्फास की गोली खिलाई इसके तुरंत बाद उसने सल्फास को गोलिया गटक लिया दोनो जब पीडा से कराहने लगेतो दंपति की नातिन ने मामले की जानकारी परिवार को दी। जागेश्वर का पुत्र कल्याण पाल दोनों को लेकर पीएचसी मुस्करा लेकर गया जहा डाक्टरों ने जिला अस्साल के लिये रिफर कर दिया है जैसे ही दोनो दंपत्ति पौथिया गांव के पास पहुचे दंपत्ति नें दम तोड़ दिया,मुस्करा पुलिस ने मौके पर जाकर दंपत्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# ब्लू स्टार क्रिकेट अकादमी ने घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से हराया

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मूसानगर रोड स्थित कैप्टन सुखबासी सिंह जनता महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट मैच में ब्लू स्टार क्रिकेट अकादमी ने घाटमपुर को चार विकेट से हरा दिया, टास जीतकर ब्लू स्टार ने बॉलिंग निर्णय लिया घाटमपुर ने निर्धारित 30 ओवर में 150 रन बनाए जिसमे आरुष सिंह ने 41 अमरेंद्र ने 27 और अमन ने 17 रन बनाए ब्लू स्टार की तरफ से बॉलिंग करते हुए प्रांशु यादव ने तीन विकेट और अभिनीत ने 2 विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू स्टार ने बैटिंग करते हुए 31 ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया ब्लू स्टार की



तरफ से बैटिंग करते हुए अभिनीत ने 35 रन और सत्यम ने 31 रन बनाए घाटमपुर की तरफ से बॉलिंग करते हुए सौर्य गुप्ता ने 2 विकेट लिए विशेस तिवारी ने 2 विकेट लिए मैच का प्रारम्भ जनता महा विहद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र सचान के द्वारा किया गया तथा मैन ऑफ था मैच का पुरस्कार लोकप्रिय सभासद रोहित सिंह एडी द्वारा अभिनीर को दिया गया अन्य पुरस्कार बेस्ट बैट्समैन आरुष ठाकुर तथा बेस्ट बॉयलर प्रांशु यादव को रोहित सिंह एडी जी के द्वारा प्रदान किया गया सीरीज में कल का मैच कालपी और घाटमपुर में मध्य खेला जाएगा।

# एडीएम व उपजिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, निस्तारण के दिये निर्देश

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व (एडीएम फाइनेंस) राजेश कुमार व घाटमपुर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैस ने फरियादियों कि शिकायते सुनी। तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 51, पुलिस विभाग 32, विकास विभाग 30, विद्युत विभाग 06, चकबंदी विभाग 05, नलकूप कर



04, नगर पालिका 04, जिला समाज कल्याण 04, पीडब्ल्यूडी 03, जिला प्रोबेशन अधिकारी 02, मण्डी सचिव 01, जिला दिव्यांगजन अधिकारी 01, राशन सहकारी समिति 01, कुल प्राप्त 144 शिकायते मे10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष लंबित शिकायतों के निस्तारण को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रूद्रपुर विकास खण्ड बिजुआ खीरी

पत्रांक मेमो/ टेन्डर/ 2024-25 दिनांक-07.12.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रुद्रपुर में निम्नलिखित कार्यों पर सीमेंट, मौरंग, ईंट, गिट्टी, बालू, मिट्टी, इंटरलॉक सामग्री पर आवश्यकता है। इच्छुक फर्म दिनांक 8.12.2024 से 11.12.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 12.12.2024 को शायं 05:00 बजे ग्राम पंचायत रुद्रपुर में समिति के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रुद्रपुर से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामकिशुन के घर से बनवारी के घर तक इंटरलॉक निर्माण कार्य। | 390421 |
| 2. | श्री पाल के घर से श्याम बिहारी के घर तक इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य। | 388124 |
| 3. | श्री निवास के घर से बाबू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 359383 |

प्रधान
फूलचंद
ग्रा.पं. रूद्रपुर वि.खं. बिजुआ खीरी

सचिव
आशुतोष सिंह
ग्रा.पं. रूद्रपुर वि.खं. बिजुआ खीरी

# भारत को टीवी मुक्त बनाना जन भागीदारी का आंदोलन: अनुप्रिया

▸ सौ दिवसीय टीवी अभियान को दिखाई हरी झंडी, वितरित की पोषण पोटली

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टीवी अभियान का शुभारंभ करने मा. केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्रालय अनुप्रिया पटेल बाराबंकी के जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंची। जहां उनका भाजपा व अपना दल के जिलाध्यक्ष सहित प्रशासनिक अमले ने जोरदार स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को टीवी मुक्त बनाना मात्र सरकार का संकल्प नहीं है बल्कि इसमें आप सभी की जन भागीदारी बहुत मायने रखती है। यह जन भागीदारी का आंदोलन है। पूरे देश में 347 जिले ऐसे हैं, जहां आज भी टीवी के रोगी बड़ी संख्या में पाए जा रहे हैं। इन देश के 347 जिलों में यूपी के 15 जिले शामिल हैं। इन जनपदों में सघन अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

इसके लिए सरकार ने बहुत से नए-नए तरीके अपनाए हैं। ताकि हम बेहतर स्क्रीनिंग कर पीड़ित का उपचार कर सके। टीवी परीक्षण करने वाली अपने देश की मशीन तमाम देशों में उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसकी मदद से आज सरलता से टीवी मरीज की जांच संभव है। इसके अतिरिक्त आज हमारे पास पोर्टेबल एक्स-रे मशीन है। जिससे हम मरीज के घर तक पहुंच कर उसकी स्क्रीनिंग कर उसका उपचार कर सकते हैं। अब टीबी मरीज को ट्रैक करने के लिए उनका डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इस पोर्टल पर मरीजों को उनकी बीमारी से संबंधित जानकारी भी दी जा सकती है। केंद्र सरकार के बेहतर कार्य प्रणाली के चलते पूर्व में जिस टीवी मरीज का उपचार 20 महीने में हुआ करता था, आज छह महीने में हो जाता है। इसी तरह टीवी मरीजों के पोषण पर ध्यान देने के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत दिए जाने वाले पांच सौ रुपए को एक हजार रुपए किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत सरकार के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य का हिस्सा है। इस दौरान विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसमें टीबी की स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से सहयोग की अपील की ताकि टीबी जैसे गंभीर रोग को जड़ से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम के समापन से पूर्व अनुप्रिया ने 10 लाभार्थी को पोषण पोटली वितरित की। फिर 6 ग्राम प्रधानों सहित अभियान में सहयोग करने वाले 5 निक्षय मित्रों को और 5 टीवी चैंपियन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। फिर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखा और वाहनों की एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय संयुक्त सचिव सौरभ जैन, यूपी प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पिंकी जोवल, एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्षता राजरानी रावत, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत व पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव, नवाबगंज उप जिलाधिकारी आर जगत साईं, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, अपना दल जिलाध्यक्ष, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ।दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 15 को मिलाकर के कुल 29 शिकायत आई जिसमे से 2 राजस्व विभाग व एक पूर्ति विभाग से 1 कुल 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। संपन्न हुए तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने आई हुई शिकायतो को पूर्ण मनोयोग के साथ सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 15 विकास 1पुलिस 2 पूर्ति 6 वन 1 सहित 29 मामले आए जिसमें राजस्व के एक मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया । इस मौके बीडीओ अदिति श्रीवास्तव ,तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा , सीडीपीओ अर्चना वर्मा,अवर अभियंता ग्रामीण चेतराम , अवर अभियंता एमआई सतीश श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार बृजेश शुक्ला, सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सभी विभागों से पुरानी शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी लिया। एसडीएम ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर फीडबैक भी लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग घर की ग्रहस्थी जलकर हुई राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बम्हरौली गांव में शनिवार की सुबह एक घर में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक गृहस्थी का सारा समान जलकर नष्ट हो गया। अग्निकांड के बाद पूरा परिवार आसमान के नीचे आ गया है।

कारपेंटर का काम करके परिवार की रोजी-रोटी चलाने वाले गांव निवासी सुभाष चंद्र अपनी पत्नी रेनू और बच्चों के साथ हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग से गांव के लिए गई सड़क के किनारे स्थित घास फूस की झोपड़ी में रहकर गुजर बसर करते है। बीती रात खाना खाने पीने के बाद परिवार झोपड़ी के नीचे सो गया। शनिवार सुबह लगभग 5 बजे अचानक आग की तपिश से परिवार की नींद खुली तो झोपड़ी धू-धू कर जल रही थी। परिवार की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण जब तक आज पर काबू पाते तब तक तन पर पड़े कपड़ों के सिवा सब कुछ जलकर राख हो चुका था। सूचना पाकर पहुंचे किसान नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि हरिराम पाल ने जहां तत्काल लेखपाल को सूचना दी वहीं कोटेदार को पीड़ित परिवार की तत्काल सहायता के लिए राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अग्निकांड में गृहस्थीं के समान के साथ-साथ रोजगार के औजार, राशन, कपड़े लत्ते एवं बैंक के पासबुक आधार कार्ड एवं सरकारी अभिलेख आदि सब कुछ जलकर राख हो गया हैं। प्रधान प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को पर्याप्त सरकारी सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# पेयजल योजना के प्रशिक्षण में दी गई आपूर्ति की जानकारी

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** विकासखंड सिरौलीगौसपुर सभागार में ग्रामीण पेय जल योजना के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक खंड विकास अधिकारी शंभू नाथ पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पानी की बर्बादी को रोकने पर बल दिया गया है। राज्य प्रशिक्षण जल जीवन मिशन पंचायती राज जसवंत सिंह और कंसल्टिंग इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायकों और समूह की महिलाओं को गांव में बनाई गई पानी की टंकियां के हैंड ओवर एवं कुशल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये गए घायलों में से एक 22 वर्षीय युवक को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे मल्लाहन मजरे दादूपुर गांव निवासी राममिलन पुत्र रामकुमार 22 वर्ष, कुलदीप कुमार पुत्र सतनाम 24 वर्ष एवं रंजीत कुमार पुत्र राम बहादुर 24 वर्ष कैटर्स का काम निपटाकर लखनऊ की ओर से मोटर साइकिल से गांव लौट रहे थे, बताते हैं जब उनकी मोटरसाइकिल शाम लगभग साढ़े 4 बजे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लोनी पुल के निकट स्थित बैजनाथ शिवकला इंटर कॉलेज के निकट पहुंची तभी पीछे से आया अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। वाहन की टक्कर से तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को त्रिवेदीगंज सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा राम मिलन को मृतक घोषित कर दिया गया, बाकी दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष के नेतृत्व चला सदस्यता अभियान

**जैदपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व मे पूरे जिले मे रात्रि चौपाल लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी मे विकास खंड हरख के मोहनापुर मे शुक्रवार देर रात रात्रि चौपाल लगाकर सैकड़ों महिलाओं व पुरषो को सदस्यता ग्रहण कराई गई।

यह कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन टिकैत बाराबंकी के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष शिवनरायण वर्मा के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ तहसील अध्यक्ष शिवनरायण वर्मा ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया की किसानों की बढ़ती समस्या को सुनने और जानने के साथ साथ उनको सदस्यता भी ग्रहण कराई गई और इस बात का भी भरोसा दिलाया गया की किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे चाहे वो सरकार हो या फिर प्रशासन जो भी किसानों से दुर्व्यवहार करेगा भारतीय किसान यूनियन उसके खिलाफ प्रदर्शन करेगा और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा वहीं अनुपम वर्मा ने गौतमबुद्ध नगर मे किसानों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर भी नाराजगी जताई इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल,जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा, जिला महामंत्री रामसेवक रावत, तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सिंह,जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, अमरेश कुमार, रामहेत सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन पर हुई बैठक

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन पर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के विश्राम कक्ष में पी.एल.वी./अधिकार मित्र के साथ आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव श्री वर्मा द्वारा मौजूद लोगों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया गया जिससे लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में जानकारी हो सके और लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें।बैठक में प्रियंका त्रिपाठी(पी.एल.वी. तहसील सदर), जय प्रकाश गुप्ता (पी.एल.वी. तहसील सदर), अश्वनी तिवारी (पी.एल.वी. तहसील बीकापुर), लोकेश कुमार पाठक (पी.एल.वी. तहसील बीकापुर) आदि उपस्थित रहे।

### दहेजलोभियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**जालौन, उरई।** अलग-अलग मामलों में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा विवाहिता के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर घर से निकाले जाने की शिकायत परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी सतेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शिवा की शादी लगभग सात वर्ष पूर्व खनुआं गांव निवासी भानु प्रताप के साथ की थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक तो सब ठीक रहा। कुछ साल बाद दामाद भानुप्रताप के साथ ही ससुर महेंद्र सिंह, सास रामकुमारी, ननद दीप्ति ने अतिरिक्त दहेज में कार की मांग शुरू कर दी। उधर, जगनेवा निवासी छत्रपाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बेटी नंदनी की शादी वर्ष 2019 में मध्यप्रदेश भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरा निवासी स्वदेश के साथ ही थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों ने कार की मांग शुरू कर दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब बेटियों ने कार की मांग को पूरा करने में असमर्थता जताई तो ससुरालियों ने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। समय के साथ उनकी प्रताड़ना बढ़ती गई। कई बार नाते रिश्तेदारों को ले जाकर उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ। हाल ही में ससुरालियों ने मारपीट कर व सारा स्त्रीधन छीनकर उन्हें घर से निकाल दिया। तबसे वह मायके में ही रह रही हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बलकट ली जमीन पर बोई लाही फसल, दबंगों ने किया नष्ट

**जालौन,उरई।** बलकट पर ली हुई जमीन पर बोई गई लाही की फसल को विपक्षी ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। शिकायत करने पर गाली, गलौज व मारपीट पर आमादा हो जाने की शिकायत पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी शत्रुघ्न सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मौजा धौराखेड़ा में कृषि कार्य के लिए कुछ जमीन तीन साल के लिए बलकट पर ली थी। जिसका उन्होंने नकद भुगतान किया था। इस जमीन पर पहली साल वह जौ की फसल कर चुके हैं। अब दूसरी साल उन्होंने इसी जमीन पर लाही की फसल बोई थी। फसल बोने के बाद फसल अच्छी तरह पनप रही थी। लेकिन उनकी इस फसल को रापटगंज निवासी एक व्यक्ति ने जबरन ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। इससे उन्हें तकरीबन 20 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो विपक्षी गाली, गलौज व मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित किसान ने पुलिस से आरोपी के खिलाफकार्रवाई कर उसके नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों को जोड़ने के लिए हुए प्रशिक्षण



▸ प्रशिक्षण में आउट ऑफ़ स्कूल बच्चों हेतु नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 7 से 14 आयु वर्ग वाले बच्चों के लिए तैयार किए गए

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ के संरक्षण में आउट ऑफ़ स्कूल बच्चों के लिए नोडल अध्यापको के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे बैच का प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में आउट ऑफ़ स्कूल बच्चों हेतु नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 7 से 14 आयु वर्ग वाले बच्चों के लिए तैयार किए गए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण के संघनित पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन किस प्रकार से किया जाये इसके विषय में विस्तृत चर्चा, परिचर्चा एवं समूह कार्य के माध्यम से सन्दर्भदाता विवेक वर्मा,सत्यधर द्विवेदी, रमाकांत गुप्ता एवं राम सागर रावत ने नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा देवेंद्र तिवारी, देवेंद्र शुक्ला, रजनीश शुक्ला, मदन मोहन वर्मा,दुर्गेश सिंह,सुरेश गुप्ता, प्रसून मिश्रा, शीलम शर्मा, मोनिका वर्मा, विमला सिंह, जितेंद्र कुमार, मनोज वर्मा, रविन्द्र नाथ टैगोर, राजेंद्र किशोर पाण्डेय,प्रीती श्रीवास्तव एवं शिवम् शर्मा आदि नोडल शिक्षक उपस्थित थे।



# चौपाल लगाकर अभिभावकों को दी गई शिक्षा की जानकारी

**बेलहरा-बाराबंकी।** विकास खंड फ़तेहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा में शनिवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों व अविभावको को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक विद्यालय खैरा के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात ईआरपी कमलेश कुमार द्वारा अभिभावकों को प्रिंटरिच मटेरियल तथा बिगबुक एवं गणित किट तथा दीक्षा एप के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन करके पढ़ाई के लिए लोगो को जागरूक किया और बच्चों को निपुण लक्ष्य ऐप पर पढ़कर निपुण दिखाया। अंत में एआरपी कमलेश कुमार ने लोगो को शपथ दिलाई। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार व सचिव मनोज कुमार, रोजगार सेवक अनिल कुमार,मायाराम, सरोज, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय खैरा आदि उपस्थित रहे।

### जीआईसी में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मसौली बाराबंकी।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज सफदरगंज में चल रही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पर विजयी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ शुक्रवार को कालेज की प्रिन्सिपल डॉ अर्चना पाण्डेय एवं राजकीय हाईस्कूल न्यामतपुर की प्रधानाचार्या डॉ रेनू सिंह द्वारा किया गया।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SMT SHANTI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1950 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHANTI व जन्मतिथि 01.01.1954 है। SHANTI M/o of Army/JC No-481815M, रैंक-सूबेदार,(Hony. Lt.) भरत लाल गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट झाड़ीसा, जिला-करौली, राज्य-राजस्थान-पिन कोड-321611.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MALAKHAN GURJAR व जन्मतिथि 01.07.1948 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MALKHAN SINGH व जन्मतिथि 01.01.1945 है। MALKHAN SINGH F/o of Army/JC No-481815M, रैंक-सूबेदार (Hony. Lt.) भरत लाल गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट झाड़ीसा, जिला-करौली, राज्य-राजस्थान-पिन कोड-321611.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SEELA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1942 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHEELA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1950 है। SHEELA DEVI M/o of Army/JC No-482188X, रैंक- सूबेदार, रमेश सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-थोरा, जिला- गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203155.

# सरकारी खरीद केंद्र पर तौल को लेकर आपस में भिड़े किसान

▸ एसडीएम ने मौके पर भेजी पुलिस तब स्थिति हुई सामान्य

**कालपी ,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

सरकारी खरीद केन्द्र पर उमड़ रही किसानों की भीड़ से व्यवस्था बिगड़ सकती है यह आशंका सच साबित हुई। शनिवार को तौल के लिए अपना नम्बर लगाने के लिए किसान आपस में भिड़ गए जिससे काफी देर तक खरीद प्रभावित रही।

किसानों की खरीफ की फसल को एमएसपी पर खरीदने के लिए विपणन शाखा ने गल्ला मण्डी परिसर में क्रय केन्द्र स्थापित किया है जिसमें ज्वार और बाजरा की खरीद हो रही है। अपनी उपज बेचने के लिए तहसील क्षेत्र के कालपी और कदौरा केन्द्र के लिए 989 किसानों ने पंजीकरण कराया है जबकि अभी तक लगभग 200 किसानों से ही खरीद हो सकी है और 700 के लगभग किसान लाईन में लगे है जबकि समय एक माह से भी कम बचा है जिसके चलते किसानों की भीड़ इन क्रय केन्द्रों पर पहुंच गई है और वह अपनी उपज किसी भी कीमत पर बेचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे इसके लिए वह अधिकारियों के साथ नेताओं का भी सहारा ले रहे हैं तो कुछ दबंगी करने का भी प्रयास कर रहे हैं और जिसकी आशंका भी व्यक्त की जा रही थी और वह शनिवार को सही साबित हुई।

# ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय की हुई विजयी शुरुआत

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय कर्वाखेड़ा में चल रहे इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024 प्रतिस्पर्धा में शनिवार को विजय नगर ज्ञानस्थली अकादमी तथा ज्ञानस्थली कर्वाखेड़ा के बीच क्रिकेट मैच हुआ,मैच रैफरी वासिफ खान द्वारा दोनों टीमों के कप्तानों हर्षित (विजयनगर),भानु (कर्वा खेड़ा) को मैदान पर ले जाकर टॉस कराया,जिसमें कर्वाखेड़ा ज्ञानस्थली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या चंदा श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया,साथ में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य शिवमंगल सिंह,नीरज त्रिपाठी वासिफ खान (अंपायर), पुष्पेन्द्र चौहान (कमेंटेटर), अमित पांडे (पी.टी.आई) मैदान पर मौजूद रहे।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कर्वा खेड़ा ज्ञानस्थली की शुरुआत बिस्फोटक रही और निर्धारित 10 ओवर में 149 रन बनाये, जबाव में विजय नगर के लिए 150 रनों का विशाल लक्ष्य दिया।जिसमें लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजयनगर की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, तरुण और आर्यन की घातक गेंदबाजी के चलते नियमित अंतराल से विकेट गिरते गए और निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 69 रन पर सिमट गयी। इस तरह 80 रनों की बड़ी जीत के साथ कर्वा खेड़ा ने आगाज किया। इसी क्रम में खो-खो,कबड्डी व बालीबॉल के मैच भी हुए, जिनमें खो-खो में कर्वा खेड़ा ने विजय नगर को 21-17 के अंतर से तथा कबड्डी में 15-6 तथा बालीबॉल में 25-11 के अंतर से हराया विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों ने सभी खेल प्रतिस्पर्धाओं का लुफ्त उठाया।इस अवसर पर शिक्षकों में प्रदीप सर,अब्बास हैदर,रवि सर,विष्णु सर, ममता यादव व ब्रजेश सर आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RISHYAL KAWAR व जन्मतिथि 01.07.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RASAL KANWAR व जन्मतिथि 17.08.1954 है। RASAL KANWAR M/o of Army/JC No-481661L, रैंक- सूबेदार (Hony. Lt.) पप सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम मलार, पोस्ट-मलार, जिला-जोधपुर, राजस्थान, 322606.

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम PUJA BAI व जन्मतिथि 03.04.2007 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम MS. POOJA GURJAR व जन्मतिथि 10.10.2009, है। भरत लाल गुर्जर आर्मी/जेसी नंबर-481815M, रैंक-सूबेदार.(Hony.Lt.)आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट झाड़ीसा, जिला करौली, राज्य-राजस्थान-पिन कोड नंबर-321611.

# राज्यसभा सांसद ने किया टीबी अभियान का शुभारम्भ

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद इटावा में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारम्भ प्रेरणा सभागार-विकास भवन, इटावा में राज्य सभा सांसद श्रीमती गीता शाक्य द्वारा किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर संजीव राजपूत जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं मनीषा शुक्ला क्षेत्रीय मंत्री एवं विरला शाक्य जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी इटावा तथा स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारियों में डॉ. सोमेन्द्र संयुक्त सचिव कम्प्यूटर सेल एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव वरिष्ठ परामर्शदाता एसटीडीसी आगरा, कंचन तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं समस्त एनटीईपी तथा डेफ्कू कर्मचारी उपस्थित रहे। 100 दिवसीय सघन अभियान का उद्देश्य टीबी के नये रोगियों को खोजना तथा वर्नेबिल आबादी की खास तौर से स्क्रीनिंग करना, टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना, उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु, 18.5 किग्रा/मी2 से कम बीएमआई वाली कुपोषित जनसंख्या तथा जनसमुदाय में आवश्यक प्रचार-प्रसार ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति तक टीबी रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी तथा उपचार के बारे में जानकारी होना चाहिये। टीबी रोगियों को अतिरिक्त पोषण हेतु पोषण पोटली विररित की गयी, एवं 05 टीबी चैम्पियन, 05 निःक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सांसद ने माता सरस्वती को माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया।

### प्रेम करना सिखाया नही जाता स्वभाव से होता है: शशिकांत

**मसौली, बाराबंकी।** मसौली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बाल व्यास परमपूज्य शशिकांत महाराज ने कहा आपका स्वभाव है प्रेम करना प्रेम करना सिखाया नहीं जाता है।हर व्यक्ति के अन्दर स्वाभाविक रूप से प्रेम विद्यमान अन्तर यही है कोई धन से प्रेम कर रहा है कोई तन से प्रेम कर रहा है कोई संसार से प्रेम कर रहा है । लेकिन वही प्रेम हम भगवान से करने लग जाये तो वहीं प्रेम भक्ति है ।पुराणों में नारद मुनि के तीन जन्मों की कथाओं का उल्लेख है ।पहले जन्म में देवर्षि नारद उपबर्हन नाम के गंधर्व थे। जिनका विवाह भी हुआ था। एक बार ब्रह्माजी की सभा में सभी देवता और गंधर्व भगवान का संकीर्तन करने आए, तो वे भी अपनी स्त्रियों सहित वहां गए। पर कीर्तन के बीच ही वह हंसी-मजाक करने लगे ।जिन्हें देख ब्रह्मा जी को गुस्सा आ गया।

# निर्धारित समय में हो जन शिकायतों का निस्तारण : डीएम

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील चकरनगर के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने अपने शिकायती पत्र महोदय के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, उप जिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारी , तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में 15 जनवरी तक तैयार होंगे 100 खेल मैदान

**जिलाधिकारी ने मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के संबंध में की गयी बैठक**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में 100 खेल मैदान बनाये जाने का कार्य निर्धारित है। उसे नियत तिथि 15 जनवरी 2025 तक कार्य पूर्ण किया जाये। मनरेगा के अन्तर्गत जो कच्चे कार्य किये जा रहे है, उसका कम्प्लीट प्रस्ताव तैयार कर रेसियो के अनुसार ही कार्य किये जाये, अनावश्यक पैसा वेस्ट न किया जाये। युवा कल्याण विभाग मैदान को प्रगति में ले और खेलकूद के उपकरण भी उपलब्ध कराने के साथ लोक मंगल दल/ बच्चों को खेल मैदान सौंपे।

जिला उद्यान अधिकारी के सामजस्व से ही सामुदायिक बागवानी में पौधे रोपित किये जायें।विलेज हॉट में सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध करायी जाये। सफाई हेतु सफाई कर्मी की नियुक्ति की जाये। प्राप्त कूडे को आरआरसी सेन्टर भेजा जाये। विलेज हॉट निरन्तर रुप से संचालित रहे, इसके लिये दुकानदारों से सर्विस चार्ज भी लिया जाये।

मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरो का कार्य मजदूरो से ही लिया जाये, जेसीबी आदि से न लिया जाये। जेसीबी आदि से कार्य लिये जाने पर संबंधित प्रधान/ सचिव आदि के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। 75 मॉडल शॉप की दुकान के सापेक्ष जो 56 मॉडल शॉप की दुकाने तैयार हो चुकी है, उनमें दुकानदारो को शिफ्ट कराया जाये। शेष मॉडल शॉप की दुकानो का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त सूची के अनुसार सभी चिन्हित विद्यालयों को सम्पर्कमार्ग से जोड़े।

# 109 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ, तीन ने कबूला निकाह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



वर वधु को आशीर्वाद देते मंत्री असीम अरुण, डीएम और एसपी

**शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम**

शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सामूहिक विवाह में सदर विकास खण्ड, जलालाबाद, गुगरापुर के कुल 112 जोड़ों का विवाह हुआ। जिसमें 109 हिन्दु व 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे। मंत्री ने वर- वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही बड़ा महत्वपूर्ण दिन है। आज से आप अपने परिवार की गाड़ी को आगे बढ़ाएंगे। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपको स्वावलम्बी बनाने हेतु बहुत सारी योजनाएं आपको समर्पित की है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के मांगलिक क्षणों में पधारे हुये सभी वर- वधुओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपीसिंह, एसपी अमित कुमार आन्नद, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, समस्त ब्लाक प्रमुख, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित आदि रहे।

# विरोध/प्रदर्शन करके बंग्लादेश का झंडा जलाया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सनातन समाज के लोगों द्वारा विरोध/प्रदर्शन के बंगलादेश का झंडा जलाया गया।

बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सनातन समाज के आशु तिवारी के नेतृत्व में विजय नाथ मंदिर पीपल चौराहा छिबरामऊ पर एकत्र होकर बांग्लादेश के विरोध में नारेवाजी करते हुए समय बांग्लादेश का झंडा जलाकर विरोध किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोनू चतुर्वेदी, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, निशान दीक्षित, अक्षय पाठक, अमित तिवारी, अनुज दुबे, रवीश द्विवेदी व विजय चौहान आदि द्वारा भाग लिया गया।

# एडीएम के आश्वासन पर काम पर लौटे अधिवक्ता

**सुचारू रूप से संचालित हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर किया प्रदर्शन एडीएम की आश्वासन पर हड़ताल को किया गया समाप्त।

रविंद सिंह राठौर अध्यक्ष बार एसोसिएशन तहसील छिबरामऊ के निर्देशन में थाना सौरिख द्वारा अधिवक्ता बलराम सिंह राजपूत के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने को लेकर बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा तहसील परिसर छिबरामऊ मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर समय 11:00 बजे तहसील सभागार के सामने 200/250 अधिवक्ता एकत्र हो कर तहसील कार्यालय बंद करा कर सभागार का चैनल बंद कर समय 12:00 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया एडीएम कन्नौज के उचित आश्वासन पर उपरोक्त विरोध प्रदर्शन समय 12:00 बजे समाप्त कर सभी अधिवक्ता अपने काम पर लौट गए संपूर्ण समाधान दिवस सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है सभी कार्यालय खुल गए है।

# ग्रामीणों ने विधायक से लगाई रास्ता खुलवाने की गुहार

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**विधायक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग**

कई वर्षो से चालू रास्ते को अचानक गांव निवासी एक युवक ने बंद कर दिया। जिससे ग्राम वासियों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने विधायक को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। ब्लॉक गुगरापुर के ग्राम चियासर निवासी रामनिवास, राकेश, अनिल, इंद्रजीत, दिनेश, अशोक कुमार, सतीश चंद्र आदि ने विधायक अर्चना पांडेय को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 80 वर्षो से ग्रामवासी जिस रास्ते से निकल रहे हैं। उसी रास्ते को ग्राम निवासी एक युवक ने बंद कर दिया है। जिसे उसने ट्रैक्टर से लेवल कर लिया और जेसीबी से खंदी करवा दी। जिससे ग्राम वासियों को खुद निकलने व अपने वाहन को निकालने में काफी दिक्कत होती है। इसके अलावा आने जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है।

इस रास्ते की लंबाई गांव से मेंन रोड तक लगभग 80 मीटर है। विधायक अर्चना पांडेय ने मामले की जांच कर समस्या का निस्तारण कराने की मांग उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी से की है।

# भाकियू प्रधान के जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन प्रधान गुट के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार एडवोकेट ने एक संबोधित ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को उप जिलाधिकारी ने ज्ञापन दिया गया। भारतीय किसान यूनियन प्रधान गुट के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार एडवोकेट को महापंचायत में जाने से जिला अध्यक्ष को स्थानीय पुलिस ने घर में ही नजर बंद कर दिया जब भारतीय किसान यूनियन प्रधान सभी नेतागढ़ कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिला अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे वहां पर जिला अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन में कहा गया कि मेरे देश के किसने की हो रही महापंचायत में शांत के साथ जा रहे किसानों को ना रोका जाए पिछले आंदोलन को सरकार एमएससी को गारंटी देने का वादा किया था वह पूरा नहीं किया उसे पूरा किया जाए गाना का पिछला पेमेंट मैं ब्याज के दिया जाए किसानों के सभी मुकदमे वापस किए जाएं बॉर्डर से बेरी के टिक फोर्स हटाई जाए खाद समय से किसानों को उपलब्ध कराई जाए आवारा पशुओं से किसान की फसल बचाने की उचित प्रबंध किया जाए भारतीय किसान यूनियन प्रधान के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार एडवोकेट के आवास पर भारी पुलिस बल उप जिला अधिकारी मौके पर जाकर ज्ञापन को लिया गया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रजीत यादव एडवोकेट रोहित यादव फिरोज वारसी अजय यादव एडवोकेट आलोक दिक्षित एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में कानपुर के डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, व डॉक्टर स्टाफ मोहम्मद सैफी , कौशल प्रताप के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा जाएगा। हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को अधिक से अधिक लाने की इल्तिजा की है।

### पेड़ को काटने से मना कर रहे युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में खड़े नीम और बैकना के पेड़ को काटने से मना करने पर दबंग ने पीड़ित के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी महावीर पुत्र दीनदयाल दिवाकर ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की सुबह उसके खेत में खड़े नीम व वकेना के पेड़ को गांव निवासी युवक कटवा रहा था। जब उसने मना किया तो उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शराब के नशे में युवक को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के नशे में गांव के लोगों ने युवक के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सराय दौलत निवासी दरोगा पुत्र सकटेलाल कुशवाहा ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार को गांव के ही कुछ लोगों ने शराब पीकर उसके साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फोन पर धमकी देकर किया ठगी करने का प्रयास

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फोन कर युवक को धमकी देकर साइबर ठगी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लखईयामऊ निवासी करन पाठक पुत्र विपिन पाठक ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके फोन पर एक अनजान नंबर से युवक ने फोन पर कॉल की। जिसके बाद उसने अपनी पहचान दीपक कुमार मिश्रा ए.आई इंस्पेक्टर लखनऊ के रूप में बताई। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि आपकी ईमेल आईडी का गलत प्रयोग हुआ है। मैं आपके ऊपर कार्रवाई करूंगा और अगर इससे बचना चाहते हो तो तुरंत ही 22000 मेरे खाते में ट्रांसफर कर दीजिए। अगर ऐसा नहीं किया तो एआई की पूरी टीम तुम्हारे घर पर भेज कर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित साइबर ठग के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# खेलकूद प्रतियोगिता में प्रमाणपत्र व पुरस्कार वितरित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नेहरू कॉलेज, में वर्ष 2024-25 की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता के खेल प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुई। प्रबंध समिति की सचिव श्रीमती इंदिरा दुबे को बहुमूल्य समय देने एवं उत्साहवर्धन करने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

आपने प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह की सहयोगी भावना और खेलकूद की रूपरेखा बनाने, उसे सुचारू ढंग से क्रियान्वित कराने के लिए सामंजस्यपूर्ण व्यवहार के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों के उत्साही एवं तत्परतापूर्ण सहयोग के लिए सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आपने खेल मैदान तैयार करने से लेकर, साज-सज्जा, स्वल्पाहार, आसान व्यवस्था, आगंतुकों के स्वागत एवं खेल भावना का सम्मान करते हुए निष्पक्ष निर्णय देने वाली टीम के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। खेलभावना का परिचय देते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की सराहना की। विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं भविष्य की शुभकामना दी। वे खिलाड़ी जिन्होंने पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया लेकिन विजयी नहीं हो सके, उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। आपने बतौर क्रीड़ा प्रभारी विद्यार्थियों को आश्वस्त किया आप अपनी क्रीड़ा समिति के सदस्यों के सहयोग से वर्ष भर खाली समय में खेलकूद का अभ्यास कराते रहेंगे।समापन के दिन विभिन्न प्रतियोगिताएँ यथा- कबड्डी, खो-खो, 1500 व 3000 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ आदि का आयोजन हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के उपरांत प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरण हुआ। विभिन्न खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह सहित सभी शिक्षकों ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। वर्ष 2024-25 खेलकूद प्रतियोगिता के चैंपियन छात्र वर्ग में मोहित कुमार बी. एस-सी पंचम सत्रांश व छात्रा वर्ग में गौरी शाक्य बी.एस-सी. प्रथम सत्रांश रहे। खेलकूद के अंतराल में खिलाड़ियों को भोजन दिया गया।



महिला आरक्षियों को निर्देश देती सीओ डॉ प्रियंका वाजपेयी

# सीओ ने महिला आरक्षियों की बीट चेक की बुक, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका वाजपेयी ने थाना ठठिया व तिर्वा पर तैनात महिला आरक्षियों की बीट बुक को चेक कर उनसे बीट क्षेत्र से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा बीटबुक की तैयारी एवं रख रखाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा बीट बुक को अध्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया।

# गैंगेस्टर एक्ट के मामले में आरोपी पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने आरोपी उमेश पर दोष सिद्ध करते हुए अभिरक्षा में लेने का आदेश पारित किया। सजा पर सुनवाई के लिए 9 दिसम्बर की तिथि नियत की गई है। वर्ष 2001 में कोतवाली कायमगंज के एसएचओ संतोष कुमार भारद्वाज ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि वादी द्वारा धारा 364 में दर्ज कराये गये मुकदमे की जांच करने गांव पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि जिलेदार पुत्र गयाप्रसाद निवासी अजीजपुर थाना कम्पिल व उमेश पुत्र मेघनाथ निवासी मोती नगला कोतवाली कायमगंज जो कि फतेहगढ़ जेल में निरुद्ध है के द्वारा मुकदमे में गवाहों को गवाही न देने तथा वादी पर मुकदमा वापस लेने और स्वयं के मुकदमे में पैरवी हेतु अवैध धन अर्जित करने की धमकियां मिल रही थी। ज्ञात हुआ कि एक गिरोह के सक्रिय सदस्य है। गिरोह का संचालन कर क्षेत्र में इनका आतंक व्याप्त है। आरोपी अवैध धन अर्जित करते है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही की थी। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने आरोपी उमेश पर दोष सिद्ध करते हुए अभिरक्षा में लेने का आदेश पारित किया। सजा पर सुनवाई के लिए 9 दिसम्बर की तिथि नियत की गई है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में टीवी मुक्त भारत अभियान का सांसद ने किया शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



टीवी मुक्त महिला को प्रमाण पत्र देते सांसद व डीएम

कलेक्ट्रेट सभागार में 07 दिसंबर से 24 मार्च तक चलने वाले 100 दिवसीय टीवी सघन अभियान टीवी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने किया।

सांसद व डीएम ने टीवी के प्रति जागरुकता के लिए वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया। सांसद व डीएम ने टीवी से ग्रसित 10 मरीजों को पोषण पोटली व टीवी से मुक्त हुये 10 लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट व चिकित्सा विभाग के अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

# गोशाला का निरीक्षण कर नोडल अधिकारी ने दिए निर्देश

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला रामगंज में नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गोशाला का नोडल अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया।

जिसमें उन्होने गोशाला की व्यवस्थाओं और गोवंशों की हालत को देखा। साथ ही उन्होने अभिलेखों को भी परखा। साथ गोशाला प्रभारी सहित केयरटेकरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक रायबरेली डॉ. अरिमर्दन सिंह ने अस्थाई गोशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने गोवंशों की संख्या, भूसा दाना, गोवंशों को सर्दी से बचाव की व्यवस्था, टैग की स्थिति आदि सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 29 गोवंश मिले और सर्दी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। जिसको विजिट रजिस्टर पर अंकित किया गया। उन्होने गोशाला प्रभारी को सर्दी से बचाव के लिए अलाव व तिरपाल आदि की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। किसी तरह से लापरवाही न की जाए। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कन्नौज वेदव्रत गंगवार, पशु चिकित्साधिकारी संजीव कुमार, फार्मासिस्ट अजीत कुमार, इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, केयरटेकर रमेश चंद्र, रूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों में लापरवाही पर डीएम ने अफसरों को लताड़ा

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान 166 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई।

इनमें 11 शिकायतों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। आयोजित समाधान दिवस के दौरान डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने मौजूद अफसरों से कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय से निस्तारित करें। राजस्व संबंधित शिकायतों में पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच कर रिपोर्ट लगाएं। शिकायतों के निस्तारण के बाद प्रार्थना पत्र में दर्ज फरियादी के मोबाइल पर सूचना दे। जिससे वह बार-बार तहसील के चक्कर न काटें। वहीं उन्होने काम में लापरवाही बरतने पर अफसरों को कार्रवाई किए जाने की भी चेतावनी दी। इस दौरान सौरिख विकास खण्ड के कुवंरपुर काशीदीन गांव निवासी रिटायर्ड फौजी ओमप्रताप सिंह ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके खेत पर ग्राम प्रधान ने जबरन सड़क निकाल दी है। जिसकी वह कई बार शिकायत की चुके है। पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 166 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसपी अमित कुमार आनन्द, एसडीएम अशोक कुमार, सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई समेत कई अफसर मौजूद रहे।

# महंगे दामों पर खाद बेचने पर होगी कठोर कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दुकान पर जांच पड़ताल करते जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार

उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। तिर्वा में अप कृषि निदेशक, छिबरामऊ में जिला कृषि अधिकारी तथा सदर तहसील में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें 22 दुकानों पर छापा मार 6 नमूने उर्वरकों के लिए गए। दो दुकानदारो को छापेमारी की सूचना पर दुकान बंद करने पर न्यू किसान खाद भंडार एवं किसान खाद भंडार को कारण बताओं नोटिस जारी किया। जनपद में 14000 मेट्रिक टन यूरिया 1000 मी डीएपी एवं टी एसपी तथा 3000 मी टन एनपी उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने कहा कि वर्तमान में कृषकों द्वारा आलू के खेत में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग की जा रही है। किसान भाई टॉप ड्रेसिंग के लिए नैनो यूरिया का प्रयोग करें। जो की सभी सहकारी समितियां एवं एग्री जंक्शन पर उपलब्ध है। किसान यूरिया की खरीद आवश्यकता अनुसार ही करें। निजी क्षेत्र में एवं सहकारी समितियां पर यूरिया लगातार भेजी जा रही है। इसके अलावा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वह निर्धारित दर पर ही यूरिया सहित सभी उर्वरकों का किसानों को उनकी जोत के आधार पर बिक्री करें। किसी भी प्रकार की अनियमित अथवा महंगे दर पर बेचने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अपर जिला अधिकारी व विधायक ने सुनी समस्याएं

**समाधान दिवस**

▸ जनसुनवाई के दौरान मौके पर आए 74 प्रार्थना पत्र, 5 का निस्तारण



समस्यायें सुनते अपर जिलाधिकारी व विधायक आदि

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वहीं आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने की। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग से 33, पुलिस विभाग से 5, विकास विभाग से 5, विद्युत विभाग से 6, चकबंदी विभाग से 9 के अलावा अन्य 16 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों को सुनकर मौके पर ही पांच का निस्तारण कर दिया गया तथा रघुराज सिंह निवासी मुजहा ने आधा दर्जन ग्रामीणों के साथ पहुंचकर गांव में पानी भराव को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा नाली ना होने की वजह से घरों में पानी भर रहा है। जल भराव की समस्या रहती है। बीमारी फैलने की आशंका है। नाली का निर्माण कराया जाए। संदीप सिंह निवासी लीलापुर ने खाद के गड्डों पर कब्जे की शिकायत की। कस्बा अमृतपुर निवासी प्रतीक अवस्थी ने अमृतपुर से फखरपुर मार्ग पर विद्युतीकरण कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। राधेश्याम निवासी भुसेरा ने वृद्धावस्था पेंशन रुकवाये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। मंजू देवी निवासी अमृतपुर ने चकमार्ग की पैमाइश के संबंध में, पूर्व प्रधान रामू सिंह बिरसिंहपुर ने दबंगों द्वारा तालाब पर कब्जा कर लेने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। आनंद निवासी गूजरपुर पमारान ने ग्राम प्रधान के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को उजागर करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। वही मौके पर क्षेत्राधिकारी रविंद्रनाथ राय, सीडीपीओ नवीन चंद्र, विकास अधिकारी सुनील जायसवाल समेत अन्य आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### सघन टीबी उन्मूलन अभियान का पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सरकारी अस्पताल में राष्ट्रीयश्रम उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर शरद गंगवार व चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने कहा कि अभियान में का मुख्य उद्देश्य है कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय टीबी के मरीजों की पहचान कर उनका निःशुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा विक्षम योजना के तहत टीबी रोगियों के प्रति रोगो 1000 पोषण सहायता के दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि टीबी हवा के जरिए फैलता है और एक सामान्य रोग है, जो किसी को भी हो सकता है। उन्होंने कहा खांसी आना जरूरी नहीं की टीबी का संकेत हो। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी शांभित शाक्य, डॉ. विपिन सिंह, डॉ. अमरेश, डॉ. अमित, डॉ.नदीम सहित अस्पताल के लोग मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने मंगेश सैनी पुत्र सोनेलाल निवासी सुनार वाली गली बढ़पुर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 8 वर्ष पूर्व पीड़िता के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया की मेरी 14 वर्षीय पुत्री जो कि जीजीआईसी फतेहगढ़ में कक्षा 10 की छात्रा थी। पड़ोस के मोहल्ला बढ़पुर निवासी मंगेश अक्सर अपने दोस्तों के साथ मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व छींटाकशी करता है। दिनांक 27 सितम्बर 2015 को टैक्सी से स्कूल जाते समय उसने पीड़िता को खींचकर उतारने का प्रयास किया। जिस पर राहगीरों ने पकड़कर उसकी शिकायत पुलिस से की। उसके बाद पुलिस ने सुलहनामा करवा दिया। उसके बाद मंगेश मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने लगा और मंगेश ने अपने भाइयों के साथ मेरे पति के साथ मारपीट की। जिसकी शिकायत पुलिस को दी।

फिर मंगेश ने पीड़िता को कोचिंग से वापस आते समय तेजाब डालने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने मंगेश को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।


# रुपए के लेनदेन को लेकर मारपीट में जवाबी एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव अखमेलपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र सुरेश चंद्र ने लिखाई गई एनसीआर में बताया कि गांव के छोटे पुत्र मुन्ना सामने से निकल रहे थे , तभी मेरा उन पर पहले का डेरी का लगभग 18000 रुपया बाकी था। मैंने कहा आज क्या पैसा दोंगे क्या, इसी बात पर छोटे पुत्र मुन्ना ने अपने भाइयों धर्मेंद्र, लालजी, लल्लन पुत्रगण मुन्ना को बुला लिया और मेरे साथ में गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने इस बात का विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ में लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे बहुत चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करवाकर एनसीआर दर्ज की है। वहीं दूसरी तरफ से धर्मेंद्र सिंह पुत्र अवनींद्र उर्फ मुन्ना ने बताया कि सुबह 7.00 लगभग मैं अपनी गाय चरा रहा था, तभी गांव के ही संदीप चौरसिया पुत्र सुरेश चंद्र चौरसिया, सुशील और मोना पुत्रगण संतोष चौरसिया तथा एक अज्ञात उपरोक्त लोग आए और मेरे भाई राघवेंद्र से बोले की डेयरी का हिसाब करो। जिस पर मेरे भाई ने कहा कि दो-तीन दिन रुक जाओ फिर मैं हिसाब कर दूंगा। इसी बात को लेकर उपरोक्त लोग गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उपरोक्त लोगों ने मेरे भाई के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आया मेरा छोटा भाई शैलेंद्र उर्फ लल्लन तथा मेरी माता ईश्वरी देवी सहित हम सबके चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों तरफ से जवाबी एनसीआर दर्ज की है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे उत्पीड़न के विरोध में व्यापारियों ने बन्द रखी दुकानों

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



कमालगंज में बंद बाजार का दृश्य

व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश मिश्रा उर्फ नन्हीं पंडित के आह्वान पर कमालगंज के समस्त दुकानदारों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार जिसमें बांग्लादेश में दिन-दहाड़े हिन्दुओं के मन्दिर तोड़े जा रहे हैं, बहन, बेटियों, महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ किया जा रहाष उनके घरों में आग लगाई जा रही। सरेआम हिन्दू व्यापारियों की हत्याएं की जा रही हैं। उसके विरोध में आज नगर कमालगंज में सभी हिन्दू मुसलमान व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर विरोध जताया और मोदी सरकार से तुरन्त बांग्लादेश सरकार को कड़ा पत्र लिखकर हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके जाने की मांग की है। व्यापारियों ने गंगा गली, मिठाई वाली गली, रेलवे रोड, तिराहे, चौराहे तक समस्त दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर व्यापार मंडल का सहयोग कर अपनी ताकत दिखाई। व्यापार मंडल महामंत्री अमित तिवारी, लल्ला गुप्ता, मोहसिन खान, निहाल अहमद, रवि गुप्ता, अमित कटियार, नूतन कटियार, दीपक सुनार, योगेंद्र दुबे, रोहित श्रीवास्तव, रिन्कू शर्मा, उमाकांत गुप्ता आदि ने विरोध में सहयोग किया।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार ने जोगेंद्र कुमार पुत्र जोगेंद्र पाण्डेय उर्फ महेंद्र पाण्डेय निवासी पैनगंगा नारदीगंज नवादा बिहार को दोषी करार देते न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते चार वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढञ निवासी योगेश कुमार पुत्र सुभाष चंद्र कटियार निवासी रम्पुरा फतेहगढ़ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा ग्राम बुढ़नामऊ में रेशम बिक्र फील्ड नाम से ईंट भट्ठा है। जहाँ पर बिहार के निवासी जोगेंद्र, मुकेश काम करते हैं। दिनांक 6 अप्रैल 2020 को समय 9 बजे दोनों में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसके कारण जोगेंद्र कुमार ने मुकेश के सिर पर डंडे मारे। जिससे मुकेश बेहोश हो गया और मौके पर गिर गया। मुकेश के परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा-304 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने जोगेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### गली से निकास को लेकर गाली-गलौज व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के दरवाजे के निकास से निकलने पर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर निवासी अनवर पुत्र समीर दिनांक 20.11.2024 को दोपहर 1.00 मेरे पड़ोसी अप्पू पुत्र वाहिद, खालिद पुत्रगण अख्तर उक्त लोग मुझे निकास से निकलने नहीं दे रहे थे। जब मेरे द्वारा विरोध किया गया, तो उक्त लोग गाली-गलौज पर उतारू हो गए। गाली-गलौज का विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में एनसीआर दर्ज कर ली है।

## खबरें एक नजर में

### अपने हिस्से की जमीन मांगने पर महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलाउद्दीनपुर निवासी शाहीन पत्नी इमामुद्दीन ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक ०2.11.२०24 को 11.30 बजे मैंने अपने हिस्से की जमीन हसरत पुत्र सलीम एवं शवीला पत्नी हलीम से मांगी। उन लोगों ने देने से मना किया और मेरे साथ हसरत, शवीला, इंतजार पुत्र हसनुद्दीन एवं सुबाह पुत्र हलीम ने गाली-गलौज एवं लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे मेरे शरीर में कई गंभीर चोटें आयीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### सीडीओ ने समाधान दिवस में सुनीं समस्यायें



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दूर दराज से आये फरियादियों की समस्याओ को सुननकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी विकास तिवारी, उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, एसीएमओ दलवीर सिंह, कायमगंज खण्ड विकास अधिकारी उपेन्द्र नाथ, त्रिलोकी, शमसावाद खण्ड विकास अधिकारी बलराम सिंह, नवावगज एडियो पंचयत अधिकारी किशनपाल, अधिशासी अभियंता कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमशाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवावगज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

### श्री रामदरबार मूर्ति स्थापना दिवस पर भंडारा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह पर अखंड पाठ एवं भंडारा श्री हनुमानजी के मंदिर सब्जी में फतेहगढ़ में 10 बजे होगा। जिसमें सभी भक्तों से पहुंचकर भंडारे में प्रसाद लेने की अपील की गयी।

### विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे उपायुक्त व डीसी मनरेगा



जांच करने जा रहे अधिकारीगण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास कार्यों की जांच को लेकर ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त से बली पट्टी निवासी श्याम बिहारी अवस्थी व अनिल अग्निहोत्री के द्वारा ग्राम प्रधान शशि प्रभा के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच को लेकर शिकायत की गई थी। जिसको लेकर उपायुक्त महेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रणजीत सिंह मौके पर पहुंचे। जिनके सामने मारपीट होने लगी। मारपीट होती देख मौके से अधिकारी खिसक गए। वहीं दूसरे दिन फिर जांच का सिलसिला शुरू हुआ। मौके पर अधिकारियों के साथ क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, थाना अध्यक्ष मिनैश पचौरी आदि मौके पर पहुंचे। उपायुक्त के द्वारा जांच पड़ताल की गई। वहीं दो चकमार्ग की आज जांच हुई। जिसमें साक्ष्य एकत्र किए गए तथा एक चक मार्ग की पैमाइश हुई। वहीं अधिकारी जांच कर वापस लौट गए। उपायुक्त के द्वारा दोनों पक्षों से प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही है। कहा की दस्तावेजों को देखकर आगे विधि कार्रवाई की जाएगी।

### अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने लकूला में दी दबिश



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गिहार बस्ती लकूला में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना थाना कादरीगेट पुलिस ने लूट करने वाले अपराधी गोरेलाल, प्रीतम, अभिजीत, सिकंदर की धरपकड़ के लिए दविश दी, लेकिन अपराधी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। पुलिस की दविश से लकूला गिहार बस्ती में हड़कंप मच गया। भारी पुलिस बल को देखकर पुरुष खिसक गये, लेकिन महिलायें ही रह गयीं। पुलिस काफी देर तक अभियुक्तों को तलाश करती रही, लेकिन कोई भी अभियुक्त पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा।



पीएम में मौजूद मृतक के परिजन

## घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन जयपुर में नौकरी कर रहे युवक का गांव के ही युवकों से कुछ विवाद हो गया था। जिस पर गांव के युवकों ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। आज इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार भाऊपुर चौरासी थाना राजेपुर निवासी बबलू पुत्र मचले सिंह 35 वर्षीय जयपुर में तेल में काम करता था। उसके साथ गांव के ही नन्हें व ध्रुव भी काम करते थे। बीती 2 दिसंबर को बबलू का किसी बात को लेकर ध्रुव व नन्हें से विवाद हो गया था। जिस पर ध्रुव व नन्हें ने उसको काफी मारापीटा था। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया था। परिजन उसके डाक्टर के पास लेकर जा रहा थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद से मृतक की पत्नी सरला व पुत्री सुएक्षा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाइयों में हुए विवाद के दौरान झीना झपटी में चली रायफल से गोली, छात्र की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाइयों के बीच लेनदेन को लेकर हो रहे झगड़े के दौरान एक भाई रायफल ले आया, तभी पुत्र दौड़कर आया और पिता से रायफल छीनने लगे। छीना झपटी के दौरान चली गोली पड़ोसी छात्र के जा लगी। जिससे छात्र की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया तथा उसके कब्जे से रायफल व एक पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम करमचंदपुर निवासी जयकरन सिंह व उनके भाई बबलू उर्फ धर्मेंद्र में रुपयों को लेकर झगड़ा हो रहा था। बताते हैं कि जयकरन ने टीन डलवाने के लिए धर्मेंद्र से रुपए मांगे। धर्मेंद्र ने रुपए देने से मना कर दिया, तभी जयकरन ने उससे आलू का हिसाब करने को कहा। हिसाब न करने पर गुस्साया जयकरन घर से लाइसेंसी रायफल ले आया और कहने लगा कि मैं गोली मारकर जान दे दूंगा, तभी बेटा अंकित पिता के हाथ से राइफल छीनने लगा। उसी दौरान अचानक गोली चल गई। जो करीब 25 मीटर दूर खड़े कक्षा 12 के छात्र चंदन के जा लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने जयकरन की लाइसेंसी राइफल के अलावा लाइसेंसी पिस्टल भी कब्जे में ले ली। चंदन की मां साधना ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल का जायजा लेने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने मीडिया को बताया की दो भाइयों में रायफल की खींचतान के दौरान हुए फायर की गोली लगने छात्र चंदन की मौत हो गई। दोनों पक्षों में कोई रंजिश नहीं है। पुलिस को तहरीर मिल गई है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रांजिशनल और पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का छठा दिन

▸ छात्र/छात्राओं को मानव और शारीर के बारे में दी गयी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



अतिथि को सम्मनित करतीं प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के ट्रांजिशनल और पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के छठे दिन सबसे पहले रचना शरीर विभाग की एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. अविधा ने छात्र/छात्राओं को मानव और शारीर के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। इसके बाद ''वदतू संस्कृत'' में डॉ. अरिमर्दन सिंह ने छात्र/छात्राओं को संस्कृत व्याकरण के सम्बन्ध में ज्ञानवर्धन किया। आज की अतिथि डॉ. मधु सिंह जो कि बुंदेलखड राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के रोगनिदान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर है, उन्होनें यूजी एवं पीजी बैच 2024 के छात्र/छात्राओं को 'लनिंग स्ट्रेटजी' विषय पर बताते हुए कहा कि किसी भी विषय का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने के बाद ही हम उस विषय को अच्छे से समक्ष पाते हैं। उन्होंने छात्रों को पाठन सम्बन्धी जानकारी भी दी और संयम एवं अनुशासन का पालन करने को कहा। अतिथि का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया। लंच के बाद डॉ. पुष्पेन्द्र ने बच्चों का ''टाइम मैनेजमेंट'' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को समय की कद्र करने से जीवन में सफलता प्राप्त होती है और व्यक्ति निरोगी जीवन प्राप्त करता है, ऐसा बताया। शाम को डॉ सुहेबा एवं डॉ. नीतूश्री ने बीएएमएस एवं पीजी छात्र/छात्राओं को हर्बल गार्डन विजिट कराई और छात्र/छात्राओं को पौधों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. निरंजन एस., डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. पुष्पेन्द्र, डॉ. मधु रंजन आदि उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट में तीन घायल, एक की हालत गंभीर, लोहिया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

हरदोई जिला के पाली थाना क्षेत्र के गांव उमरापुर निवासी आदित्य पुत्र राम लखन कुमार, प्रेमपाल पुत्र रामस्वरूप, सरोज पुत्र रामविलास यह तीनों लोग एक ही बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर अंतिम संस्कार श्रृंगीरामपुर से वापस आ रहे थे। रजीपुर चौराहे की मोड़ पर ट्रक से एक्सीडेंट हो गया। जिसमें तीनों लोगों के चोटें आई हैं। मौके पर खड़े ग्रामीणों की मदद से सभी को एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती करवाया गया तथा प्रेमपाल का एक पैर टूट गया। जिससे उनकी हालत ज्यादा गंभीर हो गई। उन्हें इलाज के दौरान डॉक्टरों ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं ट्रक तथा ट्रक ड्राइवर को पुलिस में हिरासत में ले लिया। वहीं घायलों ने बताया कि मेरे बहन के ससुर की मृत्यु हो गई थी। जिसके लिए हम लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए श्रृंगीरामपुर गए थे। वापस आते वक्त यह हादसा हो गया।



मार्ग दुर्घटना में घायल प्रेमपाल

# चिकित्सक को दिखाने गयी युवती के साथ अस्पताल कर्मियों ने की मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घटना के बाद अस्पताल के बाहर सड़क पर बैठी पीड़िता व उसके परिजन

चिकित्सक को दिखाने गयी युवती की पर्चा बनवाने को लेकर अस्पताल कर्मी से कहासुनी हो गयी। इस दौरान उसने अस्पताल के अन्य कर्मियों के साथ मिलकर युवती की पिटाई कर दी, यह आरोप पीड़िता ने लगाया। इस दौरान वह अचेत हो गयी। कम्पाउंडर का भी आरोप है कि युवती ने उसके साथ मारपीट की। मामला बढ़ने पर पुलिस पहुंच गयी। परिजनों व अस्पताल के तीन कर्मियों को थाने ले आयी। इस दौरान देखने को मिला कि कादरीगेट थानाध्यक्ष चिकित्सक केपक्ष में खड़े दिखायी दिये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के पुल मण्डी निवासी विनोद कुमार जो पेशे से शिक्षक है। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री लकी उर्फ अंकिता के हाथ में चोट लग गयी थी। 20 दिन पूर्व वह आवास विकास स्थित गीतराज अस्पताल में डा0 विकास अग्रवाल को दिखाने आयी थी। इस दौरान उन्होंने उपचार किया और हाथ पूरी तरह ठीक करने की जिम्मेदारी ली। उनके द्वारा बताये गये पैसे भी उन्हें दे दिये गये। प्लास्टर कटने के बाद हाथ में दर्द मालूम हुआ तो मेरी पुत्री ने फोन कर डाक्टर साहब को बताया तो वह बोले अस्पताल आ जाओ मैं देख लूंगा। शनिवार को जब वह अस्पताल पहुंची तो कम्पाउंडर ने घुसने नहीं दिया। इसी दौरान कोई बातचीत हो गयी, जिसका मेरी पुत्री ने विरोध किया तो कम्पाउंडर ने अन्य साथियों के साथ मिलकर मेरी बेटी के साथ मारपीट कर दी।

जानकारी होने पर मैं व मेरे अन्य परिजन आये तो चिकित्सक ने मेरे साथ भी मारपीट की और पुलिस को बुला लिया। पुलिस मेरे पुत्र अनुभव को पकड़ लाई। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट भी थाना कादरीगेट पहुंच गये और जानकारी की। पीड़ित का आरोप है कि कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद तिवारी ने मेरी तहरीर लेने से मना कर दिया और जो भाषा वह बोल रहे थे उससे साफ लग रहा था कि वह मारपीट करने वाले चिकित्सक के पक्ष में है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मुझ पर मामले को रफा-दफा करने का दबाव बनाया जा रहा है।

### टीबी मुक्त भारत के लिए चलाया जाएगा अभियान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम को बुलाकर मीटिंग की गई। स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार यादव ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। जिसमें प्रभारी ने बताया टीबी मुक्त भारत के लिए हम टीम बनाएंगे। वह टीम घर-घर जाकर दस्तक देगी तथा जो भी टीबी से संबंधित मरीज मिलता है उसकी जांच करवाई जाएगी। यदि टीबी की शिकायत होती है या टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं तो जांच करवाने के बाद में उसका उपचार किया जाएगा। जो कि हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उसकी दवाई निःशुल्क दी जाएगी। इस दौरान टीबी से बचाव के टिप्स भी दिए गए और जो भी मरीज टीब के हैं उनसे पोषक तत्व आहार लेने के लिए कहा गया। वहीं प्रभारी ने बताया यह प्रोग्राम 100 दिवस तक चलेगा। जिसमें 98 टीमें बनाई गई हैं। वह गांव-गांव व घर-घर जाकर लोगों को सचेत व जागरूक करने का कार्य करेंगी। इसी क्रम में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। जो की रविवार से शुरू होकर शुक्रवार तक लगभग एक सप्ताह तक चलने वाला प्रोग्राम है। इसमें भी घर-घर जाकर आशा और एएनएम तथा अन्य सदस्यों द्वारा पोलियो की दवाई 5 साल से नीचे बच्चों को पिलाई जाएगी। यह वार्षिक प्रोग्राम होता है। इसमें सौ टीमें लगेंगी। प्रभारी ने बताया कि जैसा कि अभी विदेश में पोलियो ग्रस्त लोग हैं, क्योंकि वहां पर वायरस होता है। वह वायरस भारत में ना अटेक कर पाए इसलिए यह वार्षिक प्रोग्राम चलाया जाता है। जिसके लिए गांव-गांव और स्कूलों से रैली निकाली जाएगी। वहीं कल रविवार को बूथ-डे मनाया जाएगा। जिसमें 137 बूथ हैं। सभी पर रैली निकालकर लोगों को पोलियो के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिसके तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

# फिर मांगी गयी बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आपत्तियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए बनने वाले परीक्षा केंद्रों पर एक बार फिर आपत्तियां मांगी हैं। जिसका जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति द्वारा निस्तारण हो जाने के बाद परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची जारी की जायेगी। दरअसल नवम्बर में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 60 परीक्षा केंद्रो की अनंतिम (संभावित) सूची जारी कर उस पर प्रधानाचार्यों से आपत्तियां मांगी थीं, जिसका जनपद स्तर से केंद्र निर्धारण समिति द्वारा निस्तारण कर सूचना बोर्ड कार्यालय प्रयागराज को डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह द्वारा गत माह भेज दी गयी थी। इसके बाद बोर्ड परीक्षा हेतु केंद्रों की फाइनल सूची जारी होनी थी, परन्तु आपत्तियों के निस्तारण होने के बाद भेजी गयी सूचना का अवलोकन करने के बाद यूपी बोर्ड ने 60 की जगह 76 परीक्षा केंद्रों की संभावित सूची जारी कर उस पर एक बार फिर आपत्तियां मांग ली हैं। जिससे बोर्ड परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची नवम्बर में होने वाला प्रकाशन लटक गया है। अब पुनः मांगी गयी आपत्तियों का निस्तारण होने के पश्चात परीक्षा केंद्रों की फाइनल सूची दिसंबर के अंत तक जारी होने की उम्मीद है। बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी 2025 से शुरु होगी। जिसमें हाईस्कूल में 24505 तथा इंटर में 23232 छात्र-छात्रायें शामिल होंगे। 76 परीक्षा केंद्रों की संभावित सूची में बोर्ड ने पांच राजकीय, 49 अनुदानित (सरकारी सहायता प्राप्त) तथा 21 वित्तविहीन परीक्षा केंद्रों को शामिल किया गया है। माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की प्रदेश कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य लालाराम दुबे तथा नरेंद्रपाल सिंह सोलंकी ने परिषद से मांग की है कि परीक्षा केंद्र अधिकतम 5 किलोमीटर के दायरे में बनाये जायें तथा छात्राओं के लिए स्वकेंद्र व्यवस्था लागू हो।

समृद्धि न्यूज
लखनऊ, रविवार, 08 दिसंबर 2024
मनोरंजन
विविध


# सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी : राजनाथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा है कि सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताया है।



श्री सिंह ने शनिवार को इस अवसर पर अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह दिन नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान तथा समर्पण को पहचानने और इनके प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, न केवल बाहरी खतरों से, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उनका बलिदान और हमारे सैनिकों का अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान दे।

यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और विकलांगों सहित भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रहा है। विभाग पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत जरूरतों जैसे गरीबी अनुदान, शिक्षा अनुदान, अंत्येष्टि अनुदान, चिकित्सा अनुदान और अनाथ, विकलांग बच्चों का अनुदान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

## हिमाचल में अगले दो दिन बारिश-बर्फबारी, आठ जिलों में येलो अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले सवा दो माह से बादलों के न बरसने से सूखे के हालात बन गए हैं। ऐसे में लोग बारिश से ही राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं और उनकी ये उम्मीद पूरी होने जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूरे प्रदेश में आठ व नौ दिसम्बर को बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। मैदानी इलाकों में वर्षा और मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान लगाया है। अगले 24 घण्टों के दौरान यानी आठ दिसम्बर को आठ जिलों में बादलों के गरजने व आसमानी बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। ये अलर्ट ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के लिए जारी हुआ है। नौ दिसम्बर को भी पूरे प्रदेश में बारिश-बर्फबारी होने से आसार हैं, लेकिन कोई अलर्ट नहीं रहेगा। 10 दिसम्बर को मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और बारिश होगी, जबकि मैदानी हिस्सों में मौसम साफ रहेगा।

# सहकारिता की सीमा सिर्फ भारत नहीं पूरा विश्व होना चाहिए : दत्तात्रेय होसबाले

▸ सरकार्यवाह ने सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम उद्घाटन सत्र को किया संबोधित

एजेंसी

**अमृतसर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत में आजादी के समय से ही सहकारिता आंदोलन की भूमिका अहम रही है। वर्तमान में हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए कि सहकारिता की सीमा भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व होना चाहिए। साथ ही उन्होंनेधरती के बिगड़ रहे संतुलन को बचाने के लिए एकजुटता से प्रयास करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

दत्तात्रेय होसबाले शनिवार को अमृतसर में सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



कहा कि आज हम आर्थिक विकास तो कर रहे हैं लेकिन सामाजिक विकास की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। सामाजिक विकास के लिए आज पूरे देश में परिवर्तन की लहर चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता, संयमता और न्याय की बात कही गई है। यह कहीं न कहीं पिछड़ रहा है।

धर्म के विषय पर होसबाले ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। धर्म जीवन को स्थिरता देता है। जीवन के लिए, विकास के लिए धर्म का पालन जरूरी है। धर्म की गलत समझ के कारण भौतिक जीवन की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने भारत में सहकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी से पहले ही सहकारिता आंदोलन की शुरुआत हो चुकी थी। सही मायने में सहकारिता का अर्थ बेहतर कुटुंब, जनमानस और राष्ट्र का निर्माण करना है। जिसमें एक-दूसरे के प्रति संवेदनाएं हों। आज एक-दूसरे के प्रति सामाजिक संवेदनाएं समाप्त होती जा रही हैं। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। गुरु नानक देव के संदेश नाम जपो, कीतर करो, वंड छको के सिद्धांत का वर्णन करते हुए होसबाले ने कहा कि प्रभु का सुमिरन करते हुए परिश्रम से कमाई करें और बांटकर खाएं। इस एकमात्र सिद्धांत के आधार पर जीवन को सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाने का संदेश देते हुए कहा कि संस्कारित कुटुंब ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है।


# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

▸ लगातार बढ़ रहा है सरकार का कृषि आवंटन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में किसानों की आय बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि इस दिशा में छह सूत्री रणनीति पर काम किया जा रहा है।

श्री चौहान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि किसानों को गुणवत्ता युक्त बीज, खाद और उर्वरक तथा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना



सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार मुख्य फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य फसल लागत का कम से कम 50 प्रतिशत जोड़कर दे रही है। सरकार उन सभी फसलों का एमएसपी उपलब्ध कराती है, जिनका बाजार भाव लागत से कम होता है। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों के हवाले से कहा कि सरकार का कृषि आवंटन लगातार बढ़ रहा है और सरकार किसानों की आय बढ़ाने की लगातार प्रयास कर रही है।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से इंकार कर दिया था जबकि मोदी सरकार किसानों की लगातार लाभकारी मूल्य देने का प्रयास कर रही है। मौजूदा सरकार फसलों का शत प्रतिशत लाभकारी मूल्य दे रही है। श्री चौहान ने कहा कि राज्यों के लिए कृषि में अलग-अलग आवंटन किया जाता है। किसानों को पूरे उर्वरकों की आपूर्ति की जाएगी। किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। किसानों का उर्वरकों पर सब्सिडी दी जा रही है, जिससे सस्ता खाद मिल सके। सरकार ने किसानों के लिए सब्सिडी जारी रहेगी।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश में जैव उर्वरकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। किसानों को जैव उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती पर बल दे रही है। इसके लिए तीन योजनाएं लागू की जा रही है।

## बेनामी संपत्ति मामले में पवार को क्लीन चिट, आईटी ने जब्त संपत्ति रिलीज की

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद अजित पवार और उनके परिवार को बेनामी संपत्ति के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है। दिल्ली ट्रिब्यूनल कोर्ट ने शुक्रवार को अपने फैसले में अजित पवार को बेनामी संपत्ति के मामले में क्लीन चिट दे दी। अदालत के आदेश पर आयकर विभाग की तरफ से जब्त की संपत्ति भी लौटा दी गई है। इस तरह से आयकर विभाग ने 2021 की छापेमारी के दौरान जब्त की गई 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति रिलीज कर दी है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने 7 अक्टूबर, 2021 में अजित पवार और उनके परिवार से जुड़ी कुछ कंपनियों पर छापा मारा था। उनके ऊपर बेनामी संपत्ति रखने का आरोप लगा था।

# शादी का झांसा देकर चीन में हो रही नेपाली युवतियों की तस्करी

▸ कई पीड़ित युवतियों ने बीजिंग स्थित नेपाली दूतावास से किया संपर्क

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में रह रहे चीनी युवकों द्वारा नेपाली लड़कियों को शादी का झांसा देकर उन्हें चीन ले जाने और वहां पर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक यातना देने की कई घटनाएं सामने आई हैं। चीन ले जायी गयीं ऐसी ही कई लड़कियों ने नेपाल लौटने के लिए बीजिंग स्थित नेपाली दूतावास से संपर्क किया है।

नेपाल के इमिग्रेशन विभाग के मुताबिक, इस साल अक्टूबर एवं नवंबर में ही चीन जाने के लिए तैयार 41 नेपाली लड़कियों को तस्करी के संदेह में एयरपोर्ट से लौटा दिया गया। पिछले एक वर्ष के भीतर चीनी नागरिक से शादी कर चीन जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे 184 युवतियों को वापस किया गया। हाल के वर्षों में चीनी लड़कों से शादी करने के बाद चीन जाने की इच्छा रखने वाली नेपाली लड़कियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इमिग्रेशन विभाग के तत्कालीन महानिदेशक कोष हरि निरौला ने बताया कि उनके कार्यकाल में ऐसे करीब ढाई सौ से अधिक नेपाली युवतियों को गलत नीयत से चीन ले जाने वाले चीनी युवकों के चंगुल से बचाया गया है। निरौला का कहना है कि इस तरह की शादी को रोकना मुश्किल है क्योंकि यह निजी पसंद का मामला है और लड़की के बालिग होने तथा उसके परिवार वालों की रजामंदी होने के कारण कानूनी रूप से इसको रोका नहीं जा सकता है। इतना ही नहीं इनमें से अधिकतर नेपाली लड़कियों को वेश्यावृत्ति में ढकेले जाने की दर्जनों शिकायत मिल रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### द. कोरिया में राष्ट्रपति येओल के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरे

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आज राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए। हजारों लोगों ने पश्चिमी सियोल के येओइदो में प्रदर्शन किया। येओल के खिलाफ आज नेशनल असेंबली में मतदान होना है। इससे पहले राष्ट्रपति ने इस सप्ताह की गई अपनी मार्शल लॉ की घोषणा के लिए देश से माफी मांगी।

समाचार पत्र द कोरिया टाइम्स के मुताबिक राजधानी में भारी उथल-पुथल है। येओइदो में नेशनल असेंबली के सामने हजारों लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति येओल को हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व देश की सबसे बड़ी यूनियनों में से एक कोरियाई ट्रेड यूनियन परिसंघ (केसीटीयू) ने किया। केसीटीयू ने कहा कि यून को फौरन गिरफ्तार किया जाए। उनके माफी मांगने से देशद्रोह जैसे कृत्य की अनदेखी नहीं जा सकती। संघ फेडरेशन ऑफ कोरियन ट्रेड यूनियंस ने भी राष्ट्रपति की निंदा करते हुए कहा कि माफी का उद्देश्य महाभियोग प्रस्ताव को पारित होने से रोकना है।कोरियाई बार एसोसिएशन ने यून के सार्वजनिक संबोधन के तुरंत बाद एक बयान जारी कर महाभियोग के लिए अपना समर्थन घोषित किया। हम मार्शल लॉ की असंवैधानिक घोषणा के माध्यम से संवैधानिक व्यवस्था को बाधित करने के लिए राष्ट्रपति के महाभियोग से सहमत हैं।

### नक्सलियों के हथियार बनाने की मशीन और अन्य सामग्री बरामद

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला के थाना सोनपुर-कोहकामेटा क्षेत्र में डीआरजी और बीएसएफ ने सर्चिंग अभियान के दौरान शनिवार को नक्सलियों के हथियार बनाने की मशीन बरामद किया। इसके अलावा जनरेटर, वेल्डिंग गैस सिलेंडर, फोल्डेबल चेयर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी और बड़ी संदूक जैसी सामग्री बरामद की गई हैं।

जवानों ने बरामद सामग्रियों को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया है। एसपी प्रभात कुमार झा ने आज दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नारायणपुर जिले के थाना सोनपुर-कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम, कोंगे, कान्दुलपाड़, पांगुड़ व आसपास के क्षेत्रों में नक्सलियों के उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी रवाना हुई थी। इस दौरान आज ग्राम पांगुड़ के जंगल में बड़ी मात्रा में नक्सलियों द्वारा डम्प किया गया सामान मिला। बरामद नक्सली सामग्रियों में सुरक्षा बलों को हथियार बनाने की मशीन, जनरेटर, रसोई गैस सिलेण्डर, वेल्डिंग गैस सिलेण्डर, फोल्डेबल चेयर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी, पिट्ठू बैंग, सोलर प्लेट, बड़ी संदूकें, तेल टिन, साबून एवं भारी मात्रा में नक्सल साहित्य सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोग की सामग्री मिलीं।

### बारामुला में दिखा दुर्लभ व लुप्तप्राय प्रजाति का मारखोर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के बोनियार के नूरखा गांव में शनिवार सुबह दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति के सर्पिल सींगों वाला मारखोर (जंगली बकरा) देखा गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने नूरखा में एक झरने के पास इस जानवर को देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस और वन्यजीव अधिकारियों की एक टीम ने मौके का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रजाति को पहली बार इस इलाके में देखा गया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि यह सीमा के दूसरी तरफ से आया होगा। अधिकारी ने कहा कि जानवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों को ऑपरेशन स्थल के करीब जाने से बचने की सलाह दी गई है। मारखोर एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भारत, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित मध्य और दक्षिण एशिया के पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाती है।

### एकीकृत कीट प्रबंधन प्रणाली लागू कर रही है सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के कृषि आयुक्त डॉ. पी.के. सिंह ने कृषि में स्थिरता के महत्व पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय कृषि प्रणाली में सतत् प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) प्रणाली लागू की जा रही है। डॉ सिंह ने यहां एग्रीकल्चर एंड रूरल कम्युनिकेशन समिट 2024 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक और उर्वरक के प्रयोग कम करने के लिए नयी बीज किस्मों का विकास कर रही है। इन प्रयासों में करने के लिए प्रभावी संचार महत्वपूर्ण है और किसानों को सतत् प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के माध्यम से यह प्राप्त किया जा सकता है।

# प्रतिभाओं को बढ़ावा देने को बेंगलुरु में बनेगा एचएएल-साई हाई-परफॉरमेंस सेंटर

एजेंसी

**बेंगलुरु।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक एचएएल-एसएआई उच्च प्रदर्शन केंद की स्थापना के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य भारत की खेल प्रतिभा को बढ़ाना है। इस अवसर पर एचएएल के सीएमडी डीके सुनील, स्वतंत्र निदेशक दिव्या गुप्ता, एचएएल के निदेशक (एचआर) एबी प्रधान, टॉप्स के संयुक्त सीईओ कर्नल राकेश यादव, साई के क्षेत्रीय निदेशक विष्णु सुधाकरन, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के अवर सचिव कामखान सिंह और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एचएएल भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ साझेदारी में खेलों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने और भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक मंच बनाने के लिए समर्थन दे रहा है। अपनी सीएसआर पहल के तहत, एचएएल ने अब साई, बेंगलुरु में ÷एचएएल-साई हाई परफॉरमेंस सेंटर÷ की स्थापना के लिए प्रतिबद्धता जताई है। यह केंद्र एथलीटों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएगा। इस केंद्र में एंथ्रोपोमेट्री, बायोमैकेनिक्स, एक्ससरसाइज बायोकेमिस्ट्री, पोषण, खेल और व्यायाम, फिजियोलॉजी, मनोविज्ञान, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, फिजियोथेरेपी आदि क्षेत्रों में सुविधाएं होंगी। एचएएल हमेशा से ही देश में खेलों के विकास में सबसे आगे रहा है। सीएसआर के हिस्से के रूप में, एचएएल ने पहले ही भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ कोरापुट (ओडिशा) में एचएएल-एसएआई खेल प्रशिक्षण केंद्र चलाने के लिए भागीदारी की है, ताकि आदिवासी युवाओं को तीरंदाजी, फुटबॉल और एथलेटिक्स में प्रशिक्षण दिया जा सके।

## एमएलएस के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुने गए मेसी

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी के साथ एक बेहतरीन सीज़न के बाद लियोनेल मेसी को शुक्रवार को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। मेसी को यह पुरस्कार उनके प्रदर्शन के बाद दिया गया, जिसकी बदौलत मियामी ने नियमित सत्र में 74 अंकों का रिकॉर्ड बनाया, जिससे क्लब को अपना पहला सपोर्टर्स शील्ड मिला। एमवीपी समारोह में मेसी ने कहा, मैं यह पुरस्कार किसी और स्थिति में प्राप्त करना पसंद करता, जब मैं शनिवार को फाइनल खेल पाता। इस साल एमएलएस चैंपियन बनने का हमारा बड़ा सपना था। ऐसा नहीं हुआ, लेकिन अगले साल हम फिर से कोशिश करने के लिए और मजबूत होकर वापस आएंगे।÷ 37 वर्षीय अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने लीग में सबसे ज़्यादा 36 गोल (20 गोल और 16 असिस्ट) करके नियमित सीज़न का समापन किया। यह पुरस्कार मेसी के लिए चोटों से भरे सीज़न में आया है, जिसमें उन्होंने इस साल सिर्फ़ 19 मैच खेले हैं।

# सीएम धामी ने मेधावियों को सौंपे छात्रवृत्ति के चेक

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** धामी सरकार ने शनिवार को होमगाड्र्स स्थापना दिवस पर नौ हजार फिट से अधिक ऊचांई पर ड्यूटीरत होमगाड्र्स जवानों को पुलिस कार्मिकों और एसडीआरएफ की तरह प्रति जवान को 200 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने सहित चार घोषणाएं की है।

शनिवार को ननूरखेड़ा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगाड्र्स स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर होमगाड्र्स जवानों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति की धनराशि के चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने होमगाड्र्स और नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका 2024 और विभागीय कलेण्डर 2025 का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को 200 प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन के साथ ही प्रशिक्षित होमगाड्र्स को तैनाती



होने पर 100 रुपये प्रति जवान को प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि अनुमन्य की जाएगी। होमगाड्र्स विभाग के राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रत्येक तीन वर्ष में दिये जाने वाले वर्दी भत्ता को प्रतिवर्ष किया जाएगा। 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक होमगाड्र्स को होमगाड्र्स कल्याण कोष से दी जाने वाली अनुग्रह राशि में 50 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण अगर कहीं स्पष्ट देखने को मिलता है तो वह जवानों के मध्य आकर देखने को मिलता है। होमगाड्र्स संगठन राज्य में सामाजिक सुरक्षा और व्यवस्था नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से काम करता है। हर स्थिति में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए तत्पर रहते हैं। होमगाड्र्स जवान कानून -व्यवस्था को बनाए रखने, यातायात नियंत्रित करने, चारधाम यात्रा, कुम्भ मेला एवं कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी आवश्यकता पड़ने पर हमेशा तैयार रहते हैं। हमारे ये जवान जहां कम वहां हम की भावना से कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे इन जवानों के हौंसले और समर्पण को सम्मान देते हुए राज्य सरकार ने उनके कल्याण और संगठन के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लिये हैं।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर वाद-प्रतिवाद का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, हेमू चौरसिया, रनवीर सिंह और विनय दुबे ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक संध्या में नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष स्मृति शर्मा के संयोजन में बच्चों द्वारा वाद प्रतिवाद प्रतियोगिता हुई। वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय अव्यवस्था के लिए सिर्फ सरकार जिम्मेदार या हम भी। वाद-विवाद प्रतियोगिता से युवाओं को ज्ञान अर्जित करने की पहल नेचुरल ट्रस्ट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागी ने भाग लिया जो कि पांच पक्ष में पांच विपक्ष में संपन्न हुई। नृत्य प्रस्तुति में नायिका यानी सीता अपने



नायक राम के घर आने का इंतजार कर रही है। हिमांशी पांडे, रीता शुक्ला, करीना भट्ट,रिया कनौजिया, दीपाली वर्मा, विनीता देवी, निहारिका जोशी,खुशी, गौरी गुप्ता एवं वैष्णवी सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अगले क्रम में घर मोरे परदेसिया...... सौम्या, वैष्णवी, हिमानी नृत्य कर दर्शकों का मन मोहित किया। कार्यक्रम के अगले सोपान की प्रस्तुति नृत्यांगन एंड आर्ट परफॉर्मिंग इंस्टिट्यूट के कलाकारों द्वारा नृत्य निर्देशन अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा आर्या सिंह, नविषा, तारा वर्मा, शस्तिका भटनागर द्वारा गणेश पंचरत्नम से आरंभ किया गया। पुष्पांजलि....राधिका मित्तल एवं त्वरती। शिव तांडव...समृद्धि, आराध्या, पंचयिता, अलका तिवारी, अनामिका बाजपेई एवं रितु सिंह के सयुक्त प्रस्तुति से शिव के रौद्र रूप का अलौकिक दर्शन कराया। दुर्गा स्तुति अच्युतम केशवम, राजस्थानी डांस, भरतनाट्यम, कथक, बंगाली डांस और हूला हूप द्वारा नृत्य की प्रस्तुति तारा, नवीशा, आर्य, समृद्धि, अनामिका, अलका, रितु, आराध्या, राधिका, त्वरित, दिव्यंका, अधिरा, विकिशा, जेसिका, रिदम, अंशी सिंह ने जोरदार तरीके से प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नकुल श्रीवास्तव ने गाना गाया।

# नहीं थम रहा हादसों का सिलसिला, छह माह में 153 मौत व 463 लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** आपदा प्रभावित राज्य उत्तराखंड में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पूरे राज्य में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है। 15 जून 2024 से लेकर अब तक हुए इन हादसों में 153 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि 463 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पहाड़ी इलाकों की खतरनाक सड़कों पर बढ़ते हादसों ने प्रदेश में एक बार फिर सुरक्षा उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अल्मोड़ा, देहरादून, हरिद्वार और पिथौरागढ़ जैसे जिलों में जानमाल का नुकसान बढ़ रहा है। जबकि सड़कें भी कई स्थानों पर बाधित हैं। यह आंकड़े एक गंभीर चेतावनी देते हैं कि सड़क सुरक्षा में सुधार की सख्त आवश्यकता है।


उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में सड़क दुर्घटनाओं ने गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से शनिवार को छह माह यानी 175 दिन की जारी रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक दुर्घटनाएं अल्मोड़ा जिले में हुई हैं, जहां 40 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बाद देहरादून में 19 लोग, हरिद्वार में 33 और पिथौरागढ़ में 10 लोग हादसों में मारे गए हैं। इन दुर्घटनाओं के अलावा 463 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं, जिनमें से कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। साथ ही तीन लोग अभी भी लापता हैं, जिनका कोई पता नहीं चल सका है। यह आंकड़े राज्य में सड़कों की सुरक्षा को लेकर गहरे सवाल खड़े करते हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में सड़क यातायात पर लगातार असर पड़ रहा है। कई प्रमुख सड़क मार्गों पर यातायात अवरुद्ध है। जबकि कुछ मार्गों की मरम्मत और निर्माण कार्य चल रहा है। अल्मोड़ा में सभी प्रमुख सड़कें यातायात के लिए खोली गई हैं। हालांकि, कुछ ग्रामीण मार्गों में थोड़ी बहुत समस्या आई है, जिन्हें जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। रूद्रप्रयाग में केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग और सोनप्रयाग-गौरीकुण्ड मार्ग यातायात के लिए सुचारू हैं। लेकिन 1 ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध है, जिसका उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा।

# लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित एजुकेट गर्ल्स ने मनाया 17वां स्थापना दिवस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वर्ष 2007 में स्थापित एजुकेट गर्ल्स संस्था, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के दूरदराज गांवों में लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए समर्पित है। अपने 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर, संस्था ने टीम बालिका स्वयंसेवकों, प्रगति प्रेरकों, कर्मचारियों, दानदाताओं और साझेदारों के साथ मिलकर ÷विद्या के साथ, प्रगति की ओर÷ थीम के तहत ऑनलाइन समारोह मनाया।

संस्था स्थानीय सरकार और समुदाय के समर्थन के साथ साझेदारी के माध्यम से यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करती है कि सभी लड़कियां स्कूल में जाएं और अच्छी तरह से सीखें। संस्था का विद्या कार्यक्रम 6-14 वर्ष की लड़कियों पर केंद्रित है, जो औपचारिक शिक्षा प्रणाली से बाहर हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा से वंचित लड़कियों को चिन्हित कर, उनका नामांकन और ठहराव करने के साथ उन्हें उपचारात्मक शिक्षा एवं अवसर प्रदान करना है। प्रगति




कार्यक्रम 15 से 29 आयु वर्ग की शिक्षा से वंचित किशोरियों लिए 'दूसरा मौका' कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सरकारी ओपन स्कूल प्रणाली द्वारा स्कूल न जाने वाली किशोरियों को लाभान्वित करना और उन्हें सशक्त बनाना है।

ऑनलाइन समारोह में संस्था की टीम बालिका स्वयंसेवकों और प्रगति प्रेरकों ने समारोह का संचालन किया। संस्था के साझेदार सुमन सिंह (संस्थापक, सखी), रमेश सरन (सचिव, उरमूल ट्रस्ट), मैत्री संस्था सहभागी रहे। संस्था के 17 वर्षों के सफर को एक विडियो के जरिए प्रस्तुत किया गया। संस्था के निदेशक ऑपरेशन्स विक्रम सिंह सोलंकी और प्रगति निदेशक गितिका हिग्गीन्स ने संस्था की आगे की रणनीति के बारे में जानकारी दी।

एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन ने कहा, पिछले 17 सालों का सफर हमारे लिए प्रेरणादायक रहा है। लड़कियों को शिक्षित करने का हमारा प्रयास देश के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा मिशन हर लड़की को शिक्षित और सक्षम बनाना है।

50 गांवों से शुरू किया गया यह प्रयास आज 30,000 से अधिक गांवों तक पहुंच गया है। इस सफलता के लिए मैं सरकार, समुदाय, दानदाताओं और सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देती हूं। एजुकेट गर्ल्स के सीईओ महर्षि वैष्णव ने कहा, इन 17 सालों में एजुकेट गर्ल्स ने जो हासिल किया है, वह हमारे फील्ड चैंपियन्स के समर्पण का परिणाम है। वे वंचित और दूरस्थ समुदायों तक पहुंचकर लड़कियों को स्कूल में वापस लाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। हमारी सफलता के पीछे इनकी मेहनत और नवाचार का बड़ा योगदान है।